e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 308
रविवार
12.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

शुभकामना
प्रभात मंत्र परिवार की ओर सभी पाठकों, शुभचिंतकों, हॉकरों व विज्ञापनदाताओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।
ताजा खबरों के लिए देखें

## सूचना

प्रभात मंत्र के सभी पाठकों, शुभचिंतकों, हॉकरो व विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली के शुभ अवसर पर प्रभात मंत्र कार्यालय में दिनांक 12 नवंबर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 14 नवंबर को प्रकाशित किया जायेगा।

व्यवस्थापक

## क्विक न्यूज

### राजधानी में दीपावली पर प्रशासन अलर्ट

**रांची :** राजधानी रांची में दीपावली को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने भी अपनी पूरी तैयारी कर ली है। शहर में अग्निशमन विभाग भी अलर्ट है। शहर के चार अलग-अलग जगहों पर अग्निशमन वाहनों की तैनाती की गई है। रांची में दीपावली को लेकर रांची पुलिस, जिला प्रशासन के साथ फायर ब्रिगेड विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहा और पटाखा दुकानों को ध्यान में रखते हुए दमकल की गाड़ियां अभी से ही तैनात कर दी गई हैं। छोटे और बड़े दमकल वाहनों के अलावा हाइड्रोलिक प्लेटफार्म भी तैयार रखा गया है। राजधानी के चार फायर स्टेशनों के अलावा कुल 12 स्थानों पर दमकल वाहन भेजे गए हैं। आपात स्थिति में आग बुझाने के लिए फोम और अन्य संसाधनों का भी इंतजाम फायर बिग्रेड की ओर से किया गया है। शहर में आग लगने की स्थिति में डायल 100 और डायल 112 पर सूचना दी जा सकती है। इसके अलावा डोरंडा फायर स्टेशन- 9304953404, पिस्का मोड़ फायर स्टेशन- 9304953405, आड्रे हाउस फायर स्टेशन- 9304953406 और धुर्वा फायर स्टेशन- 9304953407 के इन नंबरों पर संपर्क कर सहायता ली जा सकती है।

### भीषण सड़क हादसे में युवक की मौत, तीन गंभीर

**गिरिडीह :** बगोदर थाना क्षेत्र के बगोदर-सरिया मार्ग पर शुक्रवार देर रात गैस सिलेंडर भरे ट्रक और बलेनो कार में हुई भीषण टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, घायलों को बगोदर सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। बता दें की देर रात बगोदर से सरिया की ओर जा रही बलेनो कार की विपरीत दिशा से आ रहे गैस सिलेंडर लोड ट्रक से आमने सामने की टक्कर हो गई, दोनों ही वाहन काफी रफ्तार में थे, घटना में कार पर सवार चार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए, घटना के बाद सड़क से गुजर रहे सरिया के जीप सदस्य अनूप पांडेय, माले नेता सोनू पांडेय और छोटन मंड्ल ने पुलिस को सूचना देते हुए, घायलों को सीएचसी बगोदर पहुँचाया। बगोदर सीएचसी ले जाने के क्रम में ही एक युवक की रास्ते मे मौत हो गई। जिसका नाम सुजीत कुमार बताया जा रहा है। वहीं तीन गंभीर रूप से जख्मी युवकों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

### श्रीनगर में बांग्लादेश के 3 पर्यटकों की मौत

**कश्मीर :** जम्मू-कश्मीर के लोकप्रिय पर्यटन केंद्र डल झील में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई, जिसमें करोड़ों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई. हाउसबोट में आग लगने से बांग्लादेश के तीन पर्यटकों की मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि आज सुबह भीषण आग में झील पर कई हाउसबोट जलकर राख हो जाने के कुछ घंटों बाद शव मिले. बताया जा रहा है कि हाउसबोट में लगी आग में मारे गए तीनों पर्यटक बांग्लादेशी नागरिक हैं, जो सफीना हाउसबोट में ठहरे थे. यह हाउसबोट आग लगने से पूरी तरह नष्ट हो गई. पुलिस ने कहा कि डल झील के घाट नंबर 9 के पास एक हाउसबोट में आग लगी, जो तेजी से फैल गई और अन्य हाउसबोटों को अपनी चपेट में ले लिया.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

### अयोध्या में बना नया विश्व रिकॉर्ड, राम की पैड़ी पर एक साथ जले लाखो दीये

# 22 लाख दीयों से जगमग हुई अयोध्या

एजेंसी

**अयोध्या :** अयोध्या दीपोत्सव 2023 में नया दिए जलाने का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया.पहले 18 लाख 81 हजार दिए जलाए जाने का रिकॉर्ड था, जिसे तोड़ते हुए इस बार के दीपोत्सव कार्यक्रम में 22 लाख 23 हजार दिए जलाए जाने का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया.रिकॉर्ड बनने पर सीएम योगी आदित्यनाथ को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम द्वारा सर्टिफिकेट दिया गया. सैकड़ों वॉलंटियरों की टीमों ने घंटों की मेहनत से 24 लाख दिए प्रवजल्लित किए थे.सीएम योगी आदित्यनाथ,राज्यपाल आनंदी बेन पटेल,यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य और बृजेश पाठक सहित कई नेता और 50 से ज्यादा देशों के राजदूत अयोध्या दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए.राम की पैड़ी सहित सरयू के अन्य घाटों पर 24 लाख दिए जलाए गए थे. सीएम योगी आदित्यनाथ ने सरयू नदी की आरती की.


कार्यक्रम के अंत में शानदार आतिशबाजी की गई.अन्य राज्यों और शहरों के लोग इस भव्य दीपोत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचे थे.

लोगों का कहना है कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर हमें बहुत खुशी हो रही है.

* दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान लेजर शो के जरिए किया गया रामलीला का आयोजन

**दीपोत्सव को बताया सांस्कृतिक आंदोलन**

अयोध्या के राम कथा पार्क में चल रहे कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दीपोत्सव को सांस्कृतिक आंदोलन बताया है. 50 से ज्यादा देशों के उच्चायुक्त, राजदूत सहित यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक कार्यक्रम में शामिल होने लिए पहुंचे हैं.



**सीएम योगी ने की अयोध्या के लोगों से अपील**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना,हर गरीब को सरकार की तरफ से सुविधाएं मिल रही हैं। कोरोना काल में हमने दीपोत्सव मनाया गया। फ्री में वैक्सीन, दवा दी गई। पीएम मोदी के अहम योगदान की वजह से कोरोना बीमारी गायब हो गई। अगले पांच सालों तक फ्री में राशन यूपी की जनता को मिलेगा। भगवान राम को आदर्श मानकर डबल इंजन की सरकार काम कर रही है।सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या के लोगों की भी जिम्मेदारी बनती है। राम लला अपने मंदिर में विराजमान होने के लिए आ रहे हैं। कई सालों का एक लंबा इंतजार है।हमारी पीढ़ी बहुत सौभाग्यशाली है। इसके लिए हमारे लोगों ने बहुत संघर्ष किया।जब यहां भगवान आ रहे हो तो आपको ऐसे ही उनका स्वागत करना है।

**दुनिया का यूनिक इवेंट बना दीपोत्सव कार्यक्रम**

सीएम योगी ने कहा कि हम सब भाग्यशाली हैं कि हम इस कार्यक्रम के साक्षी बने हैं.यह कार्यक्रम 100 देशों में लाइव देखा गया.आज से 7 साल पहले जब हमने अयोध्या दीपोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया था,तब असमंजस की स्थिति थी.पूज्य संतों के सहयोग से,जनप्रतिनिथियों के सहयोग से यह कार्यक्रम देश और दुनिया का यूनिक इवेंट बन रहा है.

# प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सजग है खूंटी जिला प्रशासन

**कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, भोजन, वाहन, विद्युत, बैठने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को उचित रूप से कार्य करने का निर्देश दिए गए।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची-खूंटी:** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खूंटी आगमन प्रस्तावित है। जिला प्रशासन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खूंटी आगमन को लेकर पूरी तरह से सजग है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुकम्मल व्यवस्था किया जा रहा है। पीएम की सुरक्षा में रांची एयरपोर्ट से लेकर खूंटी तक 2000 से ज्यादा अधिकारी और जवान तैनात रहेंगे. खूंटी के दोनों सभा स्थल की सुरक्षा को लेकर एसपीजी से लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय ने मिलकर तैयारी की है. एसपीजी की टीम ने रांची एयरपोर्ट और खूंटी के दोनों कार्यक्रम स्थलों का जायजा भी लिया. इधर डीसी लोकेश मिश्र ने जिले के अधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि आपसी समन्वय बना कर कार्य करें, ताकि विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के अलावा ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनी रहे। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्वों का निर्वहन करने से सबंधित निर्देश दिए। सभी प्रतिनियुक्त किए जाने वाले अधिकारियों व कर्मियों को अपने आईडी कार्ड के साथ अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर कार्य करने का उन्होंने निर्देश दिया। ताकि किसी भी प्रकार की व्यवस्था व असुविधा न हो।

इस दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन को पूर्ण व्यवस्थित रूप से कार्य करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर विभिन्न विभागों को संबंधित दायित्व निर्धारित किए गए। बिरसा कॉलेज स्टेडियम में प्रस्तावित जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन को लेकर सुरक्षात्मक पहलुओं से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम सुव्यवस्थित, सुरक्षित और शांतिपूर्ण रूप में किया जा सके, इसे लेकर प्रत्येक स्तर पर व्यवस्था संपन्न करें।

बिरसा कॉलेज स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा से संबंधित निर्देश डीसी ने दिया। साथ ही प्रधानमंत्री के आगमन पर हेलिपैड की व्यवस्था एवं कार्केड पदाधिकारी व दंडाधिकारियों की जिम्मेदारियों के संबंध में बताया गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों के प्रवेश द्वार और निकासी द्वार पर विशेष व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, भोजन, वाहन, विद्युत, बैठने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को उचित रूप से कार्य करने का निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम स्थल पर लगाए जाने वाले स्टॉल एवं इसके उचित प्रबंधन को लेकर निर्देश दिए गए। पीएम के आगमन को लेकर डीसी लोकेश मिश्र अपने मातहत अधिकारियों को लगातार दिशा निर्देश दे रहे हैं।

# मध्यप्रदेश चुनाव : भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र




एजेंसी

**भोपाल :** मध्यप्रदेश में विधान सभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में इसका विमोचन किया।

उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि राजनैतिक दलों ने पहले जनता को लुभाने का काम किया और फिर लोगों को भुलाने का काम किया गया। केवल भाजपा ने संकल्प पत्र को रोडमैप की तरह लिया और उसी के अनुसार विकास कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रह्लाद सिंह पटेल समेत अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र का विमोचन करते हुए कहा,समय के साथ-साथ घोषणा पत्र की महत्ता धीरे-धीरे घटती गई है लेकिन भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जिसने इस डॉक्यूमेंट को अपने रोडमैप का जरिया बनाया है। इसे जमीन पर उतारने का काम भी किया। ये हमारा ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चाहे वो मध्य प्रदेश का विकास हो या अन्य किसी प्रदेश के विकास की बात हो, उसके मूल में हमेशा गरीब कल्याण की बात होती है।

### भाजपा के पास सुपर स्टार कैंपेनर ईडी और सीबीआई जयराम रमेश

**जयपुर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं सांसद जयराम रमेश ने कहा कि हमारे पास भाजपा की तरह सुपरस्टार कैंपेनर नहीं है। बीजेपी के पास ईडी, सीबीआई जैसे सुपरस्टार कैंपेनर हैं, हमारे नेता प्रचार कर रहे हैं। भाजपा के पास दो हथियार हैं एक हथियार ईडी और दूसरा सीबीआई, जिसका दुरुपयोग हो रहा है। दो दिन तक ईडी और सीबीआई का ब्रेक चलेगा। दो दिन ब्रेक के बाद फिर से एजेंसी सक्रिय हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का दूसरा हथियार ध्रुवीकरण है। इसके अलावा उनके पास कुछ नहीं है।सांसद जयराम रमेश शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान पहला राज्य है, जहां शहरी रोजगार गारंटी के लिए विशेष कानून बना है। यहां गैस का सिलेंडर 500 रुपये में मिलता है। इसी से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं।

# पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो की मौत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के परसाबाद स्टेशन के पास शनिवार को धनबाद गया रेलखंड पर ओवरहेड तार गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब 12801 अप पुरुषोत्तम एक्सप्रेस पुरी से नई दिल्ली जा रही थी। तभी कोडरमा के परसाबाद स्टेशन के पास रेलवे की ओवरहेड तार पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के ऊपर गिर गई।

घटना के दौरान रेलवे के पोल का एक हिस्सा पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सफर कर रहे एक यात्री को लगा, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं परसाबाद स्टेशन पर काम कर रहे तीन-चार मजदूरों को भी झटके लगे। इसमें एक मजदूर की गंभीर स्थिति देखते हुए उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रेल इंजन को ओवरहेड तार से जोड़ने वाले उपकरण में कुछ खराबी के कारण तार उसमें फंस गया,जो पुरूषोत्तम एक्सप्रेस के ऊपर गिर गया। इस घटना में गया निवासी यात्री संजय मांझी और मजदूर छवि शेख की मौत हो गई। घटना के कारण पुरुषोत्तम एक्सप्रेस परसाबाद स्टेशन पर ही खड़ी रही जबकि सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस मेन लाइन खाली नहीं होने की वजह से कोडरमा में चार घंटे खड़ी रही। घटना के बाद डीआरएम समेत वरीय अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। धनबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार ने बताया कि घटना के समय आरवीएनएल के 8 संविदा मजदूर मौके पर काम कर रहे थे। ये सभी एचटी तार के संपर्क में आ गये।



# विधायक ने योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन

## क्षेत्र के एक-एक गांव का हो रहा है विकास : कमलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हैदरनगर स्थित शुक्रबाजार टू आंगनबाड़ी केंद्र के नवनिर्मित भवन का ऑनलाइन उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में किया। इसके अलावा उन्होंने हुसैनाबाद के ग्राम बुधुआ राजस्व कचहरी, बैजली व खराड़ पर स्वास्थ्य उप केंद्र भवन का ऑनलाइन शिलान्यास किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के एक एक गांव का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव की नली गली का निर्माण विधायक कोटा की राशि से जनता की सहमति लेकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक



एक ग्रामीण सड़को का जीर्णोद्धार के अलावा नई सड़को का निर्माण भी किया जा रहा है। कई सड़कों व पुल के निर्माण की स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया चल रही है। पूर्व में 28 कब्रिस्तान की घेराबंदी का काम प्रगति पर है। 20 कब्रिस्तानों की घेराबंदी व सुंदरीकरण के लिए स्वीकृति दिलाई गई है। गांव गांव में छठ घाट का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों की मांग पर जल्द ही हैदरनगर छठ घाट पर दीप बोरिंग कराकर पानी की समस्या दूर करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विवाह मंडप का निर्माण बड़ी संख्या में कराया गया है। इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यो का शिलान्यास और उद्घाटन करने के लिए चार तीन बनाई गई है। चारों टीम अलग अलग गांव में स्वीकृत यज्ञों का शिलान्यास कर रही है। उन्होंने योजनाओं पर बेहतर कार्य कराने की जिम्मेदारी ग्रामीणों को दी है। उन्होंने कहा कि कहीं गलत होता है तो उस गांव के लोग विधायक या उन्हें सूचना दे सकते हैं। कार्यक्रम में जिला पार्षद संगीता देवी, एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, राजकुमार ठाकुर, हंसराज सिंह, संजय सिंह, अकबर खान, रविरंजन सिंह, अनिल सिंह, लल्लू सिंह, कृष्ण सिंह, ललित सिंह, ग्रीजा सिंह, मिथलेश पाठक, अनिल सिंह, अजय सिंह, जाफर इमाम, संतन चौधरी, मुना जी, रघुराई यादव, रतन लाल, अखिलेश सिंह, के अलावा कई लोग शामिल थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दीप सजा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** दीपावली के अवसर पर शहर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद की देख रेख में भैया बहनों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया तथा अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मालूम हो कि विद्या भारती योजना के अनुरोध प्रत्येक वर्ष ऐसे आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में किया जाता है। प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों के अंदर उनकी प्रतिभा का निखार होता है। साथ ही बच्चों का संपूर्ण विकास ही विद्या भारती का लक्ष्य है। उसी के अनुरूप दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन में 80 भैया बहनों ने भाग लिया। दीप सजा प्रतियोगिता में प्रथम नरगिस परवीन, मुस्कान कुमारी, द्वितीय स्थान तनु प्रिया, चांदनी कुमारी, तृतीय स्थान पलक कुमारी, रागिनी कुमारी, स्नेहा कुमारी, सुनिधि कुमारी प्राप्त किया गया। वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने दीपावली एवं छठ की शुभकामनाओं के साथ भैया बहनों को इको फ्रेंडली दीपावाली मनाने का आह्वान किया।

## समता विद्यालय में रंगोली कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल जपला के परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिनमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह को आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपना बहुमूल्य समय देकर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया इसके बाद विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान एवं अतिथि के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में 30 ग्रुप में 190 बच्चे भाग लिए।इसके बाद प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के छात्राओं के बीच प्रधानाचार्य के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। मैके पर उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद चौधरी, विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, बेबी सेख, सुधांशु कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अनुज कुमार सिंह,विनोद कुमार सिंह, राहुल कुमार चौहान, दीपक प्रजापति, विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, सलोनी कुमारी, शिल्पा कुमारी, रेशमा सैयद, रिमझिम देवी, उम्म सैयद, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे, परिचारिका जनक दुलारी देवी, आदि उपस्थित थे।

## प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की 14 नवम्बर को रांची में होगी बैठक



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड के आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के बैनर तले सहायक अध्यापको का एक आवश्यक बैठक दिनांक 14/11/23 दिन मंगलवार को रांची के मोरहाबादी मैदान मे आयोजित की गई है 7 इस बात की जानकारी आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी धीरज कुमार मिश्रा ने देते हुए बताया कि रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित बैठक का मुख्य उदेश्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक को वेतनमान की प्राप्ति, आकलन सफल अध्यापको का 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी, शहरी क्षेत्र में मेडिकल छुट्टी, एवं 4त्नइंक्रिमेंट, हृष्ट मुद्दा, छतरपुर नोडीहा के सहायक अध्यापको की सेवा समाप्ति, आकलन परीक्षा मे 2 से 3 नंबर से असफल अध्यापको का मुद्दा सहित अन्य मुद्दों पर सरकार के सहायक अध्यापको के प्रति उदासीन एवं अड़ियल रवैए के कारण सरकार से मांग पूरा करवाने को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति एवं आंदोलन की रूप रेखा पर चर्चा करना है। श्री मिश्रा ने झारखंड के राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित 14 नवंबर को बैठक में राज्य के तमाम आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक एवं अध्यापिकाओ, छतरपुर नोडीहा प्रखंड के सेवा समाप्त होने वाले सहायक अध्यापक को बैठक मे शामिल होने की अपील किया है।

# चतरा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की जीत तय : बली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** राजद के वरिष्ठ नेता बली प्रसाद यादव ने सर्वप्रथम चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोगों को दीपावली छठ गोवर्धन पूजा का हार्दिक बधाई दिया। उन्होंने बातचीत के दौरान बताया कि चतरा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन का जीत तय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कई दिग्गज नेता आरजेडी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेता रघुपाल सिंह को राजद पार्टी में शामिल होने को लेकर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि रघुपाल सिंह के राजद में शामिल होने से राजद पार्टी और मजबूत हो गई है। उन्होंने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन हमें चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने कि मौका प्रदान करती है तो मैं चुनाव लड़ूंगा आपको



बताते चलें कि राजद के वरिष्ठ नेता बली प्रसाद यादव शुरू से ही समाजसेवी हैं ।उनके द्वारा गरीब असहाय वृद्धा विधवा लाचार व्यक्तियों को हमेशा सहायता कि जाती है। राजद के वरिष्ठ नेता बली प्रसाद यादव ने बताया कि हमें लालु यादव का आशीर्वाद प्राप्त है। और हम राजद पार्टी में बीते कई वर्षो से कार्य करते आ रहे हैं और अगर हमें इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ने का मौका मिला तो जरूर लाऊंगा उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र के जनता भोले भाले हैं यहां पर आज तक चतरा लोकसभा क्षेत्र का बेटा संसद नहीं बना है जो दुर्भाग्य की बात है चतरा लोकसभा को चारागाह बना दिया गया है। बाहरी लोग आते हैं और चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोगों को बेवकूफ बनाकर वोट ले लेते हैं उन्होंने कहा कि अबकी बार इस तरह की चाल चतरा लोकसभा क्षेत्र में नहीं चलेगी उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। और यहां के लोग काफी गरीब भी हैं जिसके कारण यहां से लोग मजदूरी करने के लिए बाहर जाते हैं उन्होंने कहा की चतरा लोकसभा क्षेत्र में एक भी बड़ा उद्योग स्थापित नहीं है। जिससे यहां के लोगों को काम मिल सके।

## बाल विवाह व महिलाओं और बच्चों के हिंसा के खिलाफ जेएसएलपीएस ने निकाली जागरूकता रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जेएसएल पीएस के तत्वावधान में शनिवार को प्रखंड के हलीवन्ता कला, सरहस्ताल, नरही, चितविश्राम सहित अन्य पंचायतो में बाल विवाह व महिलाओं और बच्चों के हिंसा के खिलाफ, उसे समाप्त कराने को लेकर महिला स्वंय सहायता समूह के महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाला गया। जागरूकता रैली सरहस्ताल स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा निकाला गया। वहीं हलीवन्ता हाई स्कूल से लेकर हलीवन्ता खुर्द ग्राम होते हुए पुनः रैली हलीवन्ता हाई स्कूल पहुचकर सम्पन्न हो गया। रैली में शामिल स्वंय सहायता समूह की महिलाएं आओ मिलकर बढ़ाएँ कदम,बाल विवाह को मिटाएँ हम, हर कोई अगर चाहेगा, बाल विवाह बंद हो जायेगा, पढने खेलनें का उम्र है, बाल विवाह जुर्म है, चलो अब



शुरूआत करो, बाल विवाह का नाश करो, जन जन में करो प्रचार, बाल विवाह है बेकार, हम सब ने ठाना है, बाल विवाह मिटाना है, हर घर अगर चाहेगा, बाल विवाह बंद हो जायेगा सहित अन्य नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम के अंत मे बाल हिंसा और बाल विवाह को समाप्त कराने को लेकर शपथ भी दिलाया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, अनिता सिन्हा, एसआरपी दीप शिखा, अस्तरून निशा, सुलेखा देवी, सीसी योगेंद्र सिंह, रंजीत कुमार साह, नीलम देवी, सरस्वती देवी, नीरू देवी, ममता देवी, जल सहिया व महिला स्वंय सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

## अक्टूबर माह तक विभिन्न स्तरों से 364 करोड़ 12 लाख 25 हजार रुपये का राजस्व संग्रहण : डीएमओ



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला खनन कार्यालय चतरा ने अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है। अक्टूबर तक विभिन्न स्तरों से 364 करोड़ 12 लाख 25 हजार रुपये राजस्व की वसूली की गयी। उक्त जानकारी डीएमओ गोपाल कुमार दास ने एक मुलाकात के दौरान दी। डीएमओ श्री दास ने बताया कि कोयले की अवैध धुलाई एंव खनन को लेकर 31 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। 132 वाहनों को जब्त किया गया है। 1063 मीट्रिक टन कोयला जब्त किया गया है। बालू के अवैध खनन व परिवहन को लेकर 26 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। 38 वाहन जब्त किये गये हैं। 3205 सीएफटी बालू जब्त किया गया है। अवैध पत्थर को लेकर पांच प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पांच वाहनों को जब्त कर लिया गया है। 8750 सीएफटी पत्थर जब्त किये गये हैं।डीएमओ गोपाल कुमार दास ने कहा कि राजस्व वसूली बढ़ाने के साथ अवैध खनन व परिवहन पर नकेल कसने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

## लक्ष्मी शिशु वाटिका विद्यालय में दीप उत्सव रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** शनिवार को लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल जपला के प्रांगण में दीप उत्सव रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का भरपूर योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक एस के कश्यप ने सभी से निवेदन किया, की आप सभी इस दीपावली पर्व पर अपने अंदर छिपे अंधकार रूपी क्रोध अंधकार एवं घृणा को दूर करें एवं प्रेम एवं भक्ति रूपी प्रकाश को अपने अंदर प्रकाशमान करें।


## आजाद युवा क्लब के द्वारा श्री कृष्ण लीला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड के आजाद यूवा क्लब चंदनी के द्वारा खरौंधी छठ घाट पर प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी छठ महापर्व के शुभ अवसर पर श्रीकृष्ण लीला का आयोजन किया गया। कृष्ण लीला का शुभारंभ चंदनी पंचायत के मुखिया रामगहन मेहता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुखिया रामगहन मेहता ने कहा कि आजाद युवा क्लब के सहयोग से कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष संपन्न किया जाता है। इसके लिए मैं आजाद युवा क्लब के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा की सभी लोग मिलकर इस कार्यक्रम को शांती पूर्ण पूरा करें। किसी व्यक्ति के द्वारा व्यवधान उत्पन्न नही किया जाना चाहिए। आजाद युवा क्लब के माध्यम से छठ महापर्व पर सभी छठ व्रतों के लिए रुकने, स्नान करने इत्यादि की पूरी व्यवस्था किया जाता है। हम सभी का यह कर्त्तव्य बनता है कि आजाद युवा क्लब को यथाशक्ति इस कार्यक्रम में सहयोग दें। जिससे कि यह क्लब हम सभी को इससे बेहतरीन सुविधा दे सके। मौके पर उपस्थित अमरेश कुमार पासवान, संजय कुमार मेहता, सुमंत मेहता, सुनील मेहता, संटु दूबे, सकेन्द प्रजापति, भरदुल प्रजापति, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## तलाब में डूबने से एक युवक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड़ :** थाना क्षेत्र के मझौली रामसागर तालाब में डूबा गांव के दिलीप राणा के 17 वर्षीय शिवकुमार राणा तलाब में नहाने के दौरान दुब जाने से मौत हो गयी। जहां चैया के गोताखोरों ने चार घंटे बाद शव को निकाला। घटना स्थल पर पहुंचे बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी संजय सिंह, गुड्डू रजक, दयानंद राणा व अन्य।

## कई महिनों से खराब चापाकल का मरम्मत प्रमुख बिपिन पंकज मिंज के सहयोग से किया गया



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टोली में अवस्थित चापाकल कइ महीने से खराब थी, जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को दिया गया, जिस पर उन्होंने पेय जल आपूर्ति विभाग के अभियंता (इंजिनियर) को फोन कर इसकी सूचना दी, इस पर विभाग के द्वारा बताया गया, इस समय कोई भी मिस्त्री नहीं है, इस लिए अभि कुछ नहीं कर सकते हैं, तत्पश्चात प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने अपने स्तर से मिस्त्री बुलवाकर निजी खर्चे पर चापाकल की मरम्मत कराई, तत्पश्चात ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को बहुत बहुत धन्यवाद दिया, इस पर प्रमुख ने कहा ये हमारा कर्तव्य है, आपका परेशानी हमारी भी परेशानी है,जिसे हम अपना समझ कर,हल करने का हमेशा कोशिश करेंगे, आपने हमें अपना जनप्रतिनिधि बनाया है, आपका विश्वास को यूं ही जाया होने नहीं देंगे,आपकी सेवा में सदैव लगे रहेंगे।

# पूर्व सैनिक कार्यालय में कार्यपालक अधिकारी एवं नगर प्रबंधक का हुआ भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** नगर पंचायत के नव पदस्थापित कार्यपालक अधिकारी बिपुल शाहानी एवं नगर प्रबंधक श्री नीजबुला अंसारी ने आज हुसैनाबाद स्थित पूर्व सैनिक कार्यालय का भ्रमण किया। पूर्व सैनिकों द्वारा दोनों अतिथियों को फुल माला अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्होंने पुर्व सैनिकों के साथ वीर जांबाज सैनिकों को नमन किया एवं प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह के लड़का महेंद्र सिंह जो एके सिंह कालेज में कार्यरत थे उनका कल अकास्मिक देहांत हो गया था उनकी आत्मा कि शान्ति की कामना किया। कार्यक्रम का संचालन हवलदार सुधीर सिंह तथा अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेन्ट प्रेमतोष प्रसाद किया। जिला उपाध्यक्ष ने इस कार्यालय द्वारा कि जा रहा रही सैन्य कार्यक्रम, क्षेत्र के सभी विभागों के



पेंशन धारियों वीर नारीयों के समस्याओं का निदान, नवजवान बच्चों को सैन्य संबंधित शिक्षित करने जैसे कार्यो की जानकारी दी। संगठन के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों को दिपावली की शुभकामना एवं बधाई देते हुए कहा कि पूर्व सैनिक इस क्षेत्र के सभी दुःखी असहाय, वीर नारीयों के पेंशन, वृद्धा पेंशनधारकों के समस्याओं के आलावा नौजवान बच्चों को जागरूक करना सैनिकों जैसा देश प्रेम , समाज के जन कल्याण में सहभागिता निभाने जैसे गुणों से अवगत कराने का कार्य इस कार्यालय से कि जा रही है। नगर प्रबंधक नीजबुला अंसारी ने सैनिकों की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि हम सब मिलकर ही समाज या किसी जन कल्याण को मुहिम तक पहुंचा सकते हैं जिसमें सैनिकों की सहभागिता अति सराहनिय है। नगर कार्यपालक अधिकारी श्री बिपुल शाहानी ने कार्यालय द्वारा कि गई कार्यो को देखकर काफ़ी प्रभावित हुए । उन्होंने ने कहा कि सेवानिवृत्त के बाद इस उम्र मे भी सैनिक अपने क्षेत्र में जनसेवा कर रहे जो सराहनीय है। उन्होंने ने सभी को अस्वस्थ करतें हुए कहा कि इस कार्यालय को संचालित रखने में जो भी बन सकेगा मैं करूंगा साथ ही उन्होंने ने कहा कि जो सैनिक कर सकते हैं वह आम आदमी नहीं कर सकता न ही सैनिकों जैसे सोच रख सकते हैं। इसलिए सैनिकों की कार्यालय क्षेत्र में होना हमसभी के लिए गौरव की बात है। मौके पर पूर्व सैनिक सुबेदार सत्येंद्र ठाकुर, सुमेर सिंह, असर्फी पाल, प्रसाद सिंह, उदित सिंह, गोरी शंकर ठाकुर, यदून्दन ठाकुर, सतेन्द्र शर्मा, दिलीप मेहता, कृष्णा सिंह, लल्लू पासवान, बीएसएफ जवान अर्जुन सिंह के अलावा और कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

# मुखिया के नेतृत्व में कंबल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** झारखंड सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने को लेकर गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर करने वाले असहाय, विकलांग, अपंग, भिक्षुक, असहाय विधवाओं एवं वृद्ध व्यक्तियों को कंबल आपूर्ति की गई है। जहां कंबल वितरण को लेकर पंचायत छेंचा के मुखिया आशा देवी के नेतृत्व में सभी वार्ड सदस्यों के बीच समन्वय स्थापित कर जरूरतमंदों के बीच लगभग 150 कंबल का वितरण किया गया। वहीं कम मात्रा में कंबल आपूर्ति होने से कई अन्य लोग बेरंग वापस लौटे हालांकि मुखिया के द्वारा उन्हें भी कंबल आपूर्ति कराने का अश्वासन दिया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मंजु देवी उप मुखिया राणा प्रताप सिंह, अतुल कुमार सिंह, राजेन्द्र, जयपाल प्रसाद, मुस्लिम खां आनन्द सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कुनकुरी में कांग्रेस के पक्ष में किया धुंआंधार चुनाव प्रचार



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा शनिवार का छतिसगढ़ के कुनकुरी के विभिन्न क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से धुंआधार चुनाव प्रचार किया। साथ ही कांग्रेस उम्मीदवार को भरी मतो से वोट देकर विजयी बनाने की जनता से अपील की। मौके पर उन्होंने पदयात्रा की। बाईक रैली भी निकाली। साथ ही डोर टू डोर जाकर जनता से मिले। साथ ही कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को 15 साल सत्ता में रहते भाजपा ने बर्बाद कर दिया था। इसे बीमारू राज्य बना दिया था। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो बीमारू राज्य से बाहर निकाला गया। आज यहां का जीडीपी ग्रोथ काफी बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से जाना जाता था। किंतु यहां की पुलिस और यहां की सरकार ने मिलकर अथक प्रयास किया और अब नक्सल क्षेत्र कहे जाने वाले इलाकों के बंद स्कूलों को खोलने का काम शुरू किया गया है। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बेहतर काम होने लगे। पुरानी सरकार में घोटाले की बड़ी लिस्ट बन गई थी। नान घोटाला उसमें सबसे बड़ा घोटाला है, वहीं चिटफंड और पनामा तक के मामले सामने आए। बेरोजगारी दर इतनी बढ़ गई थी कि लोग छत्तीसगढ़ से पलायन करते थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दीपावली 12 को, प्रदोष काल में मां लक्ष्मी-गणेश की पूजा करना होगा शुभ

**रांची :** दीपावली कार्तिक माह के अमावस्या तिथि को रविवार को मनाई जाएगी। इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजन का विधान है। लक्ष्मी गणेश पूजा के लिए प्रदोष काल का समय सबसे शुभ और फलदायी होगा। पंडित राजेंद्र पांडेय ने बताया कि दीपावली के दिन प्रदोष काल में माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा सभी के लिए सुख-समृद्धि और मंगलकारी होगी। जबकि मध्य रात्रि में मां काली का जाप, तप और साधना से भक्त के सारे कष्ट दूर होते हैं। मां काली की पूजा निशिता काल में करने का विधान है। उन्होंने बताया कि दीपावली पूजा के लिए शुभ मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:23 से 12:56 बजे तक है। जबकि प्रदोष काल में संध्या 5:10 से रात 9:40 बजे तक और महानिशा काल मे काली पूजा रात 11:15 से 12:07 तक होगी।

### बच्चों ने स्कूल में बनाया रंगोली

**रांची।** एम एम के हाई स्कूल बरियातु राँची में दिवाली के मौक़े पर रंगोली एवं दीपोत्सव कार्यक्रम का विद्यालय में किया गया । जिसमे विद्यालय के विभिन्न वर्ग के बच्चो ने रंगोली और दिया बनाया। जिसमे बेस्ट रंगोली का ख़िताब वर्ग आठवा को दिया गया । ये कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजलि रावत और नर्गिश बानो का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा । यह जानकारी विद्यालय के निदेशक डॉ तनवीर अहमद ने दी ।



# मौलाना आजाद की जयंती पर माही ने शैक्षिक व सांस्कृतिक मेले का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव माही के अंतर्गत भारतीय स्वतंत्रता सेनानी , पत्रकार, लेखक, बुद्धिजीवी और देश के पहले शिक्षा मंत्री रहे मौलाना आजाद की 134वीं जयंती के शुभ अवसर पर कडरु स्थित हज हाउस में शैक्षिक व सांस्कृतिक मेले का आयोजन किया गया। मंच का संचालन जिकरा व काशिफा ने किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता माही के संयोजक इबरार अहमद ने की। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय बतौर मुख्य अतिथि और जेएमएम के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, काँग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव,महावीर मंडल के जय सिंह यादव,बुद्धिष्ट महासभा के जैनेन्द्र कुमार,समाजी कार्यकर्ता जय शंकर चौधरी, सुल्तान जुबैर विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। माही के जुनैद अनवर ने अतिथियों को स्वागत किया एवं मौलाना आजाद के जीवनी और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। माही के प्रवक्ता मुस्तफीम आलम ने माही के उपलब्धियों और लक्ष्यों को बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सलाउद्दीन, शकील,हाजी नवाब सहित कई लोग शामिल थे।कार्यक्रम का उद्घाटन मेहमानों बैलून उड़ाकर किया।कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत तेलावाते कुरान से किया गया। इसके बाद पद्मश्री मधु मंसूरी ने अपने लोक गीतों से उत्साह का संचार किया।

**अतिथियों ने कहा:** मुख्य अतिथि सुबोधकांत सहाय ने अपने संबोधन में कहा कि मौलाना आजाद स्वतंत्रता आंदोलन के एक मजबूत स्तंभ थे। भारत के आजादी में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वह आधुनिक शिक्षा के पितामह थे। भारत मे उच्च शिक्षा और आधुनिक तकनीक पर आधारित शिक्षा के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। 1916 से 1919 तक अपने निर्वासित जीवन राँची में बिताया और हिन्दू मुस्लिम एकता पर अतुलनीय काम किया। माही ने उनकी जयंती पर भव्य शिक्षा और सांस्कृतिक मेला लगाकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। माही और इबरार अहमद का प्रयास ने उनके सपनों को जीवित कर दिया। इस कार्यक्रम में दर्जनों स्कूलों के सैंकड़ों बच्चों ने अपने हुनर, अपनी प्रतिभा से भावविभोर कर दिया। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि माही ने कम संसाधनों में जो काम किया है उसकी कोई दूसरी नजीर नही है। शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मेला का आयोजन प्रतिभाओं को निखारने के काम करेगा। अपने अध्यक्षीय भाषण में माही के संयोजक इबरार अहमद ने कहा कि माही का लक्ष्य समाज के वंचित बच्चों को स्कूलों से जोड़ना, उनकी प्रतिभाओं को निखारना, संवारना और शिक्षा के प्रति दिलचस्पी पैदा करना है। माही ने सैकड़ों बच्चों के लिए तमाम संसाधन जुटाने का संकल्प लिया है ताकि इनके शिक्षा प्राप्त करने में कोई गतिरोध पैदा न हो और बच्चे निःसंकोच शिक्षा के प्रति केंद्रित हो सके। माही के शैक्षिक और सांस्कृतिक में लगभग 40 स्कूलों के 700 बच्चों ने भाग लिया। कई स्कूलों के बच्चियों ने अपने सांस्कृतिक प्रदर्शन से मौजूद लोगों का मन मोह लिया।

## टेट सफल सहायक अध्यापकों ने किया झामुमो कार्यालय का घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** टेट सफल सहायक अध्यापकों ने शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यालय का घेराव किया। हरमू मैदान से जुलूस के शक्ल में जैसे ही वह आगे बड़े पुलिस ने उन्हें कार्यालय के पहले ही रोक दिया।

इस दौरान सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय ने कहा कि सरकार वादा कर अपने वादे से मुकर रही है। महाधिवक्ता की स्पष्ट वेतनमान की राय के साथ साथ एनसीटीई के सभी गाइड लाइन को पूरा करने के बावजूद भी बीते 81 दिनों से सहायक अध्यापक अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर डटे हुए हैं।

इसके बावजूद भी सरकार टेट सफल सहायक अध्यापक के एकमात्र मांग वेतनमान पर कोई पहल नहीं कर रही है। टेट पास सहायक अध्यापकों की ओर से सरकार में शामिल झामुमो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री को ध्यान आकृष्ट कराने के लिये घेराव किया जा रहा है।

## पूर्व मंत्री मन्नान मलिक की तबीयत हुई खराब, पल्स अस्पताल में भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री मन्नान मलिक की तबीयत खराब होने पर उन्हें बरियातू स्थित पल्स अस्पताल में भती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर पल्स अस्पताल पहुंचे और उनसे मुलाकात की। साथ ही जल्द स्वस्थ की ईश्वर से की कामना की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री मन्नान मलिक बीते शुक्रवार को पल्स में भर्ती कराया गया था। नॉर्मल ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। फिलहाल वह ठीक बताए जा रहे है। उनका इलाज चल रहा है।

## दीपावली-छठ स्पेशल रांची- जयनगर- रांची ट्रेन 11 और 18 नवम्बर को चलेगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दीपावली और छठ में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए छठ स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। शनिवार को रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रांची - जयनगर - रांची ट्रेन 11 और 18 नवम्बर को रांची से चलेगी। इस ट्रेन का रांची से प्रस्थान रात के 11:55 बजे होगा। रात 12:50 बजे मुरी पहुंचेगी। यहां से पांच मिनट के बाद झालिदा, बोकारो स्टील सिटी, धनबाद होते हुए दोपहर 3:30 बजे जयनगर पहुंचेगी। जबकि ट्रेन जयनगर से रांची के लिए 12 और 19 नवंबर को चलेगी। जो वहां से शाम 5 बजे प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन सुबह नौ बजे रांची पहुंचेगी।



**बिहार के लिए 15 और 22 नवंबर को चलेगी छठ पूजा स्पेशल ट्रेन :** रेलवे ने छठ महापर्व को लेकर जमशेदपुर से बिहार जाने वाले यात्रियों के लिए दो राउंड स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। ये दोनों ट्रेने 15 और 22 नवंबर को छठ स्पेशल ट्रेन के नाम से चलेगी। ट्रेन टाटानगर से ट्रेन संख्या 08181 और 08182 टाटा-छपरा छठ स्पेशल ट्रेन के नाम से चलेगी। ट्रेन नंबर 08181 टाटानगर से 15 और 22 नवंबर को दोपहर 01:20 बजे खुलेगी और 16 और 23 नवंबर को सुबह तीन बजे छपरा पहुंचेगी।

## दीपावली पर सजावट के सामानों और दीयों की जमकर बिक्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में दीपावली के एक दिन पूर्व शनिवार को बाजारों में कुछ खास ही रौनक देखने को मिली। लाइट, दीये, करंज तेल, मूर्ति, फटाखा, मिठाई की बिक्री जोर शोर से हो रही है। रांची के हर चौक-चौराहों पर इन सभी चीजों की बिक्री हो रही है। इससे हर चौक-चौराहे पर जाम की स्थिति है। लालपुर के अमित कुमार ने कहा कि एक से बढ़कर एक लाइट्स के आइटम उनके पास हैं। देशी लाइट्स और इंडो-चाइनीज दोनों लाइट्स बिक रही है लेकिन इंडो-चाइनीज लाइट्स के मुकाबले देशी लाइट्स की दाम काफी अधिक हैं। 15 मीटर की चाइनीज लड़ी 60-70 रुपये में बिक रही है जबकि देशी लड़ी 150 से 180 रुपये में बिक रही है। उन्होंने बताया कि पांच मीटर की लड़ी 30 रुपये, 10 मीटर की 55, 15 मीटर की 70, 20 मीटर की 125, 30 मीटर की 180, 40 मीटर की 250,50 मीटर की 300, 60 मीटर की 360 रुपये, फेंसी लाइट 500, दीया लड़ी 350-400 रुपये में बिक रहा है। राजधानी रांची में मिट्टी के दीये बड़ा साइज का 150 रुपये में 100, मीडियम साइज का 100 रुपये में 100 और छोटा साइज का दीया 80 रुपये में 100 मिल रहा है। साथ ही करंज तेल 150 रुपये लीटर बिक रहा है। बीड़ी बम की कीमत 60 रुपये एक पॉकेट, सेवन स्टार 550 रुपये, अनार बम 200-400, घिरनी 150-300, थ्री स्टार 250, मिनी बुलेट बम 450 से 500 प्रति पैकेट, हाइड्रो बम 400-600 रुपये में मिल रहा है।

# कांग्रेसियों ने मनाई मौलाना अबुल कलाम की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस ने शनिवार को स्वतंत्रता आन्दोलन के महान सपूत देश के प्रथम शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती कांग्रेस भवन में मनायी। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केन्दीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सहित अन्य नेताओ ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। रांची महानगर कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ने भी रक्तदान किया। इसके साथ दर्जनों लोगों ने भी मौलाना की याद में रक्तदान किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे उस वक्त मौलाना आजाद के नाम पर तकनीकी शिक्षा प्रारंभ करने के लिए रांची के चिरौंदी में शिलान्यास किया था।



उन्होंने कहा कि मौलाना अबुल कलाम का रांची से विशेष लगाव रहा है, वह जब रांची में तकरीर करते थे, तो अल्पसंख्यकों के साथ-साथ अन्य दूसरें समुदाय के लोग भी तकरीर सुनने आते थे, जो मजबूत भारत की एकता को दर्शाता है। उनके व्यक्तित्व से हमारे युवापीढ़ी को सीख लेने की आवश्यकता है।

# हज हाउस का पिलर पर लगा मार्बल गिरा, बाल बाल बचे लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लगता है हज हाउस और भ्रष्टाचार से कुछ संबंध है, यह तो हम सब जानते हैं, कि पूर्व मुख्यमंत्री रहे मधुकोड़ा की सरकार में बनाया गया हज हाउस भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया । इस पर कुछ इंजीनियर और इससे जुड़े कई लोगों पर भी मामले दर्ज भी हुए थे। खैर लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे रघुवर दास के सरकार में फिर से कडरू स्थित हज हाउस का भव्य तरीके से निर्माण कराया गया था। गुलाबी रंग सा दिखने वाला काफी खूबसूरत हज हाउस में शनिवार को दोपहर करीब 1 से 2:00 बजे के बीच हज हाउस के मुख्य द्वार से सटा पीलर पर लगा बड़ा सा गुलाबी रंग का मार्बल अचानक झड़ कर जमीन पर गिर गया । यह गनीमत थी कि वहां पर कोई भी व्यक्ति या बच्चा खड़ा नहीं था, नहीं तो बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। बता दें की 11 नवंबर 2023 को कडरू स्थित हज हाउस में स्वतंत्रता सेनानी और देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई जा रही थी। इस दौरान माही संस्था द्वारा भव्य तरीके से कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया था। जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल थे। इसी कार्यक्रम के दौरान पीलर के दस फीट से अधिक ऊंचाई पर लगा बड़ा सा गुलाबी रंग का मार्बल झड़ कर नीचे जमीन पर आ गिरा। जैसे मार्बल गिरा आसपास में लोगों की भीड़ जमा हो गई, हालांकि इन लोगों ने इस संबंध में हज हाउस कमेटी को जानकारी दी या नहीं दी यह आने वाले समय में पता चलेगा । लेकिन यह बात स्पष्ट है कि हज हाउस के कुछ जगहों पर लगे मार्बल और टाइल्स झड़कर गिरने का इंतजार में है।



# लिटिल गार्डन हाई स्कूल में मनाया गया मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** विगपति लिटिल गार्डन हाई स्कूल हिन्दपीरी में मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिन पर शिक्षा दिवस के एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पे स्कूल के बच्चों ने विभिन प्रकार के कार्यक्रम किये जैसे स्पीच कम्पटीशन , क्विज कंपटीशन, पोस्टर,तथा शिक्षा के महत्व को बताने के लिए एक रैली और नुक्कड़ का भी आयोजन किया गया ,पोयम,स्वच्छ अभियान और तरह तरह के कार्यक्रम किये और कंपटीशन में जीते हुए बच्चों को अवार्ड से सम्मानित किया गया।

उसके बाद स्कूल के प्रिंसिपल शकील अहमद ने कहा की इस तरह का कार्यक्रम करवाने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और फिर स्कूल के डायरेक्टर श्रीमती अबेदा खातून ने बताया की मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के विचारों को हर एक विधर्थियों तक पहुँचाना जरूरी है जिससे बच्चों के अंदर उनके प्रति सम्मान और विचार बने रहे और उन्होंने स्कूल के सभी शिक्षको को धन्यवाद दिया।

## रांची में बीच-बचाव करने गई महिला की हत्या

**रांची :** रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी बाड़ी टोला में आपसी विवाद में हुई मारपीट में बीच बचाव में गयी एक महिला की लाठी से मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात महिला के देवर टुलगु और भतीजा पंकज के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों लाठी से लड़ने लगे। इस दौरान बीच-बचाव में आई महिला बिरसी देवी (60) को सिर में चोट लग गयी। उसे आनन -फानन में रिम्स ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।घटना की सूचना मिलते ही शनिवार को पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद दोनों आरोपित फरार हैं।

# अल कुरैश तालीमी मिशन स्कूल में मनाया गया मौलाना आजाद की जंयती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला के अंतर्गत संचालित अल कुरैश तालीमी मिशन स्कूल में देश के प्रसिद्ध भारतीय मुस्लिम विद्वान , कवि, लेखक, पत्रकार, भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद उर्फ अबुल कलाम गुलाम मुहियुद्दीन का जंयती मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने मौलाना आजाद और उनके व्यक्तित्व से रुबरु हुए और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। शिक्षकों के द्वारा बताया गया कि मौलाना आजाद का जन्म 11 नवंबर, 1888 को मक्का में हुआ था और उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने पत्रकारिता के दम पर जंग ए आजादी में अग्रणीय भूमिका निभाई । 15 अगस्त1947 को देश आजाद हुआ और फिर देश के पहले शिक्षा मंत्री भी बने। 1989 से उनकी याद में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है। भारत की आजादी के बाद वे एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक पद पर रहे। वे महात्मा गांधी के सिद्धांतो का समर्थन करते थे। खिलाफत आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। 1923 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष बने। वे 1940 और 1945 के बीच कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। 1917 से 1920 तक वे रांची में नजर बंद रहे इसी दौरान उन्होंने अपर बाजार स्थित मदरसा इस्लामिया तामीर करायें। आजादी के बाद वे भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के रामपुर जिले से 1952 में सांसद चुने गए और वे भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने। 22 फरवरी, 1958 को निधन हुआ था। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं में सुफियान अंसारी,आरिफ़ रज़ा, शाहिद, नेमतुल्लह,दरक्शा फातिमा, तसब इमाम, अल्तमश कुरैशी सहित स्कूल की प्रिंसिपल अमिना कच्छी , जेस्टिनआ कुल्लु, साहिबा, नगमा निगार, अनम निशा, साईदा परवीन, सादिया परवीन, तन्नु परवीन, मुस्कान आदि उपस्थित थीं।



# रांची में धनतेरस की रात नहीं हुई कोई अपराधिक घटनाएं

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** दस नवंबर शुक्रवार की रात धनतेरस की रात थी। इस रात को रांची शहर में करोड़ों रुपए की खरीद बिक्री पूरी रात होती रही। खासकर सोना ,चांदी, हीरे की ज़ेवर दुकानों और स्टील, पीतल, प्लास्टिक आदि के बर्तनों की दुकानों ,मोबाइल,टीवी, वाहनों सहित अन्य तरह की दुकानों में देर रात तक खरीदारी होती रही खरीदारों कई भीड़ भी बहुत थी। कई महिलाएं, युवतियां , पुरुष भी खुले आसमान के नीचे निर्भीक होकर सड़कों पर खरीदारी करने निकले थे। रांची शहर के लिए यह एक ऐसी रात गुजरी है जहां देर रात तक खरीदारी होती रही और इस दौरान रांची शहर के अंतर्गत किसी थाने में अपराधिक घटनाओं से जुड़े मामले दर्ज नहीं होने की सूचना है। खासकर लोअर बाजार थाना , लालपुर, चुटिया ,कोतवाली, सुखदेव नगर, जगन्नाथपुर , धुर्वा , सदर , नामकुम, कांके,गोंदा ये ऐसे थाना क्षेत्र है जहां धनतेरस की रात किसी ने किसी कारण घटनाएं सुनने को मिलती थी। लेकिन संभवतः कई सालों बाद ऐसी धनतेरस के रात गुजरी है कि इस रात में किसी भी तरह की अपराधिक घटनाओं संबंधित मामले शहर के किसी थाना में दर्ज नहीं किया गया। खासकर जेवर दुकानों में डकैती, चोरी, लूट, सड़कों पर मोबाइल छीनताई,गृहभेदन, डकैती सहित मोटरसाइकिल, वाहन इत्यादि की चोरी के मामले सामने नहीं आए हैं।




**क्या कहते हैं पुलिस पदाधिकारी:** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि लगभग मैं समझता हूं कि ऐसी पहेली धनतेरस की रात थी जो हमारे थाना क्षेत्र के किसी भी थानों में चोरी, छीनताई, लुट , डकैती से संबंधित मामले दर्ज नहीं हुए हैं और न ही इस तरह की कोई घटनाएं होने की सूचनाएं मिली है । क्योंकि हमने रांची शहर को 4 जोन में बांट रखा था और शहर के जो भी मुख्य प्रवेश द्वारा थे सभी में तीन-चार पुलिस पदाधिकारी लगा रखे थे । जेवर , मोबाइल आदि की दुकानों, मोटरसाइकिल एवं अन्य चौक - चौराहों पर भी पुलिस, हवलदार ,दरोगा, सिपाही को तैनात कर रखा था , मोटरसाइकिल दस्ता, पीसीआर वैन भी पूरे शहर में भ्रमणशील थी, जरा से भी बदमाशी कोई करता तो तुरंत पकड़ा जाता ।

**डीएसपी ने कहा:** रांची शहर डीएसपी दीपक कुमार ने कहा कि धनतेरस की रात ठीक ठाक गुज़रा है , उम्मीद है दीपावली भी ठीक ही गुजरेगी। ऐसे पूरे छठ महापर्व तक पुलिसकर्मियों को ऐसे ऐसे जगहों पर तैनात कर रखा है कि जो भी बदमाश बदमाशी किया जेल जायेगा ।

लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत, चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश ने बताया कि चोरी, छिनताई,लूट आदि के मामले दर्ज नहीं हुई है ये हमलोगों के लिए खुशी की बात है चूंकि रात भर लोगों की सुरक्षा में लगे रहे।

## स्वामी सदानन्द जी महाराज को परमहंस की शीर्ष उपाधि से अलंकृत किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एम आर एस श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट राँची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा राँची के संस्थापक एव संरक्षक संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज को श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट, श्री 5 पद्मावतीपुरी धाम, पन्ना के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक भागवत भास्कर, संत शिरोमणि श्री सदानन्द जी महाराज को आपके द्वारा किये जा रहे अनवरत निस्वार्थ जनकल्याण, आत्मजागरण, सत्य सनातन धर्म उत्थान, सनातन संस्कृति की रक्षा, शिक्षा एवं स्वाथ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान, कन्या विवाह, मंदिर, गौशाला, धर्मशाला निर्माण व पन्ना धाम के प्रति संपूर्ण निष्ठा, समर्पण, प्रेम और आस्था को देखते हुए श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट, श्री 5 पद्मावतीपुरी धाम, पन्ना द्वारा धामी समाज के समस्त अग्रगण्य, विद्वान, विदुषी जन, सम्माननीय पुजारीगण एवं गणमान्य सुन्दरसाथ जी की उपस्थिति में छोटी दिपावली दिनांक 11 नवम्बर 2023 को सुन्दरसाथ जगत के शीर्ष धर्म-संसद श्री बंगला जी दरवार से परमहंस की महती उपाधि प्रदान की गई।

# न्यू उदयन पब्लिक स्कुल कल्याणपुर में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कुल कल्याणपुर में शनिवार को दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे कक्षा नर्सरी से दशवी तक के बच्चो ने हिस्सा लिया।बच्चो ने अपनी प्रतिभा को निखारते हुए एक से बढ़कर एक रंगो से कई आकृतियां बनाई जो काफी आकर्षक लग रहा था।प्रतियोगिता में शिक्षक बच्चों को प्रेरित कर रहे थे।रंगोली बनाने को लेकर बच्चों में काफी उत्साह था।मौके पर उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या टाका नारो जमीर ने बताया कि पढ़ाई के साथ साथ इस तरह के कार्यक्रम होते रहते है जिसमें बच्चों में प्रतिस्पर्धा बनी रहे।



# रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कल्याणपूर में किया सड़क जाम

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर चौक में स्थानीय ग्रामीणो ने रोजगार की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।ग्रामीणो ने आम्रपाली से सीएचपी तक कोयला ढुलाई के कार्य को बाधित कर दिया। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले रोजगार मुहैया करवाने को लेकर महिलाओं द्वारा सड़क जाम किया गया था,जिसके बाद प्रशासन द्वारा समझा बूझाकर कुछ दिनों का समय मांगा था,लेकिन कोई पहल नहीं होने के बाद ग्रामीण आक्रोशित होकर पुनः उक्त मार्ग पर सड़क जाम कर कोयला ढुलाई का काम बंद कर दिया।सूचना पाकर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी मौके पर पहुंची,जिसके बाद करीब 8 घंटे के बाद टंडवा प्रमुख रीना कुमारी के पहल पर महिलाओं एवं ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के बीच वार्ता कर ट्रांसपोर्टिंग कंपनी एवं ग्रामीणों के बीच समन्वय स्थापित कर रोजगार मुहैया करवाने पर सहमति बनाई गई।जिसके बाद महिलाओं द्वारा करीब 8 घंटे बाद सड़क जाम को हटाया गया,जिसके बाद कोयला ढुलाई प्रारंभ हुई।



# प्रस्तावित पिपरवार विकास विद्यालय किचटो में विज्ञान प्रदर्शनी सह मेला का आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के आदर्श युवा सेवा संघ द्वारा संचालित प्रस्तावित पिपरवार विकास विद्यालय किचटो में विज्ञान प्रदर्शनी सह मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत महतो और संचालन चंदन कुमार ने किया।मुख्य अतिथि मे मुखिया संगीता देवी,विशिष्ट अतिथि उप मुखिया ललिता देवी,अंगद महतो,विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष विजय कुमार महतो, पूरन महतो,शिवनाथ महतो, उपस्थित थे।इस विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा चन्द्रयान थ्री सहित पर्यावरण प्रदूषण,जल शुद्धिकरण यंत्र, सौर ऊर्जा यंत्र,पर्यावरण संरक्षण,एटीएम मशीन,बीज अंकुरण विधि,ज्वालामुखी, पवन चक्र की लगाई गई प्रर्दशनी का अवलोकन किया गया।



# कमांडो अजय गोप का सैनिक सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनएसजी कमांडो इटकी प्रखंड के कुल्ली कुंबाटोली निवासी अजय गोप का पार्थिव शरीर का शनिवार को सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अजय का गुरुवार की सुबह दिल्ली गुड़गांव में ट्रेनिंग के दौरान ह्रदयगति रुक जाने से निधन हो गया था। अजय गोप बीएसएफ के जवान थे। वर्तमान में उनकी तैनाती एनएसजी कमांडो दिल्ली गुड़गांव में था। शनिवार की सुबह एनएसजी व बीएसएफ के जवानों ने अजय गोप का पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेट कर कुल्ली कुंबाटोली पहुंचे। पार्थिव शरीर का गांव पहुंचते ही परिजनो में कोहराम मच गया। परिजनों व मृतक की पत्नी रुकमणी कुमारी का रो रोकर बुरा हाल था। पूरा वातावरण ग़मगीन हो गया। जवानों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया। इसके बाद मृतक के पार्थिव शरीर का स्थानीय शमशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे पूर्व बीएसएफ के जवानों द्वारा उन्हें अंतिम सलामी दी गई। इधर कमांडो अजय गोप के पार्थिव शरीर के आने के इंतजार में सैकड़ों ग्रामीण इटकी मोड़ में प्रातः सात बजे से खड़े थे।



# डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजन

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने सेव गर्ल चाइल्ड, एंपावरमेंट ऑफ वूमेन,चंद्रयान - 3,मतदान जरूरी करें, राम मंदिर, राम - सीता के आकर्षक रंगोली एवं विभिन्न प्रकार के आकर्षक रंगोली एवम गणेश लक्ष्मी का रंगोली बनायी। सीनियर में आंठवी कक्षा को प्रथम स्थान मिला कक्षा सातवीं और नवी को दूसरा स्थान एवं कक्षा छः को तृतीय स्थान मिला। वही जूनियर कक्षा पांच को प्रथम स्थान कक्षा चार को दूसरा स्थान और कक्षा एक को तृतीय स्थान मिला. स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में कलात्मक विकास होती है एवं बच्चे अपने से कुछ करने के लिए प्रेरित होते हैं और थीम आधारित रंगोली बनाने पर उन्हें नैतिक शिक्षा भी मिलती है।

# देश भर के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, जल्द करें आवेदन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नॉर्थ ईस्ट पैरामेडिकल एंड नर्सिंग इंस्टीट्यूट (नेपनी) ने देश भर के मेधावी और गरीबी रेखा से नीचे के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा की है। बता दें कि नेपनी हेल्थ केयर एजुकेशन का प्रमुख संस्थान है जिसमें नर्सिंग और पैरामेडिकल कोर्सेस कराए जाते हैं। यह संस्थान असम के गुवाहाटी के पास स्थित नेपनी ट्रस्ट के तत्वावधान में चलाया जाता है। मेरिट छात्रवृत्ति उन छात्रों को दी जाएगी जिन्होंने विज्ञान स्ट्रीम से 12वीं की परीक्षा में 80% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि बीपीएल छात्रवृत्ति 12वीं परीक्षा में 60% और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को दी जाएगी। प्रत्येक छात्र को 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह छात्रवृत्ति उन छात्रों के लिए लागू होगी जिन्होंने नेपनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और पैरामेडिकल कोर्सेस यानी फिजियोथेरेपी, रेडियोग्राफी और मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी में प्रवेश लिया है। बता दें कि प्रवेश की अंतिम तारीख 30 नवंबर 2023 है।

# आरटीसी पब्लिक स्कूल में दिवाली उत्सव का आयोजन

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में बच्चों ने शुक्रवार को दिवाली उत्सव का आयोजन किया गया । कक्षा चौथी से नवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया । जिसमें पोस्टर मेकिंग, चित्रकला, निबंध लेखन , रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान पर विनोद वेदियां, आलोक कु. महतो साक्षी ,माही ,पूजा कुमारी रही और द्वितीय स्थान पर तन्नू , रोहित,पीहू कुमारी रही तृतीय स्थान पर तमन्ना महतो , भाग्यश्री रहे। सभी सफल विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का भारतीय संस्कृति से परिचित कराना तथा धार्मिक त्योहारों के पवित्रता को समझाते हुए एकता की भावना को प्रोत्साहित करना था। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने बच्चों का उत्सावर्धन करते हुए कहा कि दीपावली लोगों में मधुरता, स्वच्छता, सादगी और सज्जनता का भाव उत्पन्न करता है। दीपावली अंधकार पर प्रकाश की जीत का पर्व है।अतिथि के रूप में अविनाश कुमार एवं रंजीत कुमार जी सामिल हुए।

# आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को ÷आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा÷ कार्यक्रम की सफल आयोजन को लेकर प्रखंड प्रमुख विनीत कश्यप की अध्यक्षता में सभी विभागों की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप मिंज ने कहां की आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसे सफल बनाना हम सब की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम और कार्यक्रम स्थल की रूपरेखा पर विचार विमर्श करते हुए उन्होंने कहा कि सभी विभागों का स्टॉल हर पंचायत में निश्चित रूप से लगे साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीणों द्वारा प्राप्त सभी आवेदन का निष्पादन यथा संभव कार्यक्रम स्थल पर ही किया जाए। सबके सहयोग के बिना किसी भी कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव नहीं है इसलिए आप सभी जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागों से आए पदाधिकारी बखूबी अपनी जिम्मेदारियां को निभाते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन की रूपरेखा तैयार करें। वहीं बीडीओ द्वारा अबुवा आवास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



# संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज में बाल दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी प्रतियोगिता संपन्न

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को संत अन्ना प्लस 2 विद्यालय मांडर में बाल दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी सह रंगोली प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के लिए कला संकाय को झारखण्ड स्थापना दिवस,विज्ञान संकाय को चंद्रयान और वाणिज्य संकाय को भारतीय अर्थव्यवस्था का विशेष थीम दिया गया था जिसमे छात्र- छात्राओं भरपूर उत्साह के साथ भाग लिया प्रदर्शनी के लिए बनाए गए सभी प्रतिभागियों द्वारा बनया गया मॉडल एक से बढ़ कर एक था। छात्राओं द्वारा बनया गया रंगोली भी आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर प्रचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा की इस तरह के अवसर छात्र- छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ साथ सर्वांगीण विकास में सहायक होता है हमारा हमेशा यह प्रयास होता है की छात्रों की छुपी गुणों निखरे।प्रदर्शनी सह रंगोली कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक प्रतिनिधि अनिल खलखो, वरिष्ठ शिक्षक सईद अख्तर, मधु बाखला, सुमन कुजूर, सबीना तिर्की, उमेश प्रसाद, सुशील,अश्विन, संदीप सहित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# मेडल जीतने वाले बच्चों का विद्यालय में गर्म जोशी के साथ हुआ स्वागत

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोंदली पोखर मध्य एवं उच्च विद्यालय के प्रांगण में ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2023 में भाग लेकर 23वां झारखंड राज्य सीनियर एवं 9वां झारखंड राज्य कैडेट में 5 गोल्ड 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर रांची जिला सहित क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले बच्चों को गरमजोशी के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों के द्वारा स्वागत किया गया । ज्ञात हो कि ताइक्कांडो चैंपियनशिप-23 कुमैठा स्टेडियम, देवघर में 8 -10 नवंबर तक खेला गया था जिसमें आठ मेडल जीतकर ताइक्कांडो प्लेयर एवं कोच संजय मुंडा विद्यालय पहुंचे थे । इस मौके पर स्वागत के लिए विद्यालय के सचिव सह जे यू टी के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी तथा डॉ कुमुद कला मेहता विशेष रूप से उपस्थित थे। आज सुबह ही देवघर से सभी बच्चे रांची पहुंचे थे जिसमें मनीष कुमार महतो गोल्ड मेडल, नीरज बेदिया गोल्ड मेडल, शशि मुंडा गोल्ड मेडल, आर्यन कुमार गोल्ड मेडल, बबली कुमारी गोल्ड मेडल, भारती कुमारी सिल्वर मेडल, अंकुश नाग सिल्वर मेडल और रितेश कुमार महतो ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है । इस स्वागत समारोह में सचिव डॉक्टर अमर कुमार चौधरी ने कहा कि मेडल जीतने वाले सभी बच्चों को लक्ष्य तक पहुंचने में विद्यालय परिवार हर संभव मदद करेगी।



# डहरे सोहराई रामगढ़ में शामिल होने रांची से पहुंचें सैकड़ों क्रांतिकारी

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बृहद झारखंड कला सांस्कृतिक मंच एवं झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति झारखंड के बैनर तले समस्त झारखंड के लोग अपने भाषा संस्कृति एवं परब -पहचान को लेकर इस हठ तक जाग गई है कि झारखंड के जंगल झाड़ के बीच गांवों में बसे लोग विभिन्न जिलों के मुख्य सड़को पर लाखों की संख्या में अपने पारंपरिक वेश-भुषा एवं वाद्ययंत्र के साथ लाखों-लाख की संख्या में शहरे-शहर परब मना रहे हैं। कहीं न कही झारखंडी अब अपने सांस्कृतिक परब त्योहार को आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित रखना चाहती है। इसी उद्देश्य को लेकर 11 नवम्बर को रामगढ़ शहर के सिद्धू-कांहू मैदान से लेकर रामगढ़ महाविद्यालय मैदान तक डहरे सोहराई चाचईर सह बरदखुटा का आयोजन किया गया।



# अरुनुमा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में चिल्डरेंस डे मनाया गया

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिवाली छुट्टी के पूर्व अरुनुमा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में चिल्डरेंस डे मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल मे रंगोली बनाने दीपक रंगने और चित्रांकन फैन्सी ड्रेस प्रतियोगीता का आयोजन किया गया। इसेके अलावे बच्चों द्वारा ग्रुप और सोलो डांस प्रस्तुत किया गया। बच्चे कलरफुल ड्रेस मे चहकते नजर आये। अंत मे सभी शिक्षक गण बच्चों के साथ we shall overcome गाना गाकर प्रोग्राम का समापन किया। तत्पश्चात बच्चों के बीच टॉफी का वितरण किया गया।इसके पूर्व स्कूल के प्राचार्य राधे श्याम साहू व को ओर्डिनेटर नुएनेस सर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रोग्राम की शुरूवात किया। श्री साहू ने बच्चों को बताया कि स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के स्मृति में उनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर बाल दिवस मनाया जाता है। क्योंकि नेहरू जी बच्चों से बहुत ही स्नेह और लगाव रखते थे इसीलिए बच्चे चाचा नेहरू बुलाते थे ।

# कमलेश राम ने श्राद्धकर्म के लिए किया सहयोग

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांके प्रखंड के मेसरा पूर्वी पंचायत अंतर्गत रूदिया गांव निवासी सुरेश मिर्धा उम्र 40 वर्ष की असामयिक मृत्यु की सूचना मिलते ही भाजपा के युवा नेता कमलेश राम ने तुरंत भाजपा नेत्री सन्नो भारती व रतनी देवी को पीड़ित परिजनों से मिलने हेतु भेजा। उन्होंने कहा कि परिवार के अपने सदस्य को खोना बेहद कष्टपूर्ण व दुख भरा पल होता है, जिसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता । हम सब ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को शांति मिले । इसके साथ ही भाजपा नेता ने अपने सहयोगियों द्वारा उनके ब्रह्मभोज हेतु आवश्यक सामग्री भेजवाया है और इस परिवार के हर सुख दुख में साथ रहने का वादा किया है ।


**Office of The Chief Engineer-cum-Executive Director**
**Programme Management Unit**
**Drinking Water & Sanitation Department**
**Doranda Bazar Water Tower Campus, Doranda, Ranchi-834002**
**Fax/Phone:0651-2480166 Email:swsm.jharkhand@gmail.com**

**E-Request For Proposal Short Notice**

**2nd Call**

निविदा सूचना सं.– प्रयो. रसायन–4/SWSM तिथि– 10.11.2023

| Sl. | कार्य का नाम | Name of Work :REQUEST PROPOSALFOR SUPPLYING VARIOUS CHEMICALS AND REAGENTS in 16 nos. Of State/District water testing laboratories of Jharkhand (District Lab Ranchi, Hazaribagh/Chatra/Ramgarh/Koderma/Latehar/Garhwa/Medininagar/Lohardagga/Simdega/Gumla/Sub Divisional Lab-Panki, Sub Divisional Lab-Patratu, Sub Divisional Lab-Ormanjhi, Sub Divisional Lab- Barwaadih and Sub Divisional Lab-Nagar Utaari) |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.11.2023 – 04:00 PM |
| 2 | प्री बीड बैठक की तिथि एवं समय | 16.11.2023 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at11:30 AM |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 17.11.2023 – from 12 :00 PM |
| 4 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 25.11.2023– upto 04:00 PM |
| 5 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 28.11.2023 – 01:00 PM |
| 6 | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | Excutive Engineer (WQ) Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi |
| 7 | ई–मेल | swsm.jharkhand@gmail.com |
| 8 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या | 0651-2480166 |

**NB:- For Details**

1.निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।

2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।

3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
(जल गुणवत्ता)
पी.एम.यू., राँची

PR 311242 Drinking Water and Sanitation(23-24).D



**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(खनन शाखा)**

**आदेश**

**गोला थानान्तर्गत पिपराटांड़ ग्राम के पास जप्त भण्डारित लगभग 9000 घन फीट (नौ हजार) में भण्डारित लघु खनिज बालू का आम नीलामी हेतु सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ जिला के गोला थानान्तर्गत पिपराटांड़ ग्राम के पास जप्त भण्डारित लगभग 9000 (नौ हजार) घन फीट लघु खनिज बालू का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधित) नियमावली, 2019 के नियम 54 A के तहत उक्त स्थल पर जब्त भण्डारित बालू खनिज का आम नीलामी दिनांक 22.11.2023 को समय 4:00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता, रामगढ़ की अध्यक्षता में जिला समाहरण के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत् है–

| क्र0 | भण्डारण स्थल | भण्डारित बालू की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गोला थानान्तर्गत पिपराटांड़ ग्राम के पास Latitude-23.677706 Longitude-85.760902 | लगभग 9000 घन फीट | बालू खनिज का बिक्री मूल्य– प्रति 1 (एक) cft @ Rs. 7.50 की दर से = 9000 x 7.50 = 67500.00 रू0 (सड़सठ हजार पाँच सौ रूपया) | 6750.00 रू0 (छः हजार सात सौ पचास रूपया) |

2. नीलामी में भाग लेनेवाले व्यक्ति/संस्था भारत के नागरिक होंगे तथा उनके पक्ष में रामगढ़ जिलान्तर्गत कोई निर्माण/विकास कार्य आवंटित/रामगढ़ जिलान्तर्गत खनिज अनुज्ञप्तिधारी हो।
3. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिये नीलामी की तिथि से एक दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
4. नीलामी के उपरांत उच्चतम डाक की राशि के भुगतान के साथ–साथ आयकर के मद में उच्चतम डाक की राशि का 2% राशि नियमानुसार देय होगा।
5. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति पर बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
6. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से 10 कार्य दिवस के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा
7. उक्त खनिज की नीलामी सम्पन्न होने के उपरान्त नीलामी की राशि पूर्ण रूप से जमा किये जाने के उपरान्त खनिज का निष्पादन/प्रेषण हेतु JIMMS Portal द्वारा अस्थायी आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
8. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरांत अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
9. खनिज के प्रेषण के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
10. आम नीलामी में उच्चतम डाकवक्ताओं में अगर Tie (गुलेबंद) होता है, तो End user को प्राथमिकता दी जायेगी।
11. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 11.11.2023 समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से दिनांक 21.11.2023 समय 5:00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नांकित वांछित कागजात स्व अभिप्रमाणित कर संलग्न करना होगा।

(i)सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम से बैंक ड्राफ्ट।
(ii)पैन कार्ड की छायाप्रति एवं अद्यतन आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
(iii)आधार कार्ड की छायाप्रति।
(iv)GST निबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
(v)आवंटित कार्य के कार्यादेश की छायाप्रति/डीलर्स निबंधन की छायाप्रति।
(vi)पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रति।
(vii) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि खनन विभाग से संबंधित भुगतान बकाया/लंबित नहीं हो एवं किसी विभाग द्वारा उनका नाम/संस्था का नाम काली सूची में दर्ज न हो।

नोटः–विशेष जानकारी के लिये जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,रामगढ़

PR 311258 (Mines and Geology)23-24*D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/10 /2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date And Time of Sale of BOQ :- 21.11.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date And time of Receiving sealed tenders :- 22.11.2023 upto 1:00 pm
5. Date And time of Opening of Sealed tenders :- 23.11.2023 from 03:00 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
   3. In the Office of Assistant Engineer, Subdivision No-01, Daltonganj.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Darudih Under Block - Chainpur, Palamu | 1185500.00 | 24000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 2. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Juru Under Block – Chainpur, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 3. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Naudiha Under Block – Chainpur, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 4. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay Bhajaniya, Panchayat – Bhajaniya Under Block – Mohammadganj, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 5. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay Mohammadganj, Panchayat – Mohammadganj Under Block – Mohammadganj, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 6. | Construction of PCC Road, NH-75 to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Bhandar Under Block – Bishrampur, Palamu.. | 966900.00 | 19500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 7. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat–Pagar Khurd Under Block–Panki, Palamu. | 966900.00 | 19500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 8. | Construction of PCC Road, Main Road to Samudayik Bhawan Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Lotaniya Under Block - Hussainabad, Palamu | 1185600.00 | 24000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 9. | Construction of PCC Road, Main Road Dangwar To Panchayat Bhawan, Panchayat-Belbigha Under Block – Hussainabad, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 10. | Construction of PCC Road, Pani Tanki Jond to Panchayat Sachiwalay through Baldev Singh House, Panchayat – Dulsulma Under Block – Satbarwa, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 11. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Hisra Barwadih Under Block – Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 12. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Meral Under Block – Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 13. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Rudidih Under Block – Patan, Palamu.. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 14. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat–Kaswakhar Under Block–Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 15. | Construction of PCC Road, Main Road Saraswa to Panchayat Bhawan, Panchayat – Chiru Under Block – Chhattarpur, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 16. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Bhawan, Panchayat – Naudiha Under Block – Chhattarpur, Palamu.. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Month |

निविदा में परिमाण विपत्र कय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देंना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

PR 311276 Building(23-24)D

कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, डालटनगंज



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई दिवाली



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विवेकानंद इन्टरनेशनल स्कूल में शनिवार को बड़े ही उत्साह के साथ दीपावली का त्योहार मनाया गया। स्कूल में रंगोली, कार्ड मेकिंग, दीया सजाने, पोस्टर , दिवाली घर, कन्दील आदि की प्रतियोगिता रखी गई थी। बच्चों ने विभिन्न थीम जैसे सेव गर्ल चाइल्ड, सोशल मीडिया का प्रभाव, अंग दान व मंडला आर्ट जैसे थीम पर बेहतरीन रंगोली प्रस्तुत किए। अन्य सभी प्रस्तुतियां भी प्रशंसनीय रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में आजादनगर थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में शान्ति समिति के महासचिव मुख्तार आलम खान तथा सैमसुन निशा थे। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार दिये तथा अपने भाषण में उनकी सराहना की। अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापिका डॉ. निधि श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन लतिका तथा नाजिया धन्यवाद ज्ञापन ने किया।

## समाजसेवी यश दुर्गे ने रामजनम नगर में बांटे दीपावली के उपहार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दीपावली के शुभ अवसर पर शनिवार को कदमा स्थित रामजनम नगर में जमशेदपुर के युवा समाजसेवी यश दुर्गे एवं उनकी टीम द्वारा गरीब व जरूरतमंद बच्चों के बीच पटाखे, मिठाई, चॉकलेट, दीया, घी, अगरबत्ती एवं अन्य जरूरत की सामग्री का वितरण किया गया। यश दुर्गे ने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्य सदा ही मन को मोह लेता है। मौके पर यश दुर्गे, गौरी शंकर अमर, शुभम श्रीवास्तव, हनी महतो आदि मौजूद थे।



## कांग्रेस ने बार्मामाइंस में गांधी आश्रम में जरुरतमंद लोगों के बीच मनाई दीपावली

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए महापर्व दीपावली के शुभ अवसर पर बर्मामाइंस स्थित गांधी आश्रम में समाज के जरूरतमंदों के बीच मिठाई और पटाखे का वितरण कर खुशियों को आपस में बांटा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने गांधी आश्रम के बुजुर्गों को माला पहनकर स्वागत किया तथा शुभ दीपावली के पावन अवसर पर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। मौके पर गांधी आश्रम के बुजुर्ग एवं बच्चों के बीच असीम खुशी का क्षण बिताया। इस अवसर पर जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार, टेल्को प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, जिला सचिव रानी राव, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद, टेल्को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सलाहकार सतीश कुमार, एसपी सिंह, श्यामसुंदरपुर प्रसाद, प्रखंड उपाध्यक्ष संध्या ठाकुर, रंजीत झा, जेम्को मंडल अध्यक्ष संजय कुमार समेत कांग्रेस के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## रास मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों की बैठक में शामिल हुए जिला पार्षद

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रास मंदिर निर्माण हेतु बनकुंचिया पंचायत के मुदीडीह टोला में ग्रामीणों द्वारा बुलाई गई बैठक में शुक्रवार की देर शाम पटमदा उत्तरी के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो शामिल हुए। इस संबंध में जिला पार्षद ने बताया कि बैठक में बिजली समस्याओं के साथ-साथ रास मंदिर निर्माण हेतु चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि मुदीडीह गांव के ग्रामीण हर साल रास पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा- अर्चना करने आते हैं। मंदिर निर्माण में उन्होंने हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया है। बैठक में मुख्य रूप से मदन सिंह सरदार, रोहिन महतो, कार्तिक सिंह, कालीपद सिंह पूर्णचंद्र सिंह, पशुपति महतो व नारायण सिंह सरदार आदि लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया विकास योजनाओं का निरीक्षण

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ प्रखंड के सोड़ो पंचायत में शुक्रवार को बीडीओ किकु महतो ने योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा, पीएम आवास,15 वें वित्त आयोग के तहत पीसीसी आदि योजनाओं का निरीक्षण के उपरांत मिश्रित बागवानी में अंतर फसल का भौतिक निरीक्षण के दौरान कहा कि किसानों की मेहनत रंग लाया है। उन्होंने कहा कि किसान सिर्फ इसे सरकारी योजना के रूप में ही नहीं लें बल्कि मिश्रित बागवानी में आत्मनिर्भर बनने की काफी संभावना है। बीडीओ ने कहा कि मिश्रित बागवानी पूरे क्षेत्र में कारगर साबित हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों में शामिल होकर इसका लाभ उठाने का भी अपील की। मौके पर बीपीओ निपेन प्रधान, कनीय अभियंता उज्ज्वल साहू व मुखिया नयन सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## सीओ व थाना प्रभारी ने की गम्हरिया बाजार में पटाखा दुकानों में छापेमारी, चिन्हित स्थल पर ही दुकान लगाने का निर्देश

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया के अंचलाधिकारी गिरीन्द्र टूटी और आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार द्वारा औचक छापेमारी कर गम्हरिया बाजार और टाटा-कांड्रा मार्ग के सर्विस रोड पर पटाखे बेच रहे दुकानदारों को वहां से दुकानें हटाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने पटाखा विक्रेताओं को सख्त हिदायत देते हुए इसके लिए चिन्हित स्थल छोटा गम्हरिया स्थित दुर्गापूजा मैदान जाने का निर्देश दिया। बताया गया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से बाजार व इसके आसपास के क्षेत्रों में पटाखा की दुकानें नहीं लगाने का निर्देश दिया गया था। स्थानीय प्रशासन की ओर से इसके लिए दुर्गापूजा मैदान को चिन्हित किया गया है। इसके बावजूद सड़क किनारे बाजार में 50 से अधिक पटाखों की दुकानें लगा दी गई है। इससे कारण आदित्यपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया बाजार के दोनों सर्विस रोड को अतिक्रमण कर करीब दो सौ से अधिक दुकानें लगा दी गई है। इससे अन्य दुकानदार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसके अलावा पूजा के दौरान लोगों की भीड़ के कारण मुख्य सड़क घंटों जाम हो जाता है।

## नव ज्योति विद्या मंदिर में दिवाली उत्सव पर बनाई गई रंगोली

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नव ज्योति विद्या मंदिर, जगन्नाथपुर गम्हरिया में शनिवार को दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न डिजाईनों की आकर्षक रंगोली और कई प्रकार की सजावटी वस्तुएं बनाए गए। मौके पर छात्रों ने भी दीये जलाकर दीपोत्सव मनाते हुए एक-दूसरे को खुश और सुरक्षित दिवाली की शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका अनामिका श्रीवास्तव ने बच्चों को दीपावली का त्योहार हानिकारक पटाखों के साथ नहीं, बल्कि मित्रों एवं परिवार के साथ मनाने की अपील की। इस मौके पर विद्यालय के सचिव डॉ. संजीव श्रीवास्तव ने छात्रों को पटाखों से होने वाले प्रदूषण के बारे में बताते हुए इससे होने वाले नुकसानों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने जरूरतमंद लोगों के बीच मिठाई वितरण करने की अपील की।



# झारखंड स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर डीडीसी ने की बैठक

### चंपई होंगे अतिथि

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सरायकेला :** उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित पदाधिकारियों सहित बैठक करते हुए राज्य स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तैयारी पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम काशी साहू कॉलेज सरायकेला के मल्टीपरपस हॉल में आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन उपस्थित होंगे। उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल, विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन तथा योग्य लाभुकों के मध्य परिसंपत्तियों का वितरण जैसे कार्यक्रमों पर संबंधित पदाधिकारियों सहित बिंदुवार विचार- विमर्श किया। उन्होंने कहा कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, आपूर्ति विभाग, कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जेएसएलपीएस समेत विभिन्न विभागों का स्टॉल लगा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी तथा योग्य लाभुकों के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। लाभुकों के आवागमन, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं चलन्त शौचालय की व्यवस्था करने तथा अन्य सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक संदीप कुमार दुराईबुरु, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, सरायकेला की अनुमंडल पदाधिकारी पारुल सिंह सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वन भूमि पर अवैध कब्जे को रोकने गए फॉरेस्टर पर हमले की कोशिश, गये जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र के दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी स्थित दलमा मुख्य प्रवेश द्वार के सामने दुकान का निर्माण कार्य चल रहा था। इसकी सूचना पर निर्माण कार्य को रोकने पहुंची वन विभाग की टीम पर दुकानदार ने हमला करने की कोशिश की। वन विभाग के पदाधिकारी को वन भूमि पर अतिक्रमण होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पूछताछ करने पहुंचे फॉरेस्टर पर गाली गलौज करते हुए बेलचा एवं ईंट से हमला करने की कोशिश की गई। जानकारी के अनुसार शनिवार को दोपहर दलमा पश्चिमी फॉरेस्टर सागर श्रीवास्तव रामगढ़ बीट शहरबेड़ा में वन भूमि पर बन रहे सीमेंटिंग मकान के रूप में अवैध कब्जे को रोकने के लिए गए थे।



फॉरेस्टर पर मकान निर्माण करने वालों ने अभद्रता दिखाते हुए हमला करने की कोशिश की। सूचना पर वनकर्मी, बीट गार्ड दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और मकान निर्माण करा रहे नाडू तंतुबाई को धर दबोचा और जेल भेज दिया। बता दें कि उस जगह पर और भी कई दुकानें है जो वन भूमि पर चल रही है। लेकिन दुकान वैध है या अवैध यह जांच का विषय है। वहीं कुछ महीनों से दलमा प्रथम गेट के सामने वन भूमि को लेकर मामला गर्माया हुआ है।

## डीएलसीजी की बैठक में शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित कराने का निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में डीडीसी प्रवीण कुमार गागराई की अध्यक्षता में जिला स्तरीय को-ऑर्डिनेशन कमिटी (बैंकर्स) की बैठक आयोजित की गई। डीडीसी द्वारा बैठक में क्रेडिट-डेबिट अनुपात, कृषि क्षेत्र में उपलब्धि, एमएसएमई, केसीसी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुद्रा ऋण, स्वयं सहायता समूह, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना समेत विभिन्न बिंदुओं पर क्रमवार समीक्षा की गई। उन्होंने पीडी जनरेशन में तेजी लाने, केसीसी एवं एसएचजी क्रेडिट लिंकेज के लंबित मामलों को यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप क्रियान्वयन, विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार करने, कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों का निश्चित समयावधी में निराकरण करने तथा पंचायतों में विशेष कैंप लगाकर योग्य लाभुकों को केसीसी का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में नाबार्ड के डीडीएम ने घर-घर केसीसी अभियान की समीक्षा करते हुए अभियान में तेजी लाने एवं शत-प्रतिशत लाभुकों का केसीसी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कुचाई में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर बीडीओ ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** शनिवार को कुचाई प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी साधुचरण देवगम की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। मौके पर बीडीओ ने कहा कि पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को सहायता के लिए केन्द्र सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना में चयनित लाभार्थी को 5 से 7 दिन का प्रशिक्षण और 500 रुपए प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा तथा प्रशिक्षण के उपरांत टूल किट हेतु 15 हजार रुपए ई वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे। योजना का लाभ विभिन्न लोगों को मिलेगा। जिसमें कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाला, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राज मिस्त्री, चटाई झाड़ू बनाने वाले, पारंपरिक गुड़िया और खिलौना बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी एवं मछली का जाल बनाने वाले को इसका लाभ मिलेगा। आवेदक अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र पर जाकर



ऑनलाइन करेंगे। इस योजना का लाभ लेने हेतु आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासबुक व पेन कार्ड की छायाप्रति जो मोबाइल नंबर से लिंक होना चाहिए। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए, आवेदक पूर्व में पीएमईजीपी, पीएम स्वनिधि, मुद्रा लोन आदि से लाभ न प्राप्त किया हो। परिवार का केवल एक व्यक्ति ही इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ साधु चरण देवगम, लघु उद्योग विभाग के प्रखंड समन्वयक अभिजीत प्रमाणिक, प्रधान सहायक सुबोध टुडू, सीएससी प्रबंधक ऊम शरण, मुखिया करम सिंह मुंडा व रेखा मनी उरांव आदि उपस्थित थे।

## साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी में दीपावली, काली पूजा व छठ पूजा को लेकर कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी में शनिवार को दीपावली को लेकर बच्चों ने एक से बढ़कर एक दीया सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया। वहीं काली पूजा को लेकर बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई। जिसमें प्रताप सदन की गुड़िया सिंह, महक गुप्ता, मेघा महतो। पटेल सदन की समीक्षा व कुमारी रिंकी कुमारी। शिवाजी सदन की तुलसी प्रमाणिक व रिया महतो। सुभाष सदन की तनिषा कुमारी ने मनमोहक रंगोली बनाई। इस दौरान छठ पर्व की महिमा को बताते हुए बच्चों ने लौकी भात, खरना से लेकर अर्घ्य देने की विधि, छठ पर्व में आस्था रखने की परंपरा को जमीन से जोड़े रखने की अपील करते हुए सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय डायरेक्टर शिवम शर्मा ने बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने बच्चों की प्रतिभा को देखकर कहा कि हम सभी को पर्व त्योहार भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। छठ पर्व को लेकर बताया कि हमारे सनातन धर्म में उगते हुए सूरज को अर्घ्य तो देते ही हैं परंतु डूबते हुए सूर्य को भी अर्घ्य देकर हम भगवान के प्रति अपनी आस्था को प्रकट करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रही।

## पूर्व सांसद विजय सिंह सोय की 67वीं जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** पूर्व सांसद विजय सिंह सोय की 67वीं जयंती शनिवार को चक्रधरपुर के त्रिशूल चौक स्थित स्व विजय सिंह सोय के समाधि स्थल के समीप मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने पूर्व सांसद विजय सिंह सोय के समाधि स्थल पर फूल माला चढ़ाकर व दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मौजूद युवा कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव सह रामगढ़ प्रभारी सौरव अग्रवाल, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य विजय सिंह सामड, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष पोंडे राम सामड, उपाध्यक्ष आर्यन हांसदा के अलावे स्व विजय सिंह सोय की पत्नी कुंती सोय, माला सोय, पुत्री अनुप्रिया सोय, प्रियंका सोय, पुत्र राहुल सोय के अलावे



अन्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौके पर नरसिंह बोदरा, सावित्री सवैया, माधुरी जामुदा, विजय सिंह सामड, लाल मोहन सोय, जयदेव चौधरी, पौदा मुंडा, मनमोहन प्रसाद, कालिया जामुदा, विजय मुंडा, भीमसेन होनहागा, नरेश कोडांकेल व भूदेव महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर क्विज का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर की ओर से तीन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मौलाना आजाद की जीवनी पर क्विज, उनके नाम पर सड़क का नामकरण एवं मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। उर्दू टाउन मिडिल स्कूल के प्रांगण में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में 18 टीमों ने हिस्सा लिया। मध्य विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय स्तर के प्रतिभागी 3-3 की जोड़ियों में शामिल हुए। जिसमें कोल्हान विवि उर्दू



विभाग की टीम प्रथम, जवाहर लाल नेहरु कॉलेज सेमेस्टर-1 की टीम द्वितीय तथा कौसर कोचिंग सेंटर चोंगासाई की टीम तीसरे स्थान पर रही। तीनों टीमों को ट्रॉफी तथा सभी प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र दिये गये। विजेता को 2 हजार, उपविजेता को एक हजार तथा तीसरी टीम को 500 रूपये का नगर पुरस्कार भी दिया गया। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष सैयद शहजाद मंजर, सचिव बैरम खान, उपाध्यक्ष हाजी एकराम हुसैन, सहसचिव मो सद्दाम हुसैन, कोषाध्यक्ष मो तौकीर, विभिन्न मसजिदों के पेशइमाम, सलाकार समिति व कार्यकारिणी समिते के सदस्यों के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने ओल्ड एज होम डिमना में रह रहे लोगों के साथ छोटी दिवाली मनाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शनिवार को छोटी दिवाली के अवसर पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने डिमना लेक के समीप स्थित फुरिडा ओल्ड एज होम में रह रहे लोगों के साथ दीपावली का शुभ त्योहार मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर बोड़ाम थाना के थाना प्रभारी धनंजय बैठा एवं नेशनल कमिटी के जनरल सेक्रेटरी सैयद मनसूर आलम खास तौर से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के प्रेसिडेंट मतिनुल हक अंसारी, मानगो निगम निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान, हाजी अयूब अली, फिरोज असलम, शाहिद परवेज,



नादिर खान, ताहिर हुसैन, साजिद परवेज, मोहम्मद फिरोज आलम, आजादनगर थाना पीस कमेटी के मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी ने उपस्थित होकर वहां रह रहे लोगों के साथ त्योहार मनाया जो परिवार से दूर और अपनों के साथ इस अवसर पर नहीं है। मुख्य अतिथि धनंजय बैठा ने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा इस तरह के कामों की सराहना की गई और कहा जो लोग अपनी मां को इस तरह इस उम्र में अकेला छोड़ देते हैं जबकि एक मां अपना पूरा परिवार पालती हैं।ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा ओल्ड एज होम में रह रहे लोगों के बीच दीया और फुलझड़ी जलवाया और कंबल, फल आदि का वितरण भी किया। सभी लोगों ने बहुत उत्साह के साथ इस अवसर का आनंद लिया और त्योहार के अवसर पर खुशी मनाई।

## ग्रामीणों के आंदोलन का असर : माधवपुर स्वास्थ्य उपकेन्द्र नए भवन के मामले में हुआ स्थल निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत माधवपुर स्वास्थ्य उपकेन्द्र के नए भवन के निर्माण के मुद्दे पर ग्रामीणों का आंदोलन रंग लाता दिख रहा है। गुरुवार को भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिले के उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपे जाने के बाद शुक्रवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर बोड़ाम अंचल के हल्का कर्मचारी विष्णु कुमार द्वारा मुखिया शत्रुघ्न सिंह व ग्राम प्रधान केशरी मोहन महतो की मौजूदगी में स्थल निरीक्षण किया गया। माधवपुर पंचायत मंडप व आंगनबाड़ी केंद्र के ठीक बगल में मौजूद सरकारी जमीन का स्थल निरीक्षण के पश्चात कर्मचारी ने जगह को उपयुक्त



बताया। उन्होंने बताया कि आईटीडीए की ओर से अंचल कार्यालय को प्राप्त निर्देश के आधार पर वे आज गांव पहुंचे। ग्रामीणों की ओर से जो जमीन दिखाई गई, पर्याप्त है उसमें स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण कार्य हो सकता है। इस संबंध में मुखिया ने बताया कि करीब चार दशक पूर्व माधवपुर गांव में ही स्वास्थ्य उपकेन्द्र की स्थापना हुई थी जिसमें आसपास के गांवों के लोग सरकार की स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का लाभ लेते थे और अब भी ले रहे हैं। पुराना भवन जर्जर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग से स्वीकृत नए भवन का निर्माण कार्य पंचायत मुख्यालय से करीब 4 किमी दूर बंगाल सीमा से सटे राजाहाटा गांव में किया जाने लगा। इसकी जानकारी मिलने के बाद से लगातार ग्रामीणों द्वारा अंचल कार्यालय एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में जानकारी देते हुए आपत्ति दर्ज कराई गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और निर्माण कार्य जारी रहा। इसके बाद मामले को लेकर झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर करते हुए गलत जगहों पर हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की गई। इसके बावजूद रोक नहीं लगने पर गुरुवार को ही जिला मुख्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत की गई। स्थल निरीक्षण के मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक रमानाथ महतो, हेम चंद्र महतो, सुकुमार कुण्डु, संजय महतो, सतीश चन्द्र महतो, प्रकाश दत्त, सुभाष महतो, मानस कुमार राणा, गणेश महतो, बासुदेव महतो, उमेश कुमार महतो एवं मोतीलाल महतो आदि शामिल थे।

## छात्राओं ने बनाये मनमोहक रंगोली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** शैक्षणिक संस्थान आवर क्लासेस फॉर योर सक्सेस में दीपावली के अवसर पर छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर लोगों को अचंभित कर दिया, जिसकी काफी प्रशंसा की गई। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन के झारखंड राज्य प्रभारी आकाश महतो ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के बीच प्रतियोगिताओं के आयोजन से दिमाग में सकारात्मक सोच विकसित होता है, जो जीवन जीने में अहम भूमिका निभाती हैं। कला शिक्षक अजय करुआ ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ काल्पनिक कला भी आवश्यक है। इससे मानसिक विकास होता है। अंत में संस्थान के संस्थापक अमन यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में राखी सत्पथी, सुजीत, राहुल, रवीश, रितेश यादव, किरण किस्कू, नेहा, तनुजा, रितिका, रानी, सुहानी, बर्षा व सुष्मिता आदि का अहम योगदान रहा।

संपादकीय

## नीतीश की अमर्यादित भाषा

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दोनों सदनों में महिला के प्रजनन अधिकारों पर ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया है, जिसे अभद्र, अमर्यादित, असंसदीय और अंततः अश्लील करार दिया जा सकता है। वह भाषा न तो लिख कर दोहराई जा सकती है और न ही कही जा सकती है। परिवार में भी इतनी मर्यादा और परदा रखा जाता है कि ऐसी भाषा को साझा नहीं किया जा सकता। ऐसे शर्मसार और निर्लज्ज बयान देने वाले नीतीश कुमार कमोबेश देश के पहले मुख्यमंत्री हैं। वह नौसीखिया राजनीतिज्ञ नहीं हैं, बल्कि बीते 18 सालों से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। 'सुशासन बाबू' विशेषण उनकी शख्सियत के साथ चिपका दिया गया है। बेशक 'लड़कियों के लिए साईकिल' और 'शराबबंदी' सरीखी योजनाएं उन्होंने बिहार में लागू कीं और पंचायत स्तर पर भी महिलाओं को आरक्षण दिया, लिहाजा नीतीश कुमार महिला वर्ग के 'चहेते मुख्यमंत्री' बने रहे हैं। उन्हें महिलाओं का भरपूर समर्थन भी मिलता रहा है, लेकिन स्त्री-पुरुष संबंधों और प्रजनन पर वह ऐसे 'प्रोफेसर' की मुद्रा में आ गए मानो मेडिकल के छात्रों को पढ़ा रहे हों! प्रोफेसर की भाषा भी ऐसी नहीं होती।


'सुशासन बाबू' विशेषण उनकी शख्सियत के साथ चिपका दिया गया है। बेशक 'लड़कियों के लिए साईकिल' और 'शराबबंदी' सरीखी योजनाएं उन्होंने बिहार में लागू कीं और पंचायत स्तर पर भी महिलाओं को आरक्षण दिया, लिहाजा नीतीश कुमार महिला वर्ग के 'चहेते मुख्यमंत्री' बने रहे हैं। उन्हें महिलाओं का भरपूर समर्थन भी मिलता रहा है, लेकिन स्त्री-पुरुष संबंधों और प्रजनन पर वह ऐसे 'प्रोफेसर' की मुद्रा में आ गए मानो मेडिकल के छात्रों को पढ़ा रहे हों! प्रोफेसर की भाषा भी ऐसी नहीं होती। मर्यादा क्यों जरूरी है आखिर? विधानसभा और विधान परिषद में इसकी क्या जरूरत थी? वे सदन सरकार की नीतियों पर विमर्श करने के लिए हैं। वहां मुख्यमंत्री 'गुप्त ज्ञान' नहीं बांट सकते। मुख्यमंत्री ऐसी शब्दावली का इस्तेमाल नहीं कर सकते कि एक महिला मंत्री को मुंह छिपाना पड़े और एक महिला विधायक की रुलाई फूट पड़े। मुख्यमंत्री का चरित्र देखिए कि जब वह मर्यादाओं को लांघ रहे थे, तब मुस्करा भी रहे थे और सदन में कुछ पुरुष विधायकों ने ठहाके भी लगाए थे। लैंगिक अधिकारों के संदर्भ आते हैं, तो यह भारतीय राजनीति का चरित्र बार-बार उभर कर सामने आता है। नीतीश को 'सज्जन नेता' माना जाता रहा है, लेकिन अब उससे भी मोहभंग हो गया है।


मर्यादा क्यों जरूरी है आखिर? विधानसभा और विधान परिषद में इसकी क्या जरूरत थी? वे सदन सरकार की नीतियों पर विमर्श करने के लिए हैं। वहां मुख्यमंत्री 'गुप्त ज्ञान' नहीं बांट सकते। मुख्यमंत्री ऐसी शब्दावली का इस्तेमाल नहीं कर सकते कि एक महिला मंत्री को मुंह छिपाना पड़े और एक महिला विधायक की रुलाई फूट पड़े। मुख्यमंत्री का चरित्र देखिए कि जब वह मर्यादाओं को लांघ रहे थे, तब मुस्करा भी रहे थे और सदन में कुछ पुरुष विधायकों ने ठहाके भी लगाए थे। लैंगिक अधिकारों के संदर्भ आते हैं, तो यह भारतीय राजनीति का चरित्र बार-बार उभर कर सामने आता है। नीतीश को 'सज्जन नेता' माना जाता रहा है, लेकिन अब उससे भी मोहभंग हो गया है। बेशक मुख्यमंत्री ने खुद अपनी निंदा की है, शर्म महसूस की है, दुख भी प्रकट किया है और माफी मांगते हुए अपने शब्द वापस लिए हैं, लेकिन साथ में यह भी जोड़ दिया गया है कि 'अगर किसी को तकलीफ।' यह हास्यास्पद राजनीति है। दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय सर्वेक्षण के संदर्भ में मांग की थी कि दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का कुल आरक्षण 65 फीसदी किया जाए। सवर्णों के लिए 10 फीसदी आरक्षण भी है, लिहाजा आरक्षण की कुल सीमा 75 फीसदी की जाए। बिहार के 'पिछड़ावादी' मुख्यमंत्री लालू यादव, राबड़ी देवी, नीतीश कुमार कोटे के अलावा और क्या जानते हैं? और इसके अलावा बिहार को उन्होंने क्या दिया है? बिहार में सबसे अधिक करीब 35 फीसदी लोग गरीब हैं। प्रति व्यक्ति आय 54,383 रुपए है। औसतन 55 फीसदी छात्राएं ही साक्षर हैं, जबकि ग्रेजुएट का औसत मात्र 7 फीसदी है। बहुत बड़ी संख्या में बिहारी लोग मजदूरी करने या रिक्शा चलाने बड़े शहरों को पलायन कर जाते हैं। ग्रेजुएशन की डिग्री 4-5 साल में भी मिल जाए, तो गनीमत है। मुख्यमंत्री ने इन सब तथ्यों से आंख मूंद रखी है। अच्छा है कि ज्यादा महिलाएं शिक्षित हो रही हैं, लिहाजा प्रजनन दर को कम किया गया है। जनसंख्या की दर 4.3 से घटकर 2.9 हो गई है। ये आंकड़े बिहार के अधिकृत ब्योरे हो सकते हैं, लेकिन हम इन तथ्यों पर भी भरोसा नहीं करते। गंभीर सवाल यह है कि मुख्यमंत्री को ऐसी फूहड़ और भद्दी भाषा तथा छिछले इशारे करने की जरूरत क्या थी? हास्यास्पद है कि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके पार्टी प्रवक्ता मुख्यमंत्री के कथनों को 'सही' मान रहे हैं, बल्कि मुख्यमंत्री का महिमा-मंडन किया जा रहा है। आश्चर्य यह है कि विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन ने ऐसी भाषा पर टिप्पणी तक नहीं की।

कुछ अलग

## सियासी परिदृश्य की प्रतिभा

**हिमाचल** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के कम से कम मंडी दौरे ने यह बता दिया कि पार्टी के सामने लोकसभा चुनाव की दीवार खड़ी है। ताजी सत्ता के सामने लोकसभा चुनाव के पैमानों की सियासत तो रहेगी ही, लेकिन तख्त और ताज की परीक्षा में सरकार के ढर्रे का मूल्यांकन भी होगा। यह इसलिए भी कि कांग्रेस इस समय देश के सामने फिर युग परिवर्तन की भूमिका में आगामी चुनाव की धुरी से, विपक्षी एकता के समुद्र को लांघ रही है, जबकि वर्तमान में पांच राज्यों के चुनाव परिणाम उसका राजनीतिक स्थान, कद और परिदृश्य तय करेंगे। हिमाचल में लोकसभा चुनाव की पटकथा यूं तो मंडी व हमीरपुर में लिखी जाएगी, फिर भी कांगड़ा और शिमला संसदीय क्षेत्रों में सत्ता के दरबार और सत्ता के दरबारियों के बीच फैसला होगा। मंडी क्षेत्र में प्रतिभा सिंह को कांग्रेस के तिलक और अपने परिवार की पृष्ठभूमि में उसी संकल्प को फिर से पूरा करना है, जो पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की विरासत का संरक्षण करने का माद्दा रखता है। दूसरी ओर भाजपा की पूर्व सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अमानत के लिए यहां चुनाव में दो-दो हाथ करने के लिए पगड़ी का सवाल है। क्या मंडी की पगड़ी पहन कर जयराम ठाकुर दिल्ली फतह करने के लिए इस सीट को सुनिश्चित करेंगे या फिल्मों में पिट कर सियासत में देश भक्ति खोज रही कंगना रणौत को भाजपा का आश्रय मिल जाएगा। फिलहाल कांग्रेस की ओर से मंडी का उम्मीदवार और भाजपा की ओर से हमीरपुर के प्रत्याशी लगभग तय हैं। मंडी के बाद हमीरपुर संसदीय सीट में इस बार राज्य बनाम केंद्र की सत्ता का मुकाबला होगा। तमाम सत्ताओं के श्रेष्ठ फलक पर विद्यमान नेताओं का अपना भविष्य हमीरपुर संसदीय सीट के भविष्य पर टिका है। यह सीट मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अलावा उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के ताज-तिलक की परीक्षा है, तो केंद्रीय मंत्री के रूप में अनुराग ठाकुर की छवि और बतौर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के प्रभुत्व व प्रतिष्ठा का मूल्यांकन भी करेगी। जहां तक शिमला संसदीय सीट की अहमियत का सवाल है, सरकार सबसे अधिक मंत्रिमंडल में इस क्षेत्र को प्रतिनिधित्व देकर अपना दांव खेल चुकी है। शिमला सीट को जीतने का सामर्थ्य हकीकत में मंत्रिमंडल के गठन का विजय घोष होना चाहिए। यहां कई तोरणद्वार व कलगियां लगाकर सरकार ने प्रदेश को हिम्मत से बताया था कि उसके प्रभाव के सारे आंकड़े यानी पांच मंत्री इस क्षेत्र से होना अब नई सत्ता का दस्तूर है। यहां कांग्रेस का दांव अन्य सभी सीटों से भारी है। सरकार में कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट की हकीकत राजनीतिक दास्तां की तरह है। यहां मंत्रिमंडल की एकमात्र पगड़ी पहने चौधरी चंद्र कुमार के माध्यम से अन्य पिछड़ा वर्ग के सारे मत बटोरने की इच्छा सरकार को रहेगी, लेकिन मंत्रिमंडल की रिक्तियां फिलहाल, सबसे अधिक सत्ता को दस विधायक सौंपने वाले कांगड़ा जिला की सियासी मजबूरी ही साबित हुई हैं। हो सकता है सीपीएस, कैबिनेट रैंक के दो पदकों व विधानसभा अध्यक्ष के पद देने के बाद भी चुनावी परीक्षा में उतरने से पहले सत्ता को उपेक्षित कांगड़ा का महत्त्व समझ आ जाए। ऐसे में मंत्रिमंडल विस्तार के लिए लोकसभा चुनाव ने कुछ जख्म तो अब तक सहला ही दिए हैं। फिर भी चुनावी परिभाषा के अनुरूप कांगड़ा संसदीय सीट भाजपा व कांग्रेस की कमजोर कड़ी प्रतीत होती है। यहां उम्मीदवारी के लिए खाली मैदान समझ कर कुछ ऐसे लोग भी मांसपेशियां दिखा रहे हैं, जो न भाजपा की उधेड़बुन कम कर सकते हैं और न ही कांग्रेस के दीप को आंधियों से बचा सकते हैं।

### विपक्षी दलों का मार्गदर्शन करेंगे और नरेन्द्र मोदी को पराजित करने की इच्छा को साकार करेंगे

## विपक्ष का गठबंधन किस राह पर?

कुलदीप चंद अग्निहोत्री


नीतीश बाबू को इससे कोई फर्क नहीं पडऩे वाला। अलबत्ता उनकी इस भागदौड़ में लालू के बेटों ने आंगन के पिछवाड़े पर कब्जा कर लिया। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का सारा श्रेय उन्होंने स्वयं लेना शुरू कर दिया। नीतीश बाबू का नाम ही गोल कर दिया। इंडी में पूछ प्रतीत नहीं और लालू के बेटे पीछे से घेरने लगे तो नीतीश बाबू ने बिहार विधानसभा में ही शाब्दिक अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दीं। विधानसभा में महिला सदस्य भी बैठी थीं तो नीतीश बाबू सधे अंदाज में अभिनय के साथ संभोग की क्रियाएं समझाने लगे। नीतीश बाबू की यह मानसिक हालत अभी किसी को पता नहीं थी। लेकिन लगता है राजनीतिक स्थिति से निराश होकर वे स्वयं ही अपनी असलियत जाहिर करने लगे हैं।


**कुछ** महीने पहले विपक्ष के प्रमुख दलों ने मिल बैठ कर एक गठबन्धन बनाया था जिसका नाम उन्होंने इंडी रखा। शुरू शुरू में दो बैठकें भी कीं। मोटे तौर पर सभी दलों ने मान ही लिया कि नेतृत्व राहुल गान्धी जी का ही रहेगा। वे ही विपक्षी दलों का मार्गदर्शन करेंगे और नरेन्द्र मोदी को पराजित करने की इच्छा को साकार करेंगे। राहुल गान्धी ने भी इस नई भूमिका के लिए रिहर्सल वगैरह शुरू कर दी। एक दिन ट्रक पर चढ़ कर, ट्रक ड्राईवर का अभिनय किया। दूसरे दिन रेलवे स्टेशन पर जाकर कुली का काम किया। उसके लिए बाकायदा कुली की वर्दी भी पहनी। कुछ क्षण क्षणिक खेत में जाकर ध्यान से यह भी देखा कि पौधे कैसे उगते हैं और वहां धूप में दो तीन मिनट फसल बगैरह काटने का दृश्य भी पैदा किया। बाकी विपक्षी दल उनके ये कार्य धैर्य से देखते रहे कि कम से कम कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलांगना और मिजोरम की पांच विधानसभाओं के चुनाव में उनके लिए कुछ सीटें छोड़ देगी। लेकिन राहुल गान्धी कुली वगैरह बनने तक तो मनोरंजन करते रहे लेकिन अन्य विपक्षी दलों के लिए इन पांच राज्यों में सीटें छोडऩे की सीमा तक मनोरंजन करने के लिए तैयार नहीं हुए। अखिलेश यादव मध्य प्रदेश में अपने समाजवादी दल के लिए सीटें मांग रहे थे। लेकिन राहुल गान्धी पैरों पर पानी नहीं पडऩे दे रहे थे। इसलिए अखिलेश यादव निराश और नाराज, दोनों एक साथ ही हो गए। उन्होंने अपने प्रत्याशियों की फौज मध्य प्रदेश में उतार दी और साथ ही कांग्रेस को खरी खोटी सुना दी। यादव ने यह संकेत भी दे दिया कि लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस जैसी चालाक पार्टी से समझौता कैसे सम्भव है? लालू जी की मांगें तो खत्म होने का नाम ही नहीं लेतीं। आम आदमी पार्टी के खास आदमी कांग्रेस से भी चालाक सिद्ध हो रहे हैं। उनको लगता था कि इन पांच राज्यों में कांग्रेस प्रतीक स्वरूप भी उसे कुछ सीटें छोड़ देगी तो वे कुछ अन्य प्रान्तों में भी एक-दो विधायकों के मालिक बन जाएंगे। लेकिन कांग्रेस ने उनकी यह ख्वाहिश पूरी नहीं की। केजरीवाल ने अपने प्रत्याशी जगह जगह खड़े कर दिए हैं। लेकिन क्या मजाल कि कांग्रेस के खिलाफ एक शब्द भी बोला हो। उसका उत्तर शायद वे पंजाब और दिल्ली में दें। यह भी हो सकता है वहां भी न दें। दरअसल केजरीवाल कांग्रेस के ढहने का इन्तजार कर रहे हैं। उनके



पास लम्बा समय है। वे जानते हैं इंडी के बावजूद कांग्रेस का महल गिरेगा ही। तब आपाधापी मचेगी। उस समय वे महल में दबे लोगों को बांह निकालने और उनका स्वागत करने को तत्पर होंगे। परन्तु उनकी एक ही समस्या है। भ्रष्टाचार के मामले उनका पीछा नहीं छोड़ते। कहा भी जाता है कई बार बचपन की गल्तियां ताउम्र तंग करती रहती हैं। भ्रष्टाचार के मामलों में उनके प्रमुख साथी जेल में बन्द हैं। अनेक कोशिशों के बाद भी उनकी जमानत नहीं हो रही। सबूतों के संकेत अब केजरीवाल के घर की ओर भी आने लगे हैं। इसलिए अब वे देशभर में जनमत संग्रह करवाएंगे कि क्या जेल से ही केजरीवाल को मंत्रिमंडल चलाते रहना चाहिए या फिर उन्हें जेल जाने पर इस्तीफा देना चाहिए? वैसे मनीष सिसोदिया ने भी कई महीने पहले जेल जाने पर दिल्ली के स्कूली छात्रों से अपील की थी कि वे मेरी गैरहाजिरी में इधर उधर मत घूमें, अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। उनको लगता था कि उनके डर से ही देश के छात्र पढ़ते हैं। उनके जेल जाने पर वे आवारा हो जाएंगे। यही बात केजरीवाल बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। उनको भी लगता है कि उनके जेल जाने से दिल्ली रसातल को चली जाएगी। इसलिए वे जेल से ही सरकार चलाने का जनमत लेना चाहते हैं। कांग्रेस इस जनमत पर आंख लगाए बैठी है। उनको अपने नैशनल हैराल्ड वाले केस का डर खाए जा रहा है, जिसमें मां-बेटा दोनों ही जमानत पर हैं। इंडी गठबन्धन के बाकी दल स्पष्ट हैं। उन्होंने इसका खुलासा भी कर दिया है। सीताराम येचुरी सीपीएम के बड़े नेता हैं। उन्होंने कोलकाता में स्पष्ट कर दिया कि इंडी की प्राणवायु ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के साथ पश्चिमी बंगाल में कोई समझौता नहीं होगा। उसके साथ बंगाल को छोड़ कर अन्य स्थानों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समझौता होगा। तृणमूल कांग्रेस के लोग हैरान हैं कि पार्टी तो बंगाल की है। सीपीएम बंगाल में समझौता करेगी नहीं तो क्या तृणमूल के साथ पंजाब में सीटों का बंटवारा किया जाएगा। नीतीश बाबू शुरू में ही समझ गए थे कि क्या खेला हो रहा है। भागदौड़ करके विरोधी दलों का सम्मेलन उन्होंने पटना में बुलाया था। सोचा था, उन्हें इसका संयोजक बना दिया जाएगा तो थोड़ा देश भर में घूम कर अपना ईमेज बना लेंगे कि प्रधानमंत्री बनने लायक माल है। जेडीयू के कुछ 'नन्हां मुन्ना राही हूं, देश का सिपाही हूं' टाईप गीत गाने भी शुरू कर दिए थे। देश का सिपाही थोड़ा मैडल वगैरह लगा कर 'प्रधानमंत्री का पद यदि देश की जनता देगी तो मैं पीछे नहीं हटूंगा' जैसे जुमले भी याद करने लगा था। लेकिन कांग्रेस के मां-बेटे ने बेंगलुरु में सारा गुड़-गोबर कर दिया। उनके शो को हाईजैक कर, अपना बोर्ड लगा लिया। इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में नीतीश बाबू के जेडीयू को भी घास नहीं डाली। नीतीश बाबू को भी अपनी पार्टी के प्रत्याशी मैदान में उतारने पड़े। लेकिन चुनाव के नतीजे तो आते रहेंगे। नीतीश बाबू को इससे कोई फर्क नहीं पडऩे वाला। अलबत्ता उनकी इस भागदौड़ में लालू के बेटों ने आंगन के पिछवाड़े पर कब्जा कर लिया। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का सारा श्रेय उन्होंने स्वयं लेना शुरू कर दिया। नीतीश बाबू का नाम ही गोल कर दिया। इंडी में पूछ प्रतीत नहीं और लालू के बेटे पीछे से घेरने लगे तो नीतीश बाबू ने बिहार विधानसभा में ही शाब्दिक अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दीं। विधानसभा में महिला सदस्य भी बैठी थीं तो नीतीश बाबू सधे अंदाज में अभिनय के साथ संभोग की क्रियाएं समझाने लगे। नीतीश बाबू की यह मानसिक हालत अभी किसी को पता नहीं थी। लेकिन लगता है राजनीतिक स्थिति से निराश होकर वे स्वयं ही अपनी असलियत जाहिर करने लगे हैं। लेकिन ताज्जुब है कि उनके इंडी के दूसरे भागीदारों ने न तो नीतीश बाबू की इस हरकत पर क्षोभ व्यक्त किया और यदि वे मानते हैं कि नीतीश बाबू मानसिक निराशा में ऐसा कर रहे हैं, तो कम से कम वे इस पर दुख ही प्रकट करते। इंडी का यह बड़ा अभियान इस हालत तक पहुंच जाएगा, इसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। इस तरह विपक्षी गठबंधन इंडिया में फूट अभी से जाहिर हो रही है।

## खेल सामग्री खरीद में कुछ तो ईमानदारी हो


खेल सामग्री की दुकानदारी अब खेलों से जुड़े लोग भी कर रहे हैं, मगर वो भी खेलों के साथ वफा नहीं कर रहे हैं। उनके द्वारा भी इस नकली खेल सामान धंधे के माध्यम से खेल व खिलाडिय़ों का काफी नुकसान हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व को अचंभित कर रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं, ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गई आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है।


**विद्यालयों** व महाविद्यालयों सहित सभी प्रकार के शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपये का खेल सामान खरीदा जाता है, मगर इस खेल सामान को उपयोग में लाती बार खिलाडिय़ों को बहुत मायूस होना पड़ता है। क्योंकि यह खेल सामान बहुत ही नकली होता है और यह नाम का खेल सामान खिलाडिय़ों को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाता है। खेल सामग्री की दुकानदारी अब खेलों से जुड़े लोग भी कर रहे हैं, मगर वो भी खेलों के साथ वफा नहीं कर रहे हैं। उनके द्वारा भी इस नकली खेल सामान धंधे के माध्यम से खेल व खिलाडिय़ों का काफी नुकसान हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व को अचंभित कर रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं, ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गई आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है। जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हो रहा है, हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इनसान को फिट रहने के लिए किसी न किसी खेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में जब लाखों नहीं करोड़ों खेलेंगे तो उसके लिए खेल उपकरण भी चाहिए। पूरे विश्व में खेल बहुत बड़ा उद्योग बन कर उभरे हैं। हमारे देश में आज खेल उपकरणों का उद्योग अरबों रुपये का कारोबार हर वर्ष कर रहा है। खेल किट व खेल उपकरणों के बाजार में अच्छे से अच्छा व घटिया से घटिया सामान उपलब्ध है। जब सरकारी स्तर पर खेल सामान खरीदा जाता है तो कीमत बढिया या मध्यम स्तर के सामान की होगी और सामग्री निम्न दर्जे की होगी। इस तरह मूल्य उच्च क्वालिटी का तय कर शेष राशि हड़प ली जाती है। व्यापारी व सामग्री खरीदने वाले अधिकारी मिलकर अधिकांश राशि को चट कर जाते हैं। इस कॉलम के माध्यम से पहले भी इस विषय पर लिखा जा चुका है, मगर सरकार खेलों के मामले में सोई हुई है। प्रदेश के महाविद्यालयों में जहां अधिकतर खेल सामग्री महाविद्यालय प्रशासन स्वयं खरीदता है, वहीं पर कुछ खेल सामान पहले शिक्षा निदेशालय मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीद कर महाविद्यालय को दिया जाता था और अब जैम के माध्यम से खरीदा जा रहा है। मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीदा गया खेल सामान बिल्कुल घटिया किस्म का मिलता रहा है। निम्न दर्जे के हाई जम्प व कबड्डी मैट व मुक्केबाजी रिंग इसके उदाहरण आज भी देखे जा सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत खरीदे जिम्म एक साल में ही कबाड़ हो चुके हैं। लाखों रुपये का खेल सामान तो खरीद लिया, मगर यह कोई नहीं सोचता है कि यह काम में भी लाया जा सकता है या नहीं। इस खेल सामान को खरीदने के लिए बनी कमेटी में निदेशालय के अधिकारी व बाबू होते हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी में शायद ही कोई खेल खेला हो, और जो थोड़ा बहुत खेल खेले हैं और खेल सामान की परख भी रखते हैं, वे भी अपने थोड़े लाभ के लिए आंखें बंद कर लेते हैं। आज जब खेल-खेल में स्वास्थ्य स्कीम के अंतर्गत कई करोड़ रुपयों की कृत्रिम प्ले फील्ड जूडो, कुश्ती व खो-खो आदि खेलों के लिए खरीद कर विद्यालयों व महविद्यालय को दी जा रही है, जहां भी खेल सामान खरीदना हो वहां पर खरीददारी के लिए जो कमेटी बने उसमें जिस भी खेल का सामान खरीदना है, उस खेल का प्रशिक्षक व कम से कम दो राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी भी विभागीय अधिकारियों के साथ हों। जिस संस्थान को सामग्री मिले वहां भी कमेटी देखे कि वह घटिया स्तर का तो नहीं दे दिया। अच्छी प्रशिक्षण सुविधा के अभाव में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी समय से पहले ही खेल को अलविदा कह जाते हैं और जिनके पास धन व साधन हैं वे अच्छे प्रशिक्षण के लिए हिमाचल प्रदेश से पलायन कर जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में बहुत कम प्रशिक्षण केन्द्र हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी बनने के लिए स्कूल व कालेज समय में खिलाड़ी को अच्छी खेल सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। पूरे संसार में जहां के खिलाड़ी श्रेष्ठ हैं वहां पर स्कूल व कालेज स्तर पर बहुत ही उत्तम खेल सुविधाएं मुहैया हैं। इस स्तर पर अगर हिमाचल प्रदेश में घटिया खेल सामान न खरीद कर उच्च क्वालिटी का खेल सामान खरीदा होगा तो स्तरीय खेल सुविधा होगी तो जहां जो खिलाड़ी प्रशिक्षण सुविधाओं के अभाव में खेल छोड़ देते हैं वे अपने घर में रह कर खेल जारी रख सकते हैं। खेल सुविधाओं के लिए पलायन करने वालों को भी जब अपने ही राज्य में रह कर अपना प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के लिए सुविधा मिलेगी तो वह फिर क्यों अपना प्रदेश छोड़ेंगे। क्या हिमाचल प्रदेश सरकार इसे गम्भीरता से लेगी। अब भी समय है शिक्षा निदेशालय हो या कोई भी संस्थान, अब हिमाचल प्रदेश में उचित मूल्य चुका कर घटिया किस्म का खेल सामान खरीद कर करोड़ों रुपये की बंदरबांट को बंद करके असली खेल सामान खरीद कर हिमाचल प्रदेश के खिलाडिय़ों का भला करना होगा।



देश दुनीया से

## चरित्र हनन का शक्तिशाली औजार भी बन रही है तकनीक, सतर्कता जरूरी

**पुष्पा** जैसी सफल फिल्म से प्रसिद्ध हुईं अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों एक वायरल वीडियो के कारण चर्चा में हैं। डीपफेक तकनीक के जरिये तैयार किए गए इस वीडियो में नजर आ रही एक महिला को रश्मिका मंदाना की तरह दिखाने की कोशिश की गई। अमिताभ बच्चन ने इस वीडियो का संदर्भ देते हुए एक्स पर लिखा कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके प्लेटफॉर्म पर गलत सूचना साझा न की जाए। कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आगमन से पत्रकारिता उद्योग में उम्मीदें बढ़ी थीं। उम्मीद यह भी जताई जा रही थी कि कृत्रिम मेधा से फेक न्यूज और गलत सूचना के प्रसार को रोकने का एक प्रभावी तरीका मिल जाएगा। पर व्यवहार में इसका उल्टा ही हो रहा है। एक तरफ प्रौद्योगिकी ने आर्थिक और सामाजिक विकास किया है, तो दूसरी ओर फेक न्यज में काफी वृद्धि हुई है। लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अड़चन पैदा करने और चरित्र हनन करने में इंटरनेट एक शक्तिशाली औजार के रूप में उभरा है। डीपफेक में कृत्रिम मेधा एवं आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल के जरिये किसी वीडियो क्लिप या फोटो पर किसी और व्यक्ति का चेहरा लगाने का चलन तेजी से बढ़ा है। इसके जरिये कृत्रिम तरीके से ऐसे क्लिप या फोटो विकसित किए जा रहे हैं, जो देखने में वास्तविक लगते हैं। डीपफेक एक अलग तरह की समस्या है, जिसमें वीडियो सही होता है, पर तकनीक से चेहरा, वातावरण या असली ऑडियो बदल दिया जाता है और देखने वाले को इसका पता नहीं लगता कि वह डीपफेक वीडियो देख रहा है। डीपफेक बेहद पेचीदा तकनीक है। इसके लिए मशीन लर्निंग यानी कंप्यूटर में दक्षता होनी चाहिए। डीपफेक कंटेंट दो एल्गोरिदम का उपयोग करके तैयार किया जाता है, जो एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करता है। एक को डिकोडर कहते हैं, तो दूसरे को एनकोडर। इसमें वह फेक डिजिटल कंटेंट बनाता है और डिकोडर से यह पता लगाने के लिए कहता है कि कंटेंट असली है या नकली। हर बार डिकोडर कंटेंट को असली या नकली के रूप में सही ढंग से पहचानता है, फिर वह उस जानकारी को एनकोडर को भेज देता है, ताकि अगले डीपफेक में गलतियां सुधार कर उसे और बेहतर किया जा सके। एक बार ऐसे वीडियो जब किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आ जाते हैं, तो उनकी प्रसार गति बहुत तेज हो जाती है। इंटरनेट पर ऐसे करोड़ों डीपफेक वीडियो मौजूद हैं। इस तकनीक की शुरुआत अश्लील कंटेंट बनाने से हुई। पोर्नोग्राफी में इस तकनीक का काफी इस्तेमाल होता है। अभिनेता और अभिनेत्री का चेहरा बदलकर अश्लील कंटेंट पोर्न साइट्स पर पोस्ट किया जाता है। डीपट्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में ऑनलाइन पाए गए डीपफेक वीडियो में 96 फीसदी अश्लील कंटेंट था। इस तकनीक का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए भी किया जाता है। डीपफेक कंटेंट की पहचान करने के लिए कुछ खास चीजों पर ध्यान देना जरूरी है। उनमें सबसे पहली है चेहरे की स्थिति। अक्सर डीपफेक तकनीक चेहरे और आंख की स्थिति में मात खा जाती है। देश में डिजिटल साक्षरता कम होने के कारण डीपफेक वीडियो समस्या को और गंभीर बनाते हैं। हालांकि ऐसे वीडियो को पकड़ना आसान भी हो सकता है, क्योंकि ये इंटरनेट पर मौजूद असली वीडियो से ही बनाए जा सकते हैं। पर इसके लिए जिस धैर्य की जरुरत है, वह व्हाट्सऐप मैसेज फॉरवर्ड करते रहने वाले भारतीयों में नहीं दिखती। ए सी नेल्सन की हालिया 'इंडिया इंटरनेट रिपोर्ट, 2023' के आंकड़े के मुताबिक, ग्रामीण भारत में 42.5 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जो शहरी भारत की तुलना में 44 फीसदी अधिक हैं।


लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अड़चन पैदा करने और चरित्र हनन करने में इंटरनेट एक शक्तिशाली औजार के रूप में उभरा है। डीपफेक में कृत्रिम मेधा एवं आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल के जरिये किसी वीडियो क्लिप या फोटो पर किसी और व्यक्ति का चेहरा लगाने का चलन तेजी से बढ़ा है। इसके जरिये कृत्रिम तरीके से ऐसे क्लिप या फोटो विकसित किए जा रहे हैं, जो देखने में वास्तविक लगते हैं। डीपफेक एक अलग तरह की समस्या है, जिसमें वीडियो सही होता है, पर तकनीक से चेहरा, वातावरण या असली ऑडियो बदल दिया जाता है और देखने वाले को इसका पता नहीं लगता कि वह डीपफेक वीडियो देख रहा है। डीपफेक बेहद पेचीदा तकनीक है। इसके लिए मशीन लर्निंग यानी कंप्यूटर में दक्षता होनी चाहिए।


दृष्टिकोण

## रामलाल प्याज नहीं लाया है

**मैं** अपने ऑफिस में जाकर सीट पर बैठा ही था कि रामलाल आ गया। उसे देखते ही मेरा दिमाग खराब हो गया। उसने आकर विनम्रता से हाथ जोड़े और खड़ा रहा। मैं संयत और शांत स्वर में बोला- 'भाई रामलाल, तुम्हारी फाइल मैंने हर जगह ढूंढ ली, लेकिन मिल नहीं रही। तुम्हीं बताओ अब कैसे- क्या करें?' रामलाल बोला -' सर, फाइल थी तो आप ही की कस्टडी में, फाइल जायेगी कहां?' मैंने कहा -'मैं तुमसे सत्य कह रहा हूं भाई, फाइल गुम हो गई है। देखो किसी गलत सेक्शन में चली गई तो वापस आ जायेगी। तुम थोड़ा धैर्य रखो। तुम जानते हो, मैं एकदम साफ-सुथरा आदमी हूं। मुझे तुमसे कुछ लेना-देना है नहीं। मैं तो खुद चाहता हूं कि तुम्हारा लोन टाइमली पास हो जाये तो तुम्हारा बेकार में वक्त खराब न हो।' वह बोला-'सर पांच महीने से चक्कर लगा रहा हूं। मेरी सारी खेती-बाड़ी खराब हो गई है। लोन मिल जाये तो फसलों को पानी मिल जाये।' तभी मेरे साथ बैठा वर्मा बोला- 'भाई रामलाल, तुम्हारे खेती-बाड़ी में किसकी पैदावार होती है?' वह बोला-'सर, मेरे तो साल भर खाने का गेहूं-बाजरा पैदा होता है।' वर्मा बोला-'भाई घर के लिए प्याज तो पैदा करते ही होंगे। एक बोरी प्याज लाकर दे दो तो फाइल ढूंढने की गारंटी मेरी है।' रामलाल बोला-'मेरे घर में कोई प्याज खाता नहीं, इसलिए हम प्याज बोते ही नहीं। यदि प्याज पैदा होता तो मैं वर्मा साहब आपको एक की एवज में दो बोरी प्याज लाकर देता।' वर्मा बोला -'भाई देख लो, कैसे भी करो प्याज लाकर दे दो तो फाइल मैं ढूंढूंगा और एक सप्ताह में लोन का चैक भी तुम्हें मिल जायेगा।' मुझे वर्मा पर बड़ा गुस्सा आया कि वह कैसी बातें कर रहा है। अपने साथ-साथ मुझे भी बदनाम कर रहा है। मैं बोला-'सुनो वर्मा, रामलाल को परेशान करने की जरूरत नहीं है। यदि फाइल तुम्हारी नजर में हो तो लाकर दो। मैं इसका काम निबटा दूं।' मेरी बात पर वर्मा कुटिलता से हंसने लगा। उल्टा वह मुझसे बोला-'शर्मा जी, आप क्यों परेशान हैं। मेरी और रामलाल की बात हो रही है। ज्यादा ही ईमानदार बनते हो तो कर दो उसका काम।' मुझे गुस्सा हा गया, मैं लपककर अपने अफसर के पास गया। सारा किस्सा सुनाया तो वह बोला-'यार शर्मा, वर्मा ठीक ही तो कह रहा है। प्याज मंगाओ तो एक बोरी मेरी भी शामिल कर लेना।' 'सर, न तो मुझे प्याज की रिश्वत खानी और न मेरे पास फाइल, आप वर्मा से सीधे बात कर लो।' मैंने कहा तो अफसर बोला-'तुम जाओ भाई, वर्मा को मेरे पास भेजो। वर्मा काम का आदमी है। तुम्हारे बस की बात है नहीं।' मैं वापस आ गया और वर्मा से बोला कि जाओ साब बुला रहे हैं। वर्मा खुश हो गया। वह लपककर भागा और लौटकर आया तो रामलाल से बोला-'रामलाल, शर्मा जी को छोड़ो। अब तुम मुझसे बात करो। प्याज की बोरी एक नहीं दो लाओ। तुम्हारा काम तो और आसान हो गया। साहब भी प्याज में ही सलट रहे हैं।' रामलाल बोला-'लेकिन प्याज तो बहुत महंगा है। मैं कहां से लाऊंगा।' वर्मा बोला-'मैं तुम्हारी खोई हुई फाइल भी तो लाऊंगा। वैसे ही प्याज ले आओ। अब ज्यादा सिर मत खाओ। इधर प्याज लाओ और उधर अपना चैक ले जाओ।'

# दीपावली पर्व शांति पूर्ण एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाए अनुमण्डल के लोग : एसडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमण्डल क्षेत्र में दीपावली पर्व हर्षोउल्लास के साथ एवं शांति पूर्ण मनावे। पटाखे छोड़ते समय अवश्य ध्यान रखे कि किसी का नुकशान ना हो। वहीं एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि दीपावली खुशी का त्योहार है। इसमें बच्चों पर पटाखे छोड़ते समय विशेष ध्यान दें। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि दीपावली सौहार्द और बुराई पर अच्छाई की जीत है इसे हँसी खुशी मनावे।थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि दीपावली पर्व हँसी खुशी मनावे। किसी तरह का कोई मामला हो तो पुलिस को त्वरित जानकारी दें। जिससे कार्रवाई किया जा सके।बता दें कि दीपावली एक सामाजिक-सांस्कृतिक त्योहार है। यह शब्द संस्कृत के शब्द दीपा, दीपक, रोशनी, लालटेन, मोमबत्ती, जो चमकता है, रोशनी या ज्ञान देता है और अवलि, एक पंक्ति, सीमा, निरंतर रेखा, श्रृंखला से लिया गया है। यह विभिन्न धार्मिक घटनाओं, देवताओं और व्यक्तित्वों से जुड़ा हुआ है। लेकिन 14 साल के वनवास के बाद राम की अपने राज्य अयोध्या में वापसी के रूप में लोकप्रिय रूप से मनाया जाता है। यह व्यापक रूप से समृद्धि की देवी लक्ष्मी और बुद्धि के देवता और बाधाओं को दूर करने वाले गणेश भगवान से भी जुड़ा हुआ है। यह सोहराई, बंदना आदि के नाम से जाना जाता है। हालाँकि, नाम के बावजूद उत्सव का महत्व समान है। यानी अंधेरे पर प्रकाश की जीत, बुराई पर अच्छाई की और अज्ञान पर ज्ञान की जीत। धनतेरस भारत के अधिकांश क्षेत्रों में, धनतेरस, जो धन शब्द से उत्पन्न हुआ है। जिसका अर्थ है धन, और तेरस, जिसका अर्थ है तेरहवां, दिवाली की शुरुआत और अश्विन या कार्तिक के अंधेरे पखवाड़े के तेरहवें दिन का प्रतीक है। इस दिन का नाम धन आयुर्वेदिक देवता धन्वंतरि, जो स्वास्थ्य और उपचार के देवता हैं की ओर भी संकेत करता है। जिनके बारे में माना जाता है कि वे उसी दिन ब्रह्मांडीय सागर के मंथन से लक्ष्मी के रूप में प्रकट हुए थे। यह वार्षिक कायाकल्प, शुद्धिकरण और अगले वर्ष की शुभ शुरुआत का भी प्रतिनिधित्व करता है। **धनतेरस में धातु खरीदने का महत्व :** छोटी दिवाली उत्सव के दूसरे दिन में नरक चतुर्दशी शामिल होती है, जिसे आमतौर पर छोटी दिवाली कहा जाता है। जो अश्विन या कार्तिक के अंधेरे पखवाड़े के चौदहवें दिन आती है। छोटी का अर्थ है छोटा, नरक का अर्थ है नरक, और चतुर्दशी का अर्थ है क्रमशः चौदहवाँ। पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह खुशी का दिन कृष्ण द्वारा राक्षस नरकासुर की हार से जुड़ा है, जिसने 16,000 राजकुमारियों का अपहरण कर लिया था। सबसे बड़ा उत्सव आश्विन या कार्तिक के कृष्ण पक्ष के अंतिम दिन होता है। दिवाली को रोशनी का त्योहार के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह हिंदू, जैन और सिख मंदिरों और घरों की रोशनी का प्रतीक है। यह मानसून की बारिश की सफाई, शुद्धिकरण कार्रवाई की पुनर्रचना का प्रतीक है। गोवर्धन कार्तिक शुक्ल पक्ष का पहला दिन होता है। दुनिया के कुछ हिस्सों में इसे अन्नकूट (अनाज का ढेर), पड़वा, गोवर्धन पूजा, बाली प्रतिपदा, बाली पद्यामी और कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के रूप में भी मनाया जाता है। सबसे प्रसिद्ध लोककथा के अनुसार, हिंदू भगवान कृष्ण ने इंद्र के प्रकोप से होने वाली लगातार बारिश और बाढ़ से खेती और गाय चराने वाले गांवों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बुके देकर नए एसडीओ का किया स्वागत



**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता दिन शनिवार को अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। जहां अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे का महुआडांड़ प्रखंड में स्वागत करते हुए बुके देकर सम्मानित किया। इस शिष्टाचार मुलाकात में झारखंड मुक्ति युवा मोर्चा जिला सचिव परवेज आलम, प्रखंड अध्यक्ष सैफ अली, उपाध्यक्ष मेहंदी हसन, कोषाध्यक्ष अरशद अंसारी, नेल्सन लकड़ा, राजू कुजूर समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एकलव्य विद्यालय का प्रधानमंत्री ऑनलाइन करेंगे उद्घाटन



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायत मंगरा के मुर्गीडीह स्थित एकलव्य विद्यालय का उद्घाटन झारखंड राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन किया जाएगा जिसे लेकर शनिवार को अंचलाधिकारी राकेश सहाय उद्घाटन स्थल पर पहुंचे और उद्घाटन समारोह की तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण करते हुए संवेदक को आवश्यक निर्देश दिया है।

## स्वच्छता को लेकर हरी झंडी दिखाकर ट्राई साईकिल को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू के तहत लातेहार जिला अंतर्गत जैविक व अजैविक कचड़े का सुरक्षित निपटान करने हेतु उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप द्वारा समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर ट्राई साईकिल को चार पंचायतों (जलीमखुर्द, भुसुर, पेसरार, आरागुंडी) के लिए रवाना किया गया।इस दौरान उप विकास आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्राई साईकिल के उपयोग से गांव को साफ सुथरा रखने में मदद मिलेगी। एक तरफ तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में सफलता मिलेगी तो दूसरी तरफ ठोस कचरा यानी पुन- उपयोग वाले सभी कचरा के निस्तारण से प्लास्टिक कचरा के पुन- उपयोग की स्थिति को और मजबूती मिलेगी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू के तहत लातेहार जिला में ट्राई साईकिल के माध्यम से घर-घर जाकर कचरा का संग्रहण किया जाएगा। एवं उक्त कचरे को पंचायत स्तर पर निर्मित ठोस कचरा संग्रहण केंद्र में रखा जाएगा तत्पश्चात कचरे का अंतिम निस्तारण की प्रक्रिया की जाएगी। इस दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार दीपक महतो व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एएम सिद्दीकी पब्लिक स्कूल चतरा में अबुल कलाम आजाद की 135 वीं जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** एएम सिद्दीकी पब्लिक स्कूल वादी इरफान चतरा में भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। मौलाना अबुल कलाम आजाद की उपलब्धियों पर एक सेमिनार भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। मुख्य अतिथि निदेशक प्रोफेसर मोहम्मद उमर फारूक ने मौलाना आजाद के जीवन एवं उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि मौलाना अपने आप में एक आंदोलन थे। उनका जन्म 11 नवंबर 1888 को मक्का में हुआ था। भारत की आज़ादी में मौलाना आज़ाद का कार्य अद्वितीय है। देश की आजादी में दिया गया बलिदान सदैव याद रखा जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मौलाना अब्दुल रशीद ने कहा कि मौलाना आजाद देश के पहले शिक्षा मंत्री बने और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी अविस्मरणीय सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मौलाना के जीवन पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद आरिफ, इजाज अहमद, जकी कौसर, मोहम्मद आमिर, हाफिज अली अकबर, सीमा, साहिन, आरजू, आशियाना, रहमती, सादिया, साइमा, सिद्दीका, मुदस्सरा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य मुजम्मिल के धन्यवाद से हुआ।

## नशे के हालत में सड़क पर चलते हुए गिरा स्थिति गम्भीर, रेफर



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के टंडवा रोड़ एसबीआई बैंक के समीप नशे की हालत में चलते सड़क पर गिर जाने से सर फट गया और लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। मौजूद लोगों ने सड़क से किनारे किया और 108 एम्बुलेंश को बुला कर रेफरल अस्पताल में एडमिड किया। जहां रेफरल अस्पताल के चिकित्सक एस आलम ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति गंभीर देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति चतरा सदर थाना क्षेत्र के डमडोया गांव के मो आरिफ पिता का नाम आदाब है। जानकारी के अनुशार घायल मो आरिफ कलकत्ता जाने के लिए पत्नी संग सिमरिया आया था। जहां पत्नी को बैठने को कह कर चौक तरफ चला गया और अत्यधिक मात्रा में शराब पी लिया ।इसी दौरान एसबीआई बैंक के समीप वह बीच सड़क पर हीं गिर गया जिससे वह बुरी तरह घायल होकर बेहोश हो गया। हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि स्थिति बहुत ठीक नहीं है चुकी मस्तिष्क का हड्डी टूट कर अंदर का मस्तिष्क हल्का निकल गया है। अगर समय पर इलाज हुआ तो स्थिति ठीक रहेगी। वहीं घायल की पत्नी ने बताई की पति मेरा सैलून दुकान में काम करते हैं। वहीं अत्यधिक शराब का सेवन करते हैं हम परिजन लोग नशा रोकने में परेशान हैं किंतु शराब पीना नहीं छोड़ते।

## तेतरियाखाड कोलियरी में तीसरे दिन भी धरना जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरिया खाड कोलियरी में प्रणव नमन कंपनी द्वारा विस्थापितों को नौकरी से निकाले जाने के बाद तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। शनिवार को बसिया पंचायत के मुखिया विमला देवी एवं पंचायत समिति सदस्य रीना देवी धरना स्थल पर पहुंचकर विस्थापितों की मांग को जायज बताते हुए धरना का समर्थन किया। मुखिया विमला देवी ने कहा कि प्रणव नमन कंपनी वर्ष 2021 में कार्य शुरुआत करने से पहले लिखित समझौता किया था जिसमें 80 विस्थापितों को नौकरी देने एक एंबुलेंस व नियमित जल छिड़काव समेत कई आश्वासन दिया था। लेकिन कंपनी द्वारा रखे गए 20 से 25 लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया है इसी को लेकर तीन दिनों से धरना जारी है और जब तक इन लोगों की मांगे पूरी नहीं होती है तब तक यह धरना जारी रहेगा और आने वाला दिन में विस्थापित के साथ मिलकर हम लोग भूख हड़ताल करेंगे।

## एसडीओ ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** आगामी छठ महापर्व को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत रामपुर, बोहटा, हामी एवं चटकपुर स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाटों की समुचित सफाई के साथ-साथ छठ घाट पहुंच मार्ग में साफ सफाई पर ध्यान देने की जरूरत है। मुख्य रूप से छठ घाट के आसपास जहां पानी अधिक गहरा है वहां विशेष रूप से निगरानी एवं वैरिकेडिंग की आवश्यकता है, जिससे कि पूजा के दौरान कोई अप्रिय घटना ना हो। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचलाधिकारी संतोष कुमार बैठा, अंचल निरीक्षक गौतम कुमार, पु0अनि रतन टुडू, पुलिस के जवान एवं अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## नदी तट का बंदोबस्ती व आम सड़क अवरुद्ध करने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** अंचल अंतर्गत हल्का खुरा के ग्राम लंका कोयल नदी के तट का अवैध तरीके से बंदोबस्ती और नदी किनारे पर आम सड़क को संबोधित रैयत के द्वारा अवरुद्ध करने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है, इसे लेकर शनिवार को ग्रामीणों के द्वारा बैठक किया गया।इस दौरान ग्रामीण, ग्राम प्रधान,वार्ड सदस्य के साथ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल के अगुवाई में अंचलाधिकारी राकेश सहाय को ज्ञापन सौंपा गया। जहां प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि राम अवतार राम पिता रामवृक्ष राम का भूमि बंदोबस्त किया गया है, जिस भूमि का विवरण पुराना खाता 23 प्लॉट 25 रकबा 3 एकड़ 50 डिसमिल है। जहां भूमि के उक्त प्लॉट में आम सड़क और नदी का तट है। बताया जा रहा है कि यह सड़क दो पंचायतों को जोड़ता है और इसी सड़क से होकर सांई मंदिर को लोग आना-जाना करते हैं। वहीं इस संबंध में आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा बंदोबस्ती रद्द करने की मांग करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। वहीं इस संबंध में अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि उक्त भूमि का बंदोबस्ती पूर्व में हुआ है संबंधित दस्तावेजों को जांच कर स्थल का मुआयना करते उचित कार्रवाई की जाएगी।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त के निर्देशानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेयजलापूर्ति, आवास समेत अन्य मामले शामिल थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## पशु अत्याचार अधिनियम के तहत पुलिस कप्तान को मिली सूचना के आधार की गई बड़ी कारवाई



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार से झारखंड होते हुए चतरा के रास्ते से बंगाल जा रहे 28 पशु को चतरा सदर थाना प्रभारी शिवप्रकास के किया जप्त। पशु तस्करों को लगा बड़ा झटका, जप्त पशु लेने के लिए सदर में लोग जुट चुके पर किसी ने भूखे पशुओं को खाना खिलाने की जहमत नहीं उठाए। सिर्फ कोई सेहवाल कोई गिरी कोई जर्सी गाय ले जाने के फिराक में जुटे हुए। अभी बाटने की प्रक्रिया शुरू नही किया गया लेकिन लोग अच्छे नस्ल के गायों पर दावा ठोक दिए है। जप्त गौ काफी अच्छे अच्छे नस्ल के है।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** आप की योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार मैं प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, बिस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार,उप प्रमुख निशा शाहदेव, उपस्थित रहे बैठक में 24 नवंबर से शुरू हो रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विशेष चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी मुखिया से अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करने को कहा गया। इस दौरान बीडीओ कुमारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करने की प्रक्रियाओं की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि, मुखिया, पंसस, सभी विभागों के कर्मियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को सभी आमजनों तक कैसे पहुंचे इसके लिए विभागीयकर्मियों के साथ प्रतिनिधियों का सामंजस्य ठीक से स्थापित हो इस पर चर्चा की गई। यह कार्यक्रम 24 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलेगा। इस मौके पर मुखिया राजिव भगत, सुरेश उरांव, केदार गंझु, तेतरी देवी, सहित कई पंचायत प्रतिनिधि के साथ साथ प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है : प्रभात रंजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के जलता स्थित भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार में शनिवार को अन्तरसदनीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। अवसर था - सी.सी.ए पाठ्य सहगामी क्रिया कलाप का जिसमें कक्षा एल.के.जी यू.के.जी के छोटे बच्चों को अनेक प्रकार का एक्टिविटी गेम और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता करवाया गया । वहीं कक्षा एक से ऊपर के बच्चों के लिए इनडोर और आउटडोर खेल प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में अपनी-अपनी प्रतिभा दिखाई।इस खेल प्रतियोगिता का उद्धघाटन विद्यालय के प्रार्थना सभा प्रशाल में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने विद्यालय के सीसीए इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा, इवेंट मैनेजर राकेश रंजन तिवारी, अरुण कुमार पांडेय, विभिन्न खेलों के इवेंट कॉर्डिनेटर रवि प्रकाश तिवारी, बसंत कुमार, शकुंतला पाल, सुशील कुमार दुबे, रुक्मणि, आसिफ़, कुंदन, के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने प्रतियोगिता शुरू होने से पहले अपने आशीर्वचन स्वरूप सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी और हमारे जीवन में खेल का क्या महत्व है इस पर अपना विचार व्यक्त किया । उन्होंने खेलकूद से होने वाले फायदों को बतलाया। उन्होंने कहा खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है । हमारे दैनिक दिनचर्या में खेलकूद हमारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह हमारे अंदर स्फूर्ति का स्रोत और नई ऊर्जा शक्ति का संचार करता है ।सी.सी.ए प्रभारी सूरज कुमार मिश्रा ने कहा कि इस खेल प्रतियोगिता में विजेता के साथ - साथ प्रत्येक प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। इस खेल प्रतियोगिता में कई खेलों का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर विंग के बच्चों के लिए एक्टिविटी गेम डोमिनोज़, अक्षर चयन, तुकबंदी, ब्रेनस्टॉर्मिंग, क्यूरियस कॉर्नर, फन विद पिक्चर जैसे कई मनोरंजन से भरपूर खेल को कराया गया। इसके अलावा कक्षा 1 एवं 2 के बच्चों के लिए स्पून एंड मार्बल रेस, स्पून एंड लेमन, सैक रेस, फ्रॉग रेस, बैलून ब्लास्टिंग, म्यूजिकल चेयर कंपटीशन आयोजित किया गया। कक्षा 3 से ऊपर के बच्चों के लिए बैडमिंटन, कबड्डी, क्रिकेट, एथलेटिक्स, फुटबॉल, शतरंज, लूडो जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## गुप्ता प्लाई एंड हार्डवेयर दुकान का किया गया उद्घाटन



**प्रतापुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के बभने में मोहन प्रासाद गुप्ता के घर में गुप्ता प्लाई एंड हार्ड वेयर दुकान का उद्घाटन मुख्य अतिथि चतरा पूर्व विधायक जनार्दन पासवान के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि, सतेंद्र पासवान, हरिहरगंज से विकाश यादव, पूर्व मुखिया सुरजदेव यादव, नागेंद्र यादव, प्रदीप प्रसाद, अवधेश सोनी, पुराण प्रजापत्, सूचित प्रसाद, वालमुकंद सिंह, मुनेश्वर प्रसाद एवं ग्रामीण लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद की अध्यक्षता में बैठक का किया गया आयोजन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 15 नवंबर को खूँटी के उलीहातु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रोग्राम है। प्रोटोकॉल के द्वारा झारखण्ड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में 15 नवंबर को झारखण्ड स्थापना दिवस, पंचायत, बुथ समिति पर भी चर्चा की गई। आगामी दिनाँक 15-11-2023 दिन बुधवार को डोम्बरी बुरू में भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। ज़िला समिति, प्रखण्ड समिति, पंचायत समिति के पदाधिकारियों को समय 10¬00 ?? हुटार चौक के पास उपस्थित होना अनिवार्य है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के खूँटी ज़िलाध्यक्ष सह जिला बिस सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष जुबैर अहमद, केन्द्रीय सदस्य मक़सूद अंसारी, सुदीप गुड़िया, हेमंत तोपनो, सुशील पाहन मगन मंजीत तिड़ू, असलम अंसारी, सचिव गुलशन सिंह मुण्डा, ज़िला सह सचिव मोजीर अंसारी, ज़िला संगठन सचिव अर्जुन मुंडा, महिला मोर्चा ज़िला संगठन सचिव ऊषा धान, उपाध्यक्ष असगरी खातून, ज़िला क्रीड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष उपेन्द्र पहान, सचिव प्रकाश नाग मुण्डा, किसान मोर्चा ज़िला सचिव कुवर सिंह मुण्डरी, छात्रा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष डेविड हमसोय, उपाध्यक्ष मनोज गुड़िया, ज़िला सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केशरी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विजय संगा, खूँटी प्रखण्ड अध्यक्ष शंकर सिंह मुण्डा, सचिव महेंद्र सिंह मुण्डा, कर्रा प्रखण्ड अध्यक्ष शेख़ फ़िरोज़, उपाध्यक्ष जोनसन होरो, सचिव महादेव मुण्डा, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद उराँव, सदस्य विश्वनाथ भगत, सुभाष कोनगड़ी, डैनियल रिचर्ड खलखो, मोहित कुमार, नन्दराम मुण्डा, विरेंद्र कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता की गई आयोजित



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल ने दीपावली पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें कक्षा प्रथम से कक्षा दसवीं का छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी बच्चों ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से नई-नई ऊर्जा मिलने की अवसर प्राप्त होती है और कई प्रकार की कलाकृति से कला सीखने का प्रेरणा मिलती है। इस रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम का निर्णायक प्राचार्य अनूप कुमार सिंह एवं स्कूल एडमिन सह अकाउंटेंट संजय रविदास के द्वारा विजेता टीम परिणाम घोषित किया। जिसमें कक्षा 1से 4 में प्रथम स्थान कक्षा 3, दूसरा स्थान कक्षा 2 और 4 एवं तीसरा स्थान कक्षा 4 व कक्षा 5 से 7 में प्रथम स्थान कक्षा 7 दूसरा स्थान कक्षा 6, तृतीय स्थान कक्षा 5 व कक्षा 8 से 10 में प्रथम स्थान कक्षा 10 दूसरा स्थान कक्षा 9 तृतीय स्थान कक्षा 8 शामिल है। मौके पर कक्षा शिक्षक एवं शिक्षाकाओ में उषा देवी, इंदु गुलाब चंद, शेरोंन थॉमस, रीता पाठक, लक्ष्मी देवी, सुनील कुमार पांडेय, पवन यादव, अरुण कुमार सिंह, रितिका चौरसिया, पंकज ठाकुर, आलोक कुमार, वंशिका चौरसिया, अंजू कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मुजीबुर रहमान, प्रतिमा कुमारी ने अपने - अपने कक्षा के बच्चों को हौसला अफजाई किया और बताया कि सुदृढ़ कला अवश्य ही विजेता बनता है। प्राचार्य ने बच्चों को काफी प्रशंसा करते हुए शुभकामना दिया। वहीं घोषणा किया कि विजेता टीम को पूर्व की तरह 26 जनवरी को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

### वार्ड सदस्यों के द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड कार्यालय सभागार में 6 अक्टूबर से तीन दिवसीय वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिसका द्वितीय चरण प्रशिक्षण में करसो, केदारूत, डपोक, रानीचुवा, खोड़ाहर, पंचमाधव एवं मलकोको के वार्ड सदस्य भाग लिए। प्रशिक्षण में संविधान 73वां संशोधन, ग्रामसभा का महत्व, ग्राम पंचायत की संरचना, ग्राम पंचायत की कार्यकारिणी एवं पंचायत समन्वय समिति, ग्राम पंचायत में वार्ड सदस्यों की भूमिका, सतत विकास का लक्ष्य, ग्राम पंचायत में संचालित योजना, जीपीडीपी, योजनाओं का अभिसरण एवं ग्राम पंचायत में सखी मंडल की भूमिका सहित कई कार्य योजना के जानकारी के साथ - साथ उनके हक और अधिकार बताया गया।

### वेक्टर क्लासेस में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित


**बरही (हजारीबाग):** हजारीबाग रोड स्थित वेक्टर क्लासेस में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के चयनित छात्र काजल कुमारी, रूहत प्रवीण, तानिया फरीदी, तलत फातिमा, अश्विनी कुमारी, अमीषा कुमारी, ईशा कुमारी, मुस्कान कुमारी, डोली कुमारी, सानिया आफरीन, सिया गुप्ता, माही कुमारी, राखी गुप्ता, सरमिष्ठा सिन्हा, सुनीता, साक्षी, नंदनी गुप्ता, अफसर अंसारी, तौफिक आलम, मनीष कुमार, आशीष कुमार, पवनकुमार, अमित कुमार, रौशनी, आरजू, तमन्ना, सुमन, प्रीति, उजाला, शीतल, शानिया प्रवीण, काजल, सना प्रवीण, सन्ना खान, सानिया प्रवीण, सुहाना, समाप्ता, सीमरण, सुप्रिया, मुस्कान, साहीना प्रवीण ने भाग लेकर एक दूसरे ग्रुप के बीच प्रतियोगिता किया गया।

# तहरीक-ए-बेदारी व इस्लाह-ए-मुअवशरा कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन 13 नवंबर को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** एदार-ए-शरिया के तत्वाधान में हजारीबाग शहर के जिला स्कूल मैदान में तहरीक -ए-बेदारी व इस्लाह-ए- मुअवशरा कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन 13 नवंबर सोमवार को आयोजित किया गया है।

आगामी 13 नवंबर को आयोजित होने वाले कॉन्फ्रेंस की जानकारी देते हुए एदार-ए-शरिया हजारीबाग के सचिव इकबाल दानिश ने बताया कि हजारीबाग में तहरीक -ए- बेदारी का ऐतिहासिक कांफ्रेंस आयोजित होने जा रहा है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि गुलाम रसूल बल्यावी विशिष्ट अतिथि मुफ्ती समशुद्दीन, मुफ्ती अब्दुल कलीम व एदार-ए-शरिया झारखंड के नाजिम -ए- आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी शामिल होंगे। इस कांफ्रेंस का अहम मकसद है सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए साथ ही कौम व मिल्लत की बेदारी के लिए मुल्क भर के प्रसिद्ध उलेमा -ए- कराम अपने वक्तव्य रखेंगे साथ ही इस कांफ्रेंस में 19 एजेंडा पर मुल्क भर के ओलमा -ए- कराम अपने-अपने विचार रखेंगे।



# पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में रंगोली एवं दीप सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भगवान राम एवं माता सीता जी का चित्र ,गणेश भगवान का चित्र ,महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत ,विविधता में एकता जैसे थीम पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक सुंदर और आकर्षक रंगोली बनाई। निर्णायक भूमिका में संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद, प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद, प्राचार्य दिनेश कुमार भारती, प्रबंधक राजेश कुमार यादव एवं मानती कुमारी ने निभाया। विद्यार्थियों को दो ग्रुप में बांटा गया था। जूनियर ग्रुप से प्रथम स्थान कक्षा दो , द्वितीय स्थान पर एलजी एवं तृतीय स्थान पर कक्षा नर्सरी के बच्चों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान कक्षा आठवीं , द्वितीय स्थान पर कक्षा दसवीं तथा तृतीय स्थान पर कक्षा पांचवी की विद्यार्थियों ने बेहतरीन रंगोली का प्रदर्शन किया।



# खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने चलाया अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दीपावली व आगामी त्यौहार को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय व एसीएमओ डॉ शशि जयसवाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी ने हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों जिसमें मेसर्स आशीर्वाद रेस्टोरेंट, लक्ष्मी मिष्ठान भंडार, मेसर्स जलपान स्वीट्स, मेसर्स मां शारदा मिष्ठान भंडार और मेसर्स फ्रंटियर बेकरी में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्य प्रतिष्ठान जैसे मिठाई दुकान, होटल, रेस्तरां एवं खुदरा दुकानों आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच के लिए मिठाइयों का सैंपल भी संग्रह किया। उन्होंने इन प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा के नियमों के अनुपालन के साथ कारोबार करने का निर्देश दिया। खाना पकाने में साफ़ पानी का उपयोग करने, कर्मियों के स्वच्छता पर ध्यान देने, फूड सेफ्टी के अनुज्ञप्ति के साथ कारोबार करने वाले कारोबारियों से समान की खरीद करने, उचित लेबल के साथ खाद्य सामग्रियों का पैक करने और खाद्य सामग्रियों में अनावश्यक रंगों के इस्तेमाल से परहेज करने का निर्देश दिया गया।

# बेंदगी मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच किया गया पोशाक वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बेंदगी में शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई स्कूली बच्चों के बीच पोशाक वितरण किया गया। वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि धमना पंचायत मुखिया गोविंद साहू एवं बेंदगी पंचायत मुखिया सिकंदर राणा शामिल हुए। अतिथियों के हाथों कक्षा 3 और 8 के छात्र-छात्राओं के बीच एक सेट कपड़ा, जूता मौजा और स्वेटर दिया गया। मौके पर मुखिया सिकंदर राणा ने से बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। वहीं अभिभावक को संकेत कर कहा कि बेहतर समाज का शिक्षा ही आधार है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाने में सहयोग का आग्रह किया। वहीं धमना पंचायत मुखिया गोविंद साहू ने कहा कि यह योजना गरीब अभिभावकों के लिए सार्थक सिद्ध हो रही है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए अभिभावको एवं शिक्षकों को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। सरकारी विद्यालयों में भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकती है। जरूरत है सकारात्मक सोच की।वहीं प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश साव ने अपने बच्चों को आशीर्वचन दिए और बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने की बात रखे। मौके पर बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा, धमना मुखिया गोविंद साव, प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश साव, प्रधान सचिव सुरेश रजक, मो इस्लाम, तौकीर रजा, शिक्षक गण में मुन्ना यादव, महेश यादव, रेखा देवी, संध्या देवी, उषा देवी, नसरीन बानो, सरिता देवी, मो रिजवान एवं अभिभावकगण मौजूद थे।



# आईलेक्स पब्लिक स्कूल में रंगोली कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर स्कूली बच्चों ने आकर्षक रंगोली बनाई। प्राचार्य शैलेश कुमार ने बताया की दीपावली के अवसर पर हम सभी अपने घरों के मुख्य द्वार पर या पूजा स्थान पर या गेस्ट रूम में हम लोग रंगोली बनाते हैं। विद्यालय को भी विद्या का मंदिर कहा जाता है, इसलिए बच्चों ने भी यहां अपनी रुचि के अनुसार रंगोली बनाई। जिसमें कक्षा प्रथम से कक्षा दशम तक के सभी बच्चों ने हिस्सा लिया। दीपावली को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला और रंगोली को लेकर तो और भी बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोलिया बनाई थी, जिसे देखकर सभी शिक्षक मंत्र मुक्त हो गए। वहीं उन्होंने कहा की इस दिपावली पर अपने अंदर के अंधकार को मिटाना है। जिन बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया उसमें खुशी कुमारी, आयुष कुमार, अनुराग कुमार, प्रिया कुमारी, पायल, नेहा, उमंग राज, अंजलि, पवन, ज्योति, अनुप्रिया, अशफाक, अर्श, समीर, बादल, सुधा, सूरज, करण, अमर आदि शामिल है। वहीं विद्यालय के निदेशक व शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।



# दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, दीप जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हज़ारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट दीपावली के शुभअवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर बच्चों के द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई। वहीं दीप जलाकर देश के जाबांज शहीद सैनिको को श्रद्धांजलि दिए। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने दीवाली के बारे में बताते हुए कहा कि माना जाता है कि दीपावली के दिन अयोध्या के राजा राम अपने चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात लौटे थे। अयोध्यावासियों का हृदय अपने परम प्रिय राजा के आगमन से प्रफुल्लित हो उठा था। श्री राम के स्वागत में अयोध्यावासियों ने घी के दीपक जलाए। कार्तिक मास की सघन काली अमावस्या की वह रात्रि दीयों की रोशनी से जगमगा उठी।तब से आज तक भारतीय प्रति वर्ष यह प्रकाश-पर्व हर्ष व उल्लास से मनाते हैं।भारतीयों का विश्वास है कि सत्य की सदा जीत होती है और असत्य का नाश होता है। दीपावली यही चरितार्थ करती है- असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय।



# बीएम मेमोरियल स्कूल में अर्ध वार्षिक परीक्षा फल घोषित, शत प्रतिशत रहा परिणाम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बी.एम. मेमोरियल स्कूल में 2023- 24 का अर्धवार्षिक परीक्षा फल जारी किया गया जिसमें विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। कक्षा 8 में पढ़ने वाले किसान नरेश कुमार का पुत्र नवीन कुमार 94.86त्न अंक लाकर विद्यालय का प्रथम टॉपर बना। कक्षा 10 की छात्रा शालू कुमारी 92त्न अंक लाकर द्वितीय एवं कक्षा 7 की छात्रा समृद्धि कुमारी 91.57त्न अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त की। विद्यालय के अन्य बच्चों ने भी बेहतर अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मौके पर विद्यालय के निर्देशक संदीप कुशवाहा ने सभी छात्र- छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों ने बहुत ही अच्छा रिजल्ट किया है। आगे उन्होंने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप इसी प्रकार से मेहनत करते रहें ताकि आप अपने परिवार गांव वालों का नाम देश स्तर पर रोशन कर सके। वही प्राचार्या कैलाश कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय के शिक्षक पूरी मेहनत और लगन से बच्चों को पढ़ाते हैं, उसी का परिणाम है कि आज बेहतर रिजल्ट हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद सहित अन्य क्रियाकलाप कराए जाते हैं। मौके पर निर्देशक संदीप कुशवाहा, उपनिर्देशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी,वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार,आनन्द राज,उमेश कुमार, संदीप शर्मा ,अमीन अंसारी, महेंद्र कुमार ,विनोद नायक, दिलेश्वर दास, मुकेश दास,सोनू कुमार,आशीष कुमार,सुमित कुमार, एरिका टोप्पो, जेमा तिग्गा, मनीषा कुमारी,सरिता बा,देवंती मेम, विकास ठाकुर, अफसाना परवीन, स्नेहा कुमारी,गंगा भारती, दुर्गा देवी,अंजू देवी सहित सैकड़ों अभिभावक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# भंडारो पंचायत में आदिम जनजाति के लिए लगाया गया स्वास्थ्य मेला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से प्रधानमंत्री आदिम जनजाति समुह विकास मिशन के तहत प्रखंड के भंडारो पंचायत के ग्राम तेतारिया और भंडारों में आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के घरों के पास स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग रिजवान अली, चिकित्सक अंकुर विहान, सीएचओ सलौनी कुमारी, बीपीएम नारायण राम, मलेरिया विभाग सुपरवाइजर मो इरशाद एवं सहिया साथी मीना देवी के द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। स्वास्थ्य मेला में बिरहोर परिवार की दो महिला का एएनसी जांच, तीन पुरूष का बीपी सुगर जांच सहित बच्चे, महिला, पुरूष का फीवर जांच करते हुए जरूरतमंदो के बीच दवा का वितरण किया गया। वहीं बच्चों को शिक्षण सामग्री में कापी पेन्सील एवं कलम के अलावे टॉफी, बिस्स्कुट, महिला एवं बड़ी बच्चीयों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया।मेला को सफल बनाने में लैब टैक्नीशिय प्रलाहद कुमार, एमपीडबूल् मृत्युंजय चौरसिया, एएनएम कवीता कुमारी ,ऑपरेटर उपेन्द्र कुमार दास, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष मो शमशेर,वार्ड सदस्या हसिना खातुन, शम्मा प्रवीण आदि ने भरपुर सहयोंग किया।

# छत्तीसगढ़ प्रवास से लौटकर सीधे जनसेवा में जुटे हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने छठ महाव्रतियों के बीच पूजन साड़ी वितरण का संकल्प लिया है। सदर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से छठ महाव्रतियों के बीच पूजन साड़ी वितरण अभियान का श्रीगणेश किया। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने दिनभर क्षेत्र का सघन दौरा किया और सैकड़ों साड़ी का वितरण किया। उन्होंने अपने इस अभियान की शुरूआत हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 01 स्थित मंडई कला अवस्थित दुर्गा मंडप प्रांगण से करीब डेढ़ दर्जन छठ महाव्रतियों के बीच पूजन साड़ी वितरण कर की। जिसके बाद ग्राम पंचायत मंडई खुर्द स्थित कुशवाहा भवन सभागार में 118 महाव्रतियों माता- बहनों के बीच पूजन साड़ी का वितरण किया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत बहेरी में घर घर पहुंचकर और डमर चौक में वितरण शिविर लगाकर करीब 65 छठ महाव्रतियों के बीच पूजन साड़ी भेंट किया गया। विधायक मनीष जायसवाल का यह पूजन साड़ी पाकर छठ महाव्रती माता बहनों के चेहरे पर अपनत्व भरा मुस्कान से उनका चेहरे खिल उठा और सभी ने छठ मईया और भगवान सूर्य से विधायक मनीष जायसवाल के यशस्वी होने की कामना भी की । मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की पिछ्ले साल से हमने एक प्रयास किया है की महापर्व छठ के अवसर पर क्षेत्र के जरूरतमंद छठ महाव्रतियों मौके पर विशेषरूप से सदर विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार, अमनारी मुखिया कृष्णा मेहता, मुखिया उषा देवी, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता अनिल पांडेय, प्रशांत सिन्हा, प्रणय सिन्हा, ज्ञानेश्वर प्रसाद सिन्हा, बबलू सिन्हा, राजू सिन्हा, पियूष सिन्हा, आदर्श सिन्हा और सुशील कुमार सिन्हा, भाजपा कार्यकर्ता राजकुमार महतो, यमुना यादव, रोहित कुशवाहा, वकील महतो, लीलो महतो, ज्ञानी महतो, भोला महतो, गुरुदेव गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# रेन्बो स्कूल बरही में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गड़लाही में स्थित रेन्बो स्कूल में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगोली बनाई गई। प्रतियोगिता में पहले ग्रुप में प्रथम स्थान पर कक्षा आठवीं, द्वितीय स्थान पर कक्षा नवमी एवं तृतीय स्थान पर कक्षा सातवीं के बच्चें रहें। वही दूसरे ग्रुप ने प्रथम स्थान पर कक्षा चतुर्थ, द्वितीय स्थान पर कक्षा पांचवी एवं तृतीय स्थान पर कक्षा तीसरी, तीसरे ग्रुप में प्रथम स्थान पर यूकेजी एवं दूसरे स्थान पर एलकेजी के बच्चें रहें। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया और उन्हें दीवाली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा बाहर आती है और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। बताया कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ- साथ इस तरह के कार्यक्रम होते रहते हैं जिससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा बना रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में सोनम कुमारी, रानी कुमारी, भावना कुमारी, सुलेखा कुमारी, पूजा कुमारी, स्वेता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, राखी कुमारी, पूनम कुमारी, वंशिका कुमारी, शबनूर प्रवीण, पूर्णिमा कुमारी, तमन्ना प्रवीण, मनीषा कुमारी, चंदन कुमार, रिया कुमारी, प्रीति कुमारी, आरती कुमारी, आयुष कुमार, सपना कुमारी, शीतल कुमारी, जिज्ञासा कुमारी, समीक्षा कुमारी, तौसीफ अहमद आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नन्हे छात्रों ने एनपीएस नीचे धौड़ा में बनाई रंगोली दीपावली पर्व को ले एक दूसरे को दी बधाई

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा नव प्राथमिक विद्यालय नीचे धौड़ा के प्रांगण में शनिवार को कक्षा एक से पांचवी तक के छात्रों ने दीपावली उत्सव को लेकर रंगोली बनाया। साथ ही एक दूसरे को प्रकाश उत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी। बच्चों से प्राचार्या सबिता कुमारी ने सुरक्षित ढंग से दिवाली मनाने की अपील किया। इसके अलावे विभिन्न स्कूलो में भी रंगोली छात्रो ने हाथो से उकेरें। रंगोली छात्रा साक्षी कुमारी, ग्रेसी कुमारी, दिव्या कुमारी, पूर्वी कुमारी, देवांशु कांत उर्फ गब्बू, श्रेष्ठ कुमार, आराध्या कुमारी, माही कुमारी, सोनाक्षी कुमारी आदि ने नन्हें हाथों से बनाया। मौके पर शिक्षक रवि हांसदा, छात्रा नेहा कुमारी, मिस्टी कुमारी, चंदन कुमार, आकाश, अंकित समेत कई छात्रगण उपस्थित थे।

### श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल में दीया एंव रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के बिजुलिया, गौशाला रोड में स्थित श्री गणिनाथ पब्लिक स्कूल में दीया एवं रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने बड़े हर्षो- उल्लास के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी मोंतियो तथा अन्य सजावट सामग्रियों का प्रयोग कर दीयों को सजाया और उसके साथ में विभिन्न प्रकार के रंगो व फूलो का उपयोग करते हुए उत्कृष्ट रंगोलियो को बनाकर उन्होंने अनुशासन, साहचर्य, स्वच्छता, सहयोग आदि गुणों का परिचय दिया। जहां इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नेहरू हाउस, द्वितीय गांधी हाउस एवं तृतीय स्थान पर पटेल हाउस रहा इसके अतिरिक्त सुभाष हाउस ने भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया। इस शुभ अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्री डोमन प्रसाद गुप्ता, सचिव श्री नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं स्कूल के अध्यक्ष श्री रामेश्वर प्रसाद, सचिव श्री एन? के? गुप्ता और प्रधानाध्यापक आर? एस? गोस्वामी ने सभी को दिपावली की हार्दिक शुभकामनाये दी इसके साथ ही इसके महत्व के बार में भी बताया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षक नवल किशोर ,पंकज कुमार,आशा सिन्हा, आशा रानी, अलिशा खान, देवजानी मुखर्जी, सास्वती बनर्जी,होलिका कुमारी, मेघा गुप्ता, चाँदनी कुमारी, रूबी गोस्वामी, पूर्णिमा गांगुली,शुभश्री महांता उपस्थित थे।

### हेरिटेज पब्लिक स्कूल मंझिला चुम्बा में दीप सज्जा व रंगोली कार्यक्रम का आयोजन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेरिटेज पब्लिक स्कूल मंझिला चुम्बा में विद्यालय के प्रबंधक मंजू जोशी, विजय जोशी व प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंहा के द्वारा दीप सज्जा व रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 5 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राएं बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसमें से कुल चार गरुप बनाया गया। प्रथम गरुप बर्षा, प्रीति, प्रियंका, लक्ष्मी, राज गुप्ता, ओम, राजदीप, रणवीर द्वितीय गरुप आरुषि, साक्षी, प्रीति, आंचल, विनीता, पूजा ए, पूजा बी, पिंकी तृतीय गरुप अंजुम, श्रेया, साधना, आरुषि, अनु, दिव्यानी, प्रगति चतुर्थ गरुप शीतल, साहनी, रितिका, स्नेहा, रितिका रवानी प्रत्येक गरुप रंगोली व दीप सज्जा का कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। इस अवसर पर चारों बहुत ही सुंदर रंगोली बनाया। इस बीच विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी सहायक शिक्षक उपस्थित थे।

### अरगड्डा श्रमिक प्लस टू गणित के शिक्षक श्रीनिवास का हुआ रांची तबादला

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा श्रमिक प्लस टू हाई स्कूल के प्रांगण में शनिवार को विद्यालय से तबादला हुए विषय गणित के शिक्षक श्रीनिवास शर्मा का विद्यालय शिक्षकों ने फूलमाला पहनाकर सम्मानित कर विदाई दिया। शिक्षकों ने बताया कि गणित शिक्षक के विद्यालय से चले जाने से स्कूल परिवार और असहज महसूस कर रहा हैं। बच्चों में उदासी हैं। इनके गणित पढ़ाने की तकनीक काफी प्रभावित थी। ये सदैव याद रहेंगे। इधर गणित शिक्षक श्रीनिवास शर्मा ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति ईमानदारी बरतने व लक्ष्य साधते हुए निरंतर आगे बढ़ाना बताया हैं। अवसर पर प्रभारी प्राचार्य आनंद प्रकाश पांडे, शिक्षक विकास प्रजापति, पिंटू कुमार दास, मो. केसर, आदित्य गुप्ता, सत्य प्रकाश मो. आबिद हुसैन, शशि सुमन, अरुण मनी पांडे, प्रेमजीत कुमार, मनोज कुमार, दीपक कुमार, विक्की कुमार, शिक्षिका पूनम कुमारी, हेमंत कुमारी, ब्यूटी कुमारी, मनीषा कुमारी, फरिश्ता बारला, शहजादा परवीन आदि उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों के घर को रौशन करना आरबीएसएस का उद्देश्य : धनंजय कुमार पुटूस

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दीवाली की धूम पूरे रामगढ़ जिला में देखी जा रही है, हर कोई अपनी अपनी दीपावली को अच्छा बनाने के लिए खरीदारी कर रहा है।इसी बीच आरबीएसएस के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस के नेतृत्व में रामगढ़ शहर के विभिन्न झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे जरूरतमंदों के बीच मिट्टी का दीया, तेल,मिठाई आदि का वितरण किया। कार्यक्रम में संगठन के उपस्थित सदस्यों ने इसमे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और जरुरतमंदों की अपने स्तर से मदद की। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा- आज हमसब अपने अपने घरों को रौशन कर रहे है, ऐसे में हम सभी का फर्ज बनता है कि जरूरतमंदों के घर को भी रौशन किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित- अमित महतो,अमर मुंडा,अमित गुप्ता,अजय राम,गोलू पांडे,विक्की कुमार आदि।

### बंगाली टोला प्राचीन काली मंदिर में काली पूजा की तैयारी जोरों पर

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार अमावस्या तिथि को लगभग 8:30 बजे से प्राचीन काली मंदिर बंगाली टोला में काली पूजा किया जाएगा जो काफी धूमधाम से मनाया जाता है पूजा विधि विधान के साथ मंत्रोचार से पूजा प्रारंभ होते हैं और सुबह के 7:00 बजे तक पूजा तथा हवन किया जाता है साथ में बली की प्रथा भी चलती आ रही है बकरा तथा कतारी, भथुवा, की बलि दी जाती है लगभग 500 वर्ष पुराना काली पूजा रामगढ़ के बंगाली टोला में होता आया है यही एक मोहल्ला है जो एक साथ तीन देवी मां काली का पूजन होता है बड़े ही धूमधाम से इस वर्ष इस वर्ष पूजा का पारी श्री गणपति गोस्वामी के द्वारा किया जाएगा तथा उनके लड़के चंदन गोस्वामी के द्वारा मंत्रोचार से पूरी विधि विधान से संपन्न किया जाएगा वहीं सहायक ऋषिकेश सिंह के द्वारा अपने पूर्वजों से ही बली की प्रथा उनके ही द्वारा दी जाती है पूजा के दूसरे दिन मां काली का मूर्तिविसर्जन किया जाता है पूरे गोस्वामी परिवार सहित शहर वासी टोला मोहल्ला के लोग विसर्जन में शामिल होते हैं/ और वर्तमान में बिजूलीया तालाब में ही विसर्जन किया जाएगा ।

### दीपावली के शुभ अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला में मुरली शंकर अकादमी स्कूल गोला में दीपावली के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन का मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी बिनू कुमार महतो युवा टाइगर उपस्थित हुए प्रतियोगिता में दीपावली घर निर्माण, दीपावली कार्ड निर्माण, दिया निर्माण और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने कहा कि इस कार्यक्रम में बच्चों को प्रथम, द्वीतीय, और तृतीय स्थान लेने वाले बच्चों का चयन किया जिसे परितोसिक दिया जाएगा । इस प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल निदेशक प्रदीप पोद्दार एवं कार्यक्रम सहयोगी शिक्षक माला देवी , तुलसीदास कुमार , नितीश रंजन, हीरालाल बेदिया, ज्योति देवी, विनीता देवी, किरण देवी स्कूल के बच्चे पवन कुमार, राजकुमार, शिवम कुमार,अमन कुमार आयुष कुमार मनीसा कुमारी,राधा,मोनिका, मौशमी, मनीषा और साथ में अभिभावकों भी उपस्थिति हुए।

# सीसीएल सिरका कोलियरी में छठ पूजा के आस पास सीटीओ आने की सुगबुगाहट बढ़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के परियोजना सिरका कोलियरी में छठ पूजा के आस-पास सीटीओ आने की सुगबुगाहट बढ़ चुंकी हैं। प्रबंधन लगातार कोयला उत्पादन, उठाव और रखने के लिए तैयारी कर रहा हैं। जिसके लिए दो एलएनटी मशीनों को सिरका खुली खदान एक नंबर खदान के दो पॉइंट पर रखा गया हैं। हालांकि सीटीओ मिलते ही स्थानीय सिरका कोलयरी प्रबंधन को भारी मशीनों की भी आवश्यकता पड़ेगी। जिससे करीब दो से तीन किलोमीटर के दायरे में पड़े कोयला उठाव के लिए काम में आएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महाप्रबंधक अरगड्डा की ओर से स्थानीय सिरका कोलयरी प्रबंधन को भारी मशीनों की जरूरत, मैन पावर और कोयल को रखने की डीपो, आवागमन के रास्ते, कांटा आदि के लिए कागजी प्रक्रिया पुरी कर कार्य को धरातल पर तेजी से उतारने का निर्देश दिया गया हैं। वहीं यदि कोलयरी सिरका विस्तारीकरण में कोई भी बाधा यदि नहीं आती हैं, तो 1.5 मिलियन टन के कोयला उत्पादन में आने वाले भविष्य में कोलयरी सिरका बेहतरीन प्रदर्शन करने को तैयार हैं। जानकार बताते हैं कि कोलयरी सिरका के कोयले की मांग बाहर के मंडियो में काफी अच्छी हैं। कोयले की चमक और गुणवत्ता से एक समय कोलयरी सिरका का कोयला खनन और ढुलाई का कार्य गुलजार हुआ करता था। जो बीते 4 वर्ष पहले 2019 अप्रैल माह के बाद बंद पड़ा था। लेकिन अब अरगड्डा क्षेत्र में प्रबंधन अधिकारियों की कुर्सियां बदलने के बाद सकारात्मक सोच के साथ प्रबंधन ने कोलियरी से कोयला निकालने के लक्ष्य तक पहुंचाने का सोच बना लिया हैं। जो आने वाले भविष्य में सिरका के आसपास करीब 25 हजार से भी अधिक आबादी वाले लोगों के बीच रोजगार और बाजारों की रौनक बढ़ाने का कार्य करने वाला हैं।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक रामगढ़ जिला कमिटी ने मनायी मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ ज़िला अन्तर्गत फॉर लाइन स्थित निर्मला होटल में शनिवार को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती मनाई गई। इस दौरान मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के चित्र पर पुष्पर्पित कर जयंती मनाई गई मौके पर मुख्य रूप से उपास्थि ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने कहा मौलाना अबुल कलाम आजाद ने शिक्षा को भारत के विकास का आधार माना. आजाद ने शिक्षा को धर्मनिरपेक्ष और समान रूप से सुलभ बनाने पर जोर दिया. उन्होंने प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य और निशुल्क बनाने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा मौलाना अबुल कलाम आजाद ने विश्वविद्यालय शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थानों की स्थापना भी की थी। मौके पर ज़िला उपाध्यक्ष वाहिद अली, उपाध्यक्ष मो आशिक़, महासचिव रहमान ख़ान, अनीश, शमीम शैख़, अमरदीप, मनजीत सिंह, अली राजा, संतोष गुप्ता सहित कई उपस्थित थे।

## डीएवी के बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता में कला के रंग से बिखेरा जलवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** डीएवी स्कूल उरीमारी में दीपावली के अवसर पर बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें बच्चों द्वारा प्रदर्शित अनेक गतिविधियों का दृश्य अति मनमोहक व ज्ञानप्रद रहा। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वही बच्चों ने एक से बढ़कर एक अलग-अलग थीम पर आधारित सुंदर व कलात्मक रंगोली बनाए एवं अपने हुनर का जलवा बखेरा। छोटे बच्चों के लिए दीपक सजावट,कागज तथा वेलवेट कपड़े से गुलदस्ता निर्माण आदि कार्यक्रम का आयोजन कला शिक्षक हरिहर पाढी के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया। वहीं बच्चों ने बैग पैकिंग रेस ,आलू चम्मच रेस, मेंढक कूद जैसे रेसों का आयोजन का नेतृत्व भारतेंदु प्रुष्टि कर रहे थे।एलकेजी से कक्षा 2 के बच्चों को विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार रॉय की तरफ से उपहार स्वरूप आकर्षक भेंट दिया गया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार राय ने सभी बच्चों, शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को मैनेजमेंट की तरफ से दीपावली तथा छठ पूजा की शुभकामनाएं दीढ्ढ उन्होंने खासकर बच्चों से आग्रह किया कि वह सुरक्षित दीपावली मनाएं, पटाखे से दूरी बनाकर रखें, यदि हो सके तो विदेशी पटाखों से परहेज करें और लोकल निर्मित वस्तुओं का ध्यान अवश्य रखें ताकि लघु उद्योग को बढ़ावा मिले ढ्ढ इसके लिए दिवाली पर मिट्टी के दिए अवश्य जलाएं। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक डीके मंडल ,एस के पांडे, असीम घटक, बी सी बेहेरा, एन के वत्स ,एस बी सिंह ,आर आर गुप्ता,आर एन मिश्रा,आर एल राणा,ए के सिंह,डी बी दास, राहुल कुमार सिंह,शंकर प्रसाद मंडल, वसीम रेज़ा,पुष्पांजलि प्रधान,मंजू सिन्हा,बबीता कुमारी ,रश्मि तिवारी,नीतू सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में दीपावली की धूम

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री कृष्ण विद्या मंदिर परिसर में दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा द्वादश तक के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के तहत दीप - सज्जा, रंगोली प्रतियोगिता तथा पटाखे व मिठाई बांटने का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने घर से दान करने के लिए लाए गए मिठाई, पटाखे तथा कपड़े एकत्रित किया फिर खेल शिक्षक मनोरंजन चौधरी की अगुवाई में रामगढ़ के डिवाइन ओंकार मिशन अनाथालय में जाकर असहाय बच्चों को दान किया और उनकी दीपावली को जगमग करने में अपना सहयोग दिया। तत्पश्चात प्रत्येक कक्षा के समक्ष छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आधारित सुंदर-सुंदर रंगोली बनाई। फिर मंच पर सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा सजाए गए दीयों का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय प्रबन्ध समिति की ओर से विद्यालय के सभी कर्मचारियों एवम बच्चों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। शिक्षक- शिक्षिकाओं की देखरेख में बच्चों ने पटाखे एवम फुलझड़ियां छोड़कर दीपावली का आनंद उठाया।

## झारखंडी भाषा-संस्कृति, परब-त्योहार जो पीढ़ीगत चलते आया है उसे बचाना है : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के सिरू से सहअराइ चांचइर आर बरद खूंटा कार्यक्रम में शामिल बृहद झारखंड कलां संस्कृति मंच के सदस्य सुधीर मंगलेश दर्जनों महिलाओं के साथ रामगढ़ गये। सुधीर मंगलेश ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण महिला-पुरुष पारम्परिक वेशभूषा में अपनी पुरातन संस्कृति का प्रदर्शन किया और झारखंडी भाषा-संस्कृति,परब-त्योहार जो पीढ़ीगत चलते आया है उसे बचाने एवं आगे बढ़ाने पर जोर दिए। मौके पर उतम महतो करमू महतो अजय महतो पानको देवी फुलमनी देवी सावित्री देवी मीना देवी कुमुल देवी कोशीला देवी शांति देवी संध्या देवी ललिता देवी बिरसी देवी आशा देवी रेखा देवी भलासो देवी अलासी देवी विलासों आदि उपस्थित थे।

## आधुनिकतम फोटोग्राफी में रामगढ की बनेगी अपनी पहचान : चन्द्रप्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ प्रखंड मुख्यालय स्थित विश्वकर्मा मंदिर के समीप शनिवार को आधुनिक फोटोग्राफी सेंटर गोल्डेन टच फोटोग्राफी का उद्घाटन किया गया. उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी, रामगढ विधायक सुनीता चौधरी, आजसू बडकागांव प्रभारी रोशनलाल चौधरी, सांसद प्रतिनिधि रणजय कुमार उर्फ कुन्टू बाबू शामिल हुए. अतिथियों द्वारा फीता काट कर फोटोग्राफी सेंटर का उद्घाटन किया गया. सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि रामगढ आने वाले समय में बड़े शहरों की तरह आधुनिकतम फोटोग्राफी में अपनी एक नयी पहचान बनायेगा. संचालक मो अरफत शेख ने बताया कि मायानगरी मुंबई में प्रोडक्शन हाउस में लगातार पांच वर्षों तक काम करने के बाद अपने शहर में भी लगातार कई वर्षों तक फोटोग्राफी किया और अब नये अंदाज में फोटोग्राफी के साथ आया हूं. बताया कि हर फंक्शन के लिये अनुभवी फोटोग्राफर नये आधुनिक कैमरों के साथ उपलब्ध है. मौके पर शिवशरण साव, हरिरत्नम साहू, अनुपमा सिंह, पूनम सिंह,पिंकी देवी, मुजाहिद आलम, मो मुबारक, मो गुफरान, मो निजाम, मो अबुल, मो इकबाल, मो बदरुद्दीन, संजय बनारसी, नीरज मंडल, अरमान आदि उपस्थित थे.

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली और सजावट प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शनिवार को प्रत्येक वर्षो की तरह इस वर्ष भी दीपावली महोत्सव को लेकर छात्रों के बीच रंगोली और सजावट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने रंगोली,दिया सजावट, तोरण और रंग बिरंगी कार्ड भी बनाएं। इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से लेकर 12वीं तक के बच्चें सम्मिलित हुए। बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं को दिखाया । उन्होंने तरह-तरह की रंगोलिया बनाई,कार्ड बनाया,तोरण बनाया और मिट्टी के दीयों को सजाया और एक अलग ही रूप उसे दिया। ऐसा लग रहा था की न जाने कितनी कलाकृतियां उनके अंदर समाहित है। बच्चों की सजावट को देखकर रामायण की एक चौपाई चरितार्थ होती है ÷को बड़ छोट कहत अपराधु÷ भारतीय मान्यताओं के अनुसार लोग घर में देवी देवताओं के स्वागत के लिए रंगोली बनाते हैं एवं घर को रोशनियों से जगमगाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने कहा की रंगोली शब्द प्राचीन दृष्टिकोण से संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ रंगों के जरिए भाव को दर्शना होता है। प्राचार्य ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हमारी संस्कृति, हमारी सभ्यता के बारे में भी जानना बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। बच्चे जानेंगे तो ही इनके महत्व को समझ पाएंगे। उन्होंने सभी बच्चों की प्रशंसा की।उन्होंने कहा कि बच्चों का संपूर्ण विकास पढ़ाई के साथ-साथ अनेक कलाकृतियों को भी सीखना चाहिए।इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य

सरदार परमजीत सिंह चमन,

सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित रहें। सभी ने बच्चों की प्रतिभाओं को देख उनकी काफी प्रशंसा की।

# जिला मैदान से रामगढ़ कॉलेज मैदान तक सड़को में पशुचारण गीत चांचइर की धूम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को जिला मैदान बाजार टांड़ से रामगढ़ कॉलेज मैदान तक झारखंड का सांस्कृतिक, त्यौहार सोहराई के अवसर पर पारंपरिक वाद्य ढोल- ढाक, मांदर, धमसा के ताल में चांचइर गाते,नचाते बरदखुंटा के सफल आयोजन के साथ संपन्न ।इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भारी संख्या में रामगढ़ जिले के ग्रामीणों के साथ झारखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि, समूहों के आलवे पश्चिम बंगाल और ओडिशा से भी लोक कलाकार के साथ हजारों लोग एवं प्रतिनिधि मंडल भाग लिए। बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के आह्वान पे %सोहराई चांचइर आर बरदखूंटा का आयोजन किया गया था।कार्यक्रम का प्रारंभ हजारों कला-संस्कृति प्रेमियों के जत्थे के साथ सुबह 11 बजे जिला मैदान से शुरू हो कर गांधी चौक,सुभाष चौक,ब्लॉक चौक होते हुए रामगढ़ कॉलेज मैदान पहुँच कर रोमांचित करने वाला आकर्षक बरदखूंटा में अहीरा /चांचइर गीत से गुंजयमान हो उठा। इस मौके पर बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के सदस्य ओम प्रकाश महतो ने कहा कि, ÷इस तरह का आयोजन इस बृहद झारखंड में पहला,अनूठा और ऐतिहासिक है। हमारा उद्देश्य है कि झारखंड की संस्कृति विरासत के पूर्जागरण के साथ बृहद झारखंड को एक नए सिरे उठाना और जीवित करना है, तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पे पहचान स्थापित करना है। झारखंड की सोहराई आर्ट जो पूरे दुनिया के कला प्रेमियों को आकर्षित कर रही है, पिछले वर्ष सोहराई पेंटिंग को त्नढ्ढ टैग भी मिल चुका है। जिससे स्पष्ट है,सोहराई सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल में स्थापित होने से कोई नही रोक सकता,आगे इस प्रकार के आयोजन को और भी भव्य, बृहद किए जाने की योजना है।÷द्वारिका प्रसाद ने कहा की, ÷हमारे झारखंड की बेहद ही गौरवपूर्ण कला संस्कृति जो कहीं न कहीं आधुनिकता के चपेट में आ कर खोती सी जा रही थी और युवा वर्ग इनसे दूर होते जा रहे है,उनको सुरक्षित और संरक्षित करने के उद्देश से इस प्रकार के कार्यक्रम को आयोजन आयोजित किया गया। आयोजन के दूसरे वर्ष में ही हमने देखा कि युवा वर्ग को बस राह दिखाने भर की देरी है युवा इसे उच्चतर स्त र पे स्वयं ले जाएंगे।संतोष महतो टिडुआर का कहना है, ÷हमारा ये प्रयास और आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी जो धीरे-धीरे अपनी कला,संस्कृति,परंपरा और सभ्यता से दूर होते जा रही है उनमें अपनी इन गौरवपूर्ण संस्कृतिक विचार का संचार करना है। इस कार्यक्रम में हम देख रहे है कि सबसे ज्यादा युवा वर्ग ही बढ़-चढ़ के हिस्सा लिए। कला,संस्कृति और परंपरा का आधार जहां बूढ़े-बुजुर्ग है, तो उस आधार पे इमारत बनाने के वाहक हमारे युवा हैं, और यदि युवा ही इससे कट गए तो कला,संस्कृति और परंपरा की चमचमाती इमारत कभी नहीं बन सकती। अतः युवा जगेगा तो संस्कृति भी अपनी बुलंदियों को छुवेगा। आज रामगढ़ के आयोजन से कल बृहद झारखंड के कोने-कोने में हमारी ऐसे आयोजन होना है जिससे हमारी सांस्कृतिक विरासत को पूरी दुनिया परिचित हो सके। अनिकेत ओहदार ने कहा मैं झारखंड के अलावे ओडिशा और बंगाल के भी भाइयों को आभार व्यक्त करना चाहूंगा जिन्होंने इस ऐतिहासिक आयोजन को भव्य बनाने में अपना सहयोग दिया। भविष्य में बृहद झारखंड के ऐसे और भी परब त्योहार को इससे भी भव्यतम रूप में मनाया जाएगा जिसको देश-दुनिया देखेगी। झारखंड की कला संस्कृति को देखने गुनने के लिए लोग देश विदेश से आएंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम प्रकाश महतो, द्वारिका प्रसाद,अनिकेत ओहदार,संतोष महतो टिड्डआर, संतोष बंसीरआर, जगेश्वर महतो नागवंशी, पनेश्वर कुमार,आनंद केटिआर, रवि महतो,महेश निगम, संतोष महतो,बिहारी महतो,दामोदर महतो,पवन कुमार महतो, हेमलाल महतो,रमेश महतो,अर्चना महतो,कौलेश्वर महतो, देवानंद महतो,धनंजय महतो, मुनीनाथ महतो, मुरारी महतो,रोहित महतो, लाल बाबू मुंडा, गिरीशंकर महतो,राजेंद्र बेदिया, आशा महतो,जीतेंद्र महतो,रुपलाल महतो, सुरेंद्र महतो, मुकेश महतो, अनुपम राज,लीलावती देवी,रूपा महतो,लाजवंती देवी, रेणु कुमारी,भारती कुशवाहा, गुड्डी देवी,लालजीत कुमार, सुधीर कुमार मंगलेश,सूरज महतो, बिनोद कुमार महतो,नरेश कुमार,फलेंद्र महतो,हरि कुमार महतो, सूबेदार चौधरी,गीता कुमारी, दुबराज महतो, लक्ष्मण कुमार महतो, नकुल कुमार महतो, केदार नाथ महतो, शिव कुमार, अमित ओहदार, भीमराज कुमार, प्रदीप कुमार महतो, मिथलेश कुमार, अनिल कुमार, मनीष कुमार,भीम कुमार, प्रवीण कुमार, बादल महतो, प्रेम कुमार महतो, राजेश महतो, लखेश्वर महतो, सुनील कुमार, कुलदीप महतो, खेवालाल महतो, सूरज कुमार, मिथलेश महतो, अनिल पटेल,उमेश महतो, सुरेश महतो,रामबृक्ष महतो,घनश्याम महतो, मिथिलेश महतो, रविकांत महतो, कैलाश महतो,रुपेश महतो, माथुर महतो, मुरारी महतो, ललित महतो, प्रभु महतो, गोपी बेदिया, राजदीप महतो, सूरज महतो, सचिन करमाली, गोविंद महतो, मुकेश महतो, भूपेंद्र कुमार, संकेत ओहदार, लालू प्रसाद, उमेश महतो, पवन महतो, प्रीतलाल बेदिया, चंदेश्वर महतो, जयनाथ महतो, ललित महतो, गंगाराम महतो, सुदर्शन महतो, मिथलेश महतो, अनिल पटेल,उमेश महतो, सुरेश महतो,रामबृक्ष महतो, मुनीनाथ महतो, आशा महतो, संतोष महतो, अर्चना महतो, चिंतामणी पटेल,गिरिशंकर महतो, देवधारी महतो,रमेश महतो, घनश्याम महतो, मिथिलेश महतो, रविकांत महतो, कैलाश महतो, मिथिलेश महतो, रुपेश महतो, माथुर महतो, मुरारी महतो, ललित महतो, प्रभु महतो, बिहारी महतो, गोपी बेदिया, राजदीप महतो, सूरज महतो, सचिन करमाली, गोविंद महतो, मुकेश महतो, भूपेंद्र कुमार, लालू प्रसाद, उमेश महतो, पवन महतो, प्रीतलाल बेदिया, चंदेश्वर महतो, जयनाथ महतो, ललित महतो, गंगाराम महतो, सुदर्शन महतो योगदान सराहनीय है! मौके पर आदि हज़ारों की संख्या मे लोक कलाकार,किसान, पशुपालक , महिला ,पुरुष,बुजुर्ग बच्चे शामिल हुए।

## प्राणप्रतिष्ठा के लिए निकली गई कलश यात्रा



**महुदा/मधुबन( प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सिनीडीह के ब्राह्मणडीहा गांव मे सार्वजनिक काली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए ब्राह्मणडीहा तालाब से कलश यात्रा शुरू किया गया। जल भरकर कलश लेकर सिनीडीह हो कर मेनरोड फोर लेन, दुर्गा मंदिर पहुंचा। कलश यात्रा ब्राह्मणडीहा काली मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ ।कलश यात्रा में काफी संख्या में लड़की महिला पुरुष ग्रामीण शामिल थे, आयोजक समिति ने बताया कि 11ः बजे चंडी पाठ हवन दोपहर 12ः00 से 2ः00 बजे भंडारा प्रसाद वितरण किया गया एवं रात्रि में संस्कृति कार्यक्रम श्री हेमंत दुबे द्वारा प्रवचन एवं राम कथा एवं संगीत भजन का आयोजन किया गया ।

## स्कूल के छात्राओं ने रंगोली बनाकर ग्रीन दीपावली मनाने का लिया संकल्प

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सहयोगिनी द्वारा बहादुरपुर मध्य विद्यालय में स्विच ऑन फाउंडेशन कोलकत्ता के सहयोग से आज से धुंआ और प्रदूषण रहित दिवाली मनाने हेतु जागरूकता हेतु रंगोली और चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे छात्राओं ने प्राकृतिक रंगोली के तहत से बहुत ही आकर्षक रंगोली बनाई । जिसे सभी अतिथियों और विद्यालय परिवार ने काफी सराहना किया । इस दौरान छात्र छात्राओं ने वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर बहुत ही सुंदर चित्रकारी किया । इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य श्री गंगाराम रवानी ने कहा कि दीपावली हमारे समाज में एक पारंपरिक त्यौहार है इसे स्वच्छ एवं सुंदर तरीके से मनाने की आवश्यकता है ज्यादा प्रदूषण फैलाने से लोगों को काफी परेशानी होती है। जिस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है उन्होंने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने का संदेश दिया जा रहा है। सहयोगिनी के समन्यवक रवि कुमार राय ने सभी बच्चो को प्रदूषन रहित दिवाली मनाने और उच्चतम न्यायालय तथा झारखंड सरकार के आदेश के बारे में बताया कि दिवाली रात आठ बजे से रात दस बजे तक ही ग्रीन पटाखा का उपयोग से मानना है। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं ने शपथ लिया कि इस वर्ष प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने का कार्य करेंगे।



## स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, बच्चों ने की मस्ती



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : न्यू एंजेल्स होम स्कूल डिगवाडीह में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य मोहम्मद आफताब आलम ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मोहम्मद आफताब ने बाल दिवस पर चाचा नेहरू के विषय में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होने कहा की बाल दिवस 14 नवम्बर को पूरे भारत में बच्चो का अधिकार शिक्षा एवं हितो के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। इस दिन भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू का जन्म दिन था। पंडित नेहरू हमेशा बच्चों और उनके अधिकारों के लिए आगे रहते थे। बाल दिवस के उपलक्ष में बच्चों का एक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छोटे बच्चे विभिन्न वेशभूषा जैसे भारत माता, लक्ष्मी बाई, मदर टेरेसा, किसान, जादुगर, एयर होस्टेस, ट्रैफिक लाईट और कुछ बच्चे फल और सब्जी बनकर आए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुचित, किस्कू, आफरीन, ज्योति, बबली, रोजमा, बिंदु, ऋषि, उत्तम, संजय, रोहन, सगिर, रेखा, सिमरन, इफ्तिखार और सभी शिक्षकगण की अहम भूमिका रही।

## संत पॉल्स हाई स्कूल में छात्राओं ने बनाई एक से एक बढ़कर एक रंगोली



**बगोदर/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखण्ड के अन्तर्गत औंरा संत पॉल्स हाई स्कूल में दीपावली के शुभ अवसर पर छात्राओं के बीच रंगोली और दिया प्रतियोगिता कार्यक्रम स्कूल प्रबंधक की और आयोजित की गई । वहीं इस प्रतियोगिता कार्यक्रम में सिनियर जुनियर छात्राओं ने बढ चढकर हिसा लिए ।

# प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में दीपोत्सव की तैयारी जोरों पर, आज मनाई जाएगी दीपावली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**डुमरी** : प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में दीपोत्सव की तैयारी जोरों पर है।10 नवंबर को जहां प्रखंड वासियों ने देर रात तक धनतेरस की खरीदारी कर परंपरा का निर्वहन किया। वहीं 11 नवंबर को छोटी दिवाली मनाया। साथ ही यम की दीया जलाकर घर की दरिद्रता को दूर कर धन धान्य व सुख संपदा की कामना गणेश-लक्ष्मी देव से की।



वहीं आरोग्य के देवता धनवंतरि की आराधना आयुर्वेद चिकित्सा से जुड़े लोगों ने की।इधर दीवाली को लेकर घरों की साफ सफाई कर घरों को विभिन्न प्रकार के प्रकाश से सजाया। दीपावली को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। क्षेत्र के विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक, बर्तन व आभूषण के दुकानों एवं बाइक शोरूम में धनतेरस की खरीदारी हेतु खरीदारों की भीड़ देखी गई। क्षेत्र के लोग अपने अपने सामर्थ्य के अनुसार सामग्रियों की खरीदारी की।कोई इलेक्ट्रॉनिक्स से संबंधित चीजें खरीद रहा था तो कोई आभूषणों की खरीदारी कर रहा था।

वहीं बाइक खरीदने की चाह रखने वाले लोगबाइक शोरूम में अपनी पसंद की बाइक खरीद रहे थे। जबकि लोगों की अच्छी-खासी भीड़ बर्तन दुकानों में भी देखी गई।

उपरोक्त दुकानों के संचालक सुबह से ही अपनी अपनी दुकानें लोगों की भीड़ को देखते हुए विस्तारित रूप से सजा रखी थी। खरीदारों की भीड़ दोपहर बाद से दुकानों में लगनी शुरू हो गई थी जो देर रात तक चली। इधर सुरक्षा के दृष्टिकोण से दोनों थाना डुमरी एवं निमियाघाट पुलिस द्वारा कड़ी व्यवस्था की गई।जगह जगह सुरक्षा बल गश्त करते दिखे। इधर 12 नवंबर को लोग दीपावली का त्योहार मनायेंगे साथ ही आतिशबाजी करेंगे।

## झारखंड विस की आश्वासन समिति ने की पेयजलापूर्ति सहित अन्य विभागों की समीक्षा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झारखंड विधानसभा की सरकारी आश्वासन समिति ने सभापति सह चाईबासा के विधायक दीपक बिरुवा की अध्यक्षता में तथा समिति के माननीय सदस्य सह देवघर के विधायक नारायण देव की उपस्थिति में धनबाद सर्किट हाउस के सभागार में पेयजलापूर्ति, भू अर्जन सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। बैठक समाप्त होने के बाद सभापति ने कहा कि विधानसभा में उठाये गये वैसे मामले जिसमें सरकार के द्वारा उसके निष्पादन का आश्वासन दिया गया है, की आज समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि धनबाद में जलापूर्ति, बीसीसीएल व ईसीएल द्वारा किया गया भू अर्जन, नियोजन, शिक्षा, मुआवजा नहीं मिलना, कल्याण, आरईओ सहित 37 मामले लंबित है। इसकी रिपोर्ट देने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 20 मामलों को ड्रोप किया जा सकता है। साथ ही बताया कि समिति ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की 2 वर्ष की जन उपयोगी योजना की रिपोर्ट भी मांगी है।

## सरिया : 5 करोड 25 लाख की लागत से बनेगा 4.81 किलोमीटर गडैया-चिचाकी पथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया** : सरिया प्रखण्ड क्षेत्र के चिचाकी से गडैया तक 5 करोड 25 लाख की लागत से बननेवाली 4.81 किलोमीटर सडक निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को बिधायक विनोद कुमार सिंह ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया । इस दौरान बिधायक विनोद कुमार सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि चिचाकी, बंदखारो, चिरुवाँ आदि से सरिया प्रखण्ड मुख्यालय की दूरी लगभग 15 किलोमीटर से अधिक पडता है, लेकिन चिचाकी से गडैया तक रेल लाईन के समानांतर पथ निर्माण होने से यह दूरी कम होकर 8 से 10 किलोमीटर रह जायेगी । इससे इस क्षेत्र के दर्जनों गांव के सैकड़ों लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इन्होंने आगे कहा कि बगोदर विधानसभा के हर गांव, हर टोले को पक्की सडक से जोडना हमारा लक्ष्य है। आपसबों का इसी प्रकार सहयोग मिलता रहा तो पूरे विधानसभा में सड़क, पुल पुलिया समेत अन्य विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का कार्य चलता रहेगा । कार्यक्रम में प्रखंड सचिव भोला मंडल, जिप सदस्य लालमणि यादव, बगोदर उपप्रमुख हरेन्द्र सिंह, मनोज पाण्डेय, बिजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनोज महतो, जिम्मी चौरसिया ,बासुदेव पंडित, मुखिया गीता कुमारी, पंसस बिनोद महतो, बलदेव महतो, कामेश्वर यादव, शत्रुघ्न महतो,पूरन कुमार महतो समेत अन्य लोग शामिल थे ।

## वाहन जांच के दौरन भूली पुलिस ने पिस्टल के साथ तीन युवक को किया गिरफ्तार, पूछताछ जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : भूली ओपी थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरन पिस्टल के साथ तीन युवक को गिरफ्तार किया है। हलाकि अभी पकड़े गए सभी युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि बिनोद बिहारी चौक के पास वाहन जांच में विशुनपुर के रहने वाले तीन युवकों को भूली पुलिस ने गिरफ्त में लिया, जिनके पास से एक पिस्तौल मिली। अंशू, मोहित और अनुज के रूप में इनकी पहचान हुई है। ये सभी बुलेट पर सवार होकर बिनोद बिहारी चौक की ओर जा रहे थे। तभी ओवरलोडेड बाइक के कारण पुलिस ने इन्हें रुकवाया। पूछताछ के दौरान तीनों के हाव-भाव से संदेह पैदा हुआ, जिसके बाद गहन जांच की गई। जिसके बाद एक पिस्टल बरामद हुआ है। इसके बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया और थाना ले आई। साथ ही बुलेट बाइक भी जब्त कर ली गई।फ़िलहाल पुलिस पकड़े गए युवकों से पूछताछ कर रही है।



## अवैध पार्किंग वसूली को लेकर रेल डीआरएम से शिकायत, धनबाद रेल पुलिस ने लिया संज्ञान




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झारखंड राज्य के धनबाद जिले मे रेल डीआरएम से एक व्यक्ति ने शनिवार को सोशल साइट्स के माध्यम से शिकायत की।शिकायत में उक्त व्यक्ति ने कहा की धनबाद रेलवे स्टेशन गेट नंबर 2 के पास अवैध पार्किंग वसूली हो रही है। जहाँ 20 रुपया पार्किंग रेट तय की गई है, वहाँ 40 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। और जब अवैध वसूली का विरोध की जाए तो पार्किंग वसूली करने वाले हाथापाई के लिए उतारू हो जाता है। जिसके बाद रेल डीआरएम ने इसकी सूचना धनबाद रेल पुलिस को दी। उसके बाद धनबाद रेल पुलिस इस मामले को संज्ञान में ली है। उक्त व्यक्ति ने अपने सोशल साइट्स के जरिये लिखा है कि आज हम धनबाद स्टेशन गए। जहां पार्किंग नही लेने का है वहा पर भी 20 से 40 रुपया का पार्किंग लिया जा रहा है। जो इसके विरोध मे बोल रहे है उनसे हाथापाई करने लगते हे।

## भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

# धनबाद जिला अल्पसंख्यक विभाग अल्पसंख्यको की एक सशक्त आवाज बन कर काम करेगी : जाहिर अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा** : धनबाद जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस के नेतृत्व में जिला के प्रखंडों में अल्पसंख्यक कांग्रेस के गठन हेतु आज निरसा प्रखंड अंतर्गत ऊर्मा में प्रखंड कमेटी गठन हेतु विचार विमर्श के लिए एक अति आवश्यक बैठक की गई। बैठक में सबसे पहले महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के पहले शिक्षा मंत्री, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के मौके पर संगोष्ठी आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बैठक की अध्यक्षता समाज सेवी मुर्शीद अंसारी ने किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शमशेर आलम ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सभी को साथ लेकर चलती है कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो अक्लियातो के हित की बात करती है। करीम अंसारी ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम ने जो शिक्षा की अलख जगाई थी और जो सपने देखे थे वो आज भी अधुरा है। जिला अध्यक्ष जाहिर अंसारी ने कहा कि देश के पहले शिक्षा मंत्री जनाब अबुल कलाम आजाद ने शिक्षा के छेत्र में बहुत बड़ा योगदान दिया है। लेकिन उनके कई सपने अधुरे रह गए। आज अकलियत समाज को जरुरत है आगे आ कर शिक्षा के छेत्र में उनके सपनों को पूरा करने का। धनबाद जिला अल्पसंख्यक विभाग अब सिर्फ एक विभाग ही नहीं बल्के अल्पसंख्यको की एक सशक्त आवाज बन कर काम करेगी।



## छठ के अवसर पर 15 जोड़ी और स्पेशल ट्रेनों का होगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर** : दीपावली एवं छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी क्रम 10 और स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -1. गाड़ी सं. 03133/03134 कोलकाता-पटना-कोलकाता छठ स्पेशल (जसीडीह-झाझा- किउल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 03133 कोलकाता-पटना-कोलकाता छठ स्पेशल 14.11.2023 एवं 16.11.2023 को कोलकाता से 23.55 बजे खुलकर अगले दिन10.30 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में 03134 पटना-कोलकाता छठ स्पेशल 15.11.2023 एवं 17.11.2023 को पटना से 14.30 बजे खुलकर देर रात्रि 00.25 बजे कोलकाता पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 13 एवं साधारण श्रेणी के 05 कोच होंगे ।

2. गाड़ी सं. 08793/08794 दुर्ग-पटना-दुर्ग छठ स्पेशल (रायपुर-बिलासपुर- राउरकेला-हटिया-बोकारो-गोमो-गया के रास्ते) - गाड़ी संख्या 08793 दुर्ग-पटना छठ स्पेशल 15.11.2023 को दुर्ग से 14.45 बजे खुलकर अगले दिन 09.30 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 08794 पटना-दुर्ग छठ स्पेशल 16.11.2023 को पटना से 10.30 बजे खुलकर अगले दिन 08.20 बजे दुर्ग पहुंचेगी । इस स्पेशल में वातानुकूलित श्रेणी के 07 कोच, शयनयान श्रेणी के 09 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे ।

3. गाड़ी सं. 07003/07004 हैदराबाद-पटना-हैदराबाद छठ स्पेशल (सिकंदराबाद- बल्लारशाह-गोंदिया-जबलपुर-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी संख्या 07003 हैदराबाद-पटना छठ स्पेशल 13, 18 एवं 20.11.2023 को हैदराबाद से 12.00 बजे खुलकर अगले दिन 17.15 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 07004 पटना-हैदराबाद छठ स्पेशल 15, 20 एवं 22.11.2023 को पटना से 03.35 बजे खुलकर अगले दिन 10.00 बजे हैदराबाद पहुंचेगी । इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 10 कोच, शयनयान श्रेणी के 02 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे ।

4. गाड़ी सं. 01105/01106 पुणे-दानापुर-पुणे सुपरफास्ट स्पेशल (भुसावल-इटारसी- जबलपुर-प्रयागराज छिवकी-पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. के रास्ते )- गाड़ी संख्या 01105 पुणे-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन पुणे से 13.11.2023 एवं 16.11.2023 को 06.30 बजे खुलकर अगले दिन 11.40 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 01106 दानापुर-पुणे सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दानापुर से 14.11.2023 एवं 17.11.2023 को 13.30 बजे खुलकर अगले दिन 19.45 बजे पुणे पहुंचेगी । इस स्पेशल में वातानुकूलित तृतीय इकॉनोमी श्रेणी के 12 कोच एवं शयनयान श्रेणी के 06 कोच होंगे ।

## चिरकुंडा काली मंदिर से निकली कलश यात्रा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा** : चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत 18 नम्बर वार्ड सोनारडंगाल काली मंदिर से 11 नवम्बर शनिवार सुबह कलश यात्रा बराकर नदी से जल लेकर सभी श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी सहित पार्षद सुनीता, सुसील चंद्रवंशी, प्रभुनाथ पांडे, विजय सिंह, भोला सिंह, प्रकाश व सभी जनप्रतिनिधि रहे। इस दौरान चिरकुंडा पुलिस प्रशासन की देखरेख में कलश यात्रा निकाली गई।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी** : टुंडी प्रखंड कार्यालय सभागार में आज शनिवार को झारखंड सरकार के निर्देशानुसार आयोजित होने वाला सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों को लेकर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया टुंडी प्रमुख मालती मरांडी समेत सभी पंचायत के मुखियाओं एवं सभी जनप्रतिनिधियों के साथ एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते टुंडी विधायक ने आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार आपके द्वार फेस टू को संपन्न करने के लिए समय पर पहुंचे एवं एक-एक आवेदनों पर ऑन द स्पॉट के तहत आवेदनों को निष्पादन करें ताकि कोई भी व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे। टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया ने सरकार द्वारा चलाई जाने वाली इस योजना का लाभ हर लोगों तक पहुंचे इस पर जनप्रतिनिधियों को विशेष ध्यान रखने की अपील किया।

## समस्तीपुर के दो शराब तस्कर को धनबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार, 65 कार्टून शराब और वाहन जब्त



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झारखंड राज्य के धनबाद जिले की पुलिस इन दिनों अपराधियों व अवैध तस्करों के खिलाफ अभियान चला कर पकड़ रही है। प्रतिदिन धनबाद पुलिस को सफलता प्राप्त हो रही है। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस आपराधिक गतिविधियों पर नजर बनाई हुई है। इसी के तहत आज शनिवार को धनबाद के पूर्वी टुंडी पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। टुंडी पुलिस ने वाहन जांच के दौरान समस्तीपुर (बिहार) के दो शराब तस्कर को 65 कार्टून अवैध विदेशी शराब से लदा वाहन समेत दो तस्कर को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक वैन से 65 कार्टून अवैध विदेशी शराब की खेप को वाहन समेत जब्त किया है। जांच के दौरान मौके से वाहन चालक समेत कुल 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त समस्तीपुर बिहार के रहने वाले हैं।

## कार्डधारियों ने डीलर कैलाश रविदास पर बीते 6-7 माह से अनाज वितरण नहीं करने का लगाया आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**डुमरी** : प्रखंड के परसाबेड़ा पंचायत के अम्बाडीह गांव के राशन कार्डधारियों ने अपने डीलर कैलाश रविदास पर बीते 6-7 माह से अनाज वितरण नहीं करने का आरोप लगाते हुए प्रमुख डुमरी से शिकायत करते हुए अनाज वितरण कराने के दिशा में पहल करने की अपील की जिसके बाद प्रमुख शुक्रवार संध्या को गांव पहुंच राशन कार्डधारियों का कार्ड का अवलोकन किया जिसमें पाया कि कार्ड में फरवरी मार्च तक का अनाज वितरण संबंधी इंट्री है।राशन कार्डधारियों ने प्रमुख को बताया कि जब वेलोग डीलर से राशन की मांग की तो डीलर द्वारा कार्डधारियों को दो तीन माह का अनाज बाकी है,का पर्ची लिखकर देते हुए ई-पोश मशीन में अंगूठा उठा लिया और कहा कि अनाज आने पर वितरण कर दिया जाएगा। इस दौरान पंचायत के मुखिया मो.हसमुद्दीन भी उपस्थित थे जिन्हें प्रमुख ने मामले पर अपने स्तर से हस्तक्षेप करने को कहा वहीं प्रमुख ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आये दिन ऐसी शिकायतें मिलती रहती है जिसपर संबंधित अधिकारियों को संज्ञान लेने की आवश्यकता है।



# रविन्द्र गंझु दस्ते का दर्जनों कांडो में शामिल अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मामला पेशरार और सेरेंगदाग थाना क्षेत्रान्तर्गत की है,जहां कई नक्सली घटनाएँ, गोलीकांड, अगजनी, अवैध लेवी वसूली एवं चोरी के कई मामलों में वांक्षित फरार भाकपा (माओवादी) के रिजनल कमांडर रविन्द्र गंझू के दस्ता का सदस्य आकाश नगेसिया उर्फ समेश्वर नगेसिया, पिता स्व0भादे नगेसिया उर्फ भावदेव नगेसिया साओनेगढ़ा, टोला ईचवाटांड़, थाना पेशरार,जिला लोहरदगा को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 09 नवंबर को पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां लोहरदगा को मिली गुप्त सूचना मिली थी,उसी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी, पेशरार थाना के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। विशेष छापामारी टीम के द्वारा थाना प्रभारी,पेशरार थाना के नेतृत्व में आदेशानुसार अग्रीम कार्रवाई करते हुए रांची रेलवे स्टेशन के पास भाकपा(माओवादी) नक्सली संगठन रविन्द्र गंझू के दस्ता का सदस्य आकाश नगेसिया को धर दबोचा गया। तत्पश्चात नाम पता एवं नक्सली की पहचान उपरांत साथ गये सशस्त्र बल के समक्ष विधिवत गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के सदस्य आकाश नगेसिया के द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया है कि इनके एवं दस्ता के अन्य सदस्यों के द्वारा सेरेंगदाग थाना क्षेत्रान्तर्गत पुन्दाग बड़का नदी में पुल निर्माण कार्य करा रहे ठिकेदार के द्वारा लेवी का पैसा नहीं देने के कारण रविन्द्र के आदेश पर दिनांक 26.03.2023 को निर्माण कार्य में लगे दो ट्रैक्टर को गाड़ी से ही डीजल निकालकर छिड़क दिया गया एवं आग के हवाले कर दिया गया था। पुनः सेरेंगदाग थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मन्हेपाट से जुड़नी तक सड़क निर्माण कार्य करा रहे मुंशी की हत्या करने की नियत से दिनांक -22.05.2023 को सेरेंगदान थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चंडी के पास घात लगाकर गोली फायरिंग किया गया था।पेशरार थाना क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 11.12.2022 को जवाखाड़ से अपने सहयोगियों के साथ मिलकर स्वराज ट्रैक्टर को रोटावेटर सहित घर के बाहर से रात्रि में चोरी कर लिया गया था।

# उर्स लाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उर्स लाइन कॉन्वेंट बालिका उ`च विद्यालय में दीपावली को लेकर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग 7 से वर्ग 10 तक के छात्राओं ने भाग लिया था। इसमें प्रत्येक क्लास से दो-दो ग्रुप में बांटा गया। इसमें प्रतिभागियों ने अबीर गुलाल से कलात्मक भाव प्रदर्शित किया। इस प्रतियोगिता को सीनियर और जूनियर ग्रुप करके परिणाम दिया गया। जिसमें सीनियर ग्रुप में 9th ए का ग्रुप ए प्रथम, 9 सी ग्रुप ए द्वितीय, 10%ष्ट% ग्रुप ए तृतीय, स्थान प्राप्त किया। जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान 8बी ग्रुप बी, द्वितीय स्थान 8 सी ग्रुप ए ने और तृतीय स्थान में 8 ए प्रतियोगिता का आयोजन ए और 7 ए प्रतियोगिता का आयोजन ए विजेता हुए। मौके पर प्रधानाध्यापिका सिस्टर सरिता ने सभी छात्राओं को अपने मन से सारी बुराइयों को दूर कर ज्ञान की 'योति जलाने की बात कही। अजय सर के द्वारा आतिशबाजी में सावधानी बरतने की बात कही गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापिका शिक्षक व बाल

# वाहन जांच के क्रम में ओवर लोडेड दो बॉक्साइड ट्रक को किया गया जब्त




**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के रास्ते बॉक्साइड ट्रक का परिवहन हो रहा है। जिसमें ओभर लोड ट्रक का आवगमन जारी था। विदित हो कि सेन्हा थाना के समीप देर शाम पुलिस कप्तान हारिश बिन जामां के निर्देशानुसार थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में आगामी त्योहार को लेकर थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम मोटरसाइकिल, कार एवं मालवाहक ट्रक की जांच किया गया। जांच के दौरान ट्रक जे एच 08 ई 6458 में ओभर लोडेड बॉक्साइड पत्थर होने की संदेह पर जब्त कर थाना परिसर में रखा गया। वहीं खनन पदाधिकारी राजराम प्रसाद के नेतृत्व में जब्त ट्रक का धर्म काटा कराया गया तो उसमें क्षमता से अधिक बॉक्साइड पत्थर लोडडे पाया गया। इसी दरमियान दूसरा ट्रक जे एच 08 एफ 2460 बॉक्साइड ट्रक को रोक कर जांच किया गया। जिसमें भी ओभर लोड पाया गया। क्षमता से अधिक बॉक्साइड पत्थर लोड होने की पुष्टि पर खनन अधिनियम के तहत अग्रतर कारवाई खनन विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि वाहन जांच अभियान जिला वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर अगले आदेश तक जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा नियम के विरुद्ध कार्य करने वाले ट्रक मालिक के विरुद्ध लगतार कारवाई जारी रहेगा।

# जयप्रकाश शर्मा ने गरीब बच्चों के बीच मिठाई, नए कपड़े, फल और पटाखों का किया वितरण




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी व झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के संयोजक जयप्रकाश शर्मा के द्वारा बस्तियों में जाकर गरीब बच्चों के बीच मिठाई के डिब्बे, नए कपड़े, फल और पटाखों का स्नेहपूर्ण वितरण किया गया। सभी बच्चे उपहार पाकर बड़े खुश हुए। जय प्रकाश शर्मा प्रत्येक होली और दीवाली के त्योहार पर विशेष रूप से गरीब बच्चों के बीच जा कर खुशियां बांटते रहे हैं, उनका मानना है कि ऐसा कर उन्हें आत्मा संतुष्टि मिलती है, जब भी किसी मासूम चेहरे पर उनके कारण मुस्कान आती है तो एक अलग ही खुशी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों का मन बड़ा कोमल होता है थोड़ा प्यार और थोड़ी खुशियां मिलने से उनमें सकारात्मक भाव तैयार होंगे जिससे वे समाज से जुड़ाव महसूस करेंगे। हर पर्व को हमें मिलजुलकर मनानी चाहिए। उनके द्वारा वृद्धा आश्रम जा कर वहां रहने वाले वृद्ध जनों के संग भी दिवाली की खुशियां बांटी जाएगी।

# बच्चों का विकास अभिभावकों के सहयोग से ही संभव : अलीरजा अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** अभिभावक बच्चों के पहले गुरू होते हैं। बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में उनकी बड़ी भुमिका होती है। सच तो यह है कि अभिभावकों के सहयोग के बिना बच्चों का सर्नांहीण विकास संभव ही नहीं है। उपर्युक्त बातें प्रखंड क्षेत्र के रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी में आयोजित अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन में आज विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय पोषक क्षेत्र के हर बच्चे को अच्छी शिक्षा तभी मिल सकेगी, जब अभिभावक सजग होंगे। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रबंधन समिति अध्यक्ष, शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।तत्पश्चात विद्यालय के बाल संसद के सदस्यों द्वारा स्वागत गान गाकर अभिभावकों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक सरोज कुमार दुबे ने हर्ष जोहार, प्रोजेक्ट रेल एवं आईसीटी क्लास, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी एवं बच्चों की उपस्थिति की जानकारी दी। शिक्षिका खुशमारेन मर्शिला तिर्की ने पोक्सो एक्ट एव, बाल विवाह और सावित्री बाई फूले योजना पर चर्चा की। वि. प्रबंधन समिति अध्यक्ष कंचन राम ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। विशेष रूप से उपस्थित जिंगी पंचायत मुखिया ने विद्यालय को हर संभव सहयोग देने का वादा किया।कार्यक्रम को उपमुखिया सूरज लाल, पूपेन तिग्गा ने भी संबोधित किया। मौके पर शिक्षक फूलमनी कुमारी, चांदो तिर्की संयोजिका ओलिभा तिर्की, लालदेव टाना भगत, चारो उरांव, इल्ताफ अंसारी, जेना टाना भगत, संदीप उरांव, प्रभा देवी, सुखमनिया उरांव, संजीत लोहरा, खालिद अंसारी सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

# ग्रामीणों की शिकायत पर सांसद प्रतिनिधि ने सड़क कार्य रोका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** केरसई प्रखंड के नगड़ाटोली से कसडेगा भाया गट्टीकच्चार बिहाबाइल टंगरटोली जेन्जराकानी तक करोड़ो की लागत से बनने वाले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में अनियमितता एवं रैयतों के ज़मीन खोदने की ग्रामीणों के शिकायत पर सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने पहुंचकर ग्रामीणों के संग कार्य पर रोक लगाया। ग्रामीणों ने शिकायत किया कि सड़क का फ्लैंक भरने के लिए कंपनी सड़क के किनारे ही राज्यों के खेत को 5 से 6 फीट गड्ढा खोद कर छोड़ दे रहा है जिससे मिट्टी तो नीचे धसेगा ही साथ ही किसानों का खेती योग्य जमीन भी बर्बाद हो रहा है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना प्रधानमंत्री जी की एक महत्वाकांक्षी योजना है साथ ही ग्रामीणों की मांग पर माननीय केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी के अनुशंसा से सड़क का कार्य हुवा है, इसमें किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी कार्यरत एजेंसी द्वारा कल्वर्ट में भी पुराना कल्वर्ट का तोड़ा हुवा पत्थर उपयोग में लाया जा रहा है होमपाइप के नीचे ढलाई भी नही की जा रही है मिट्टी के भर कर लीपापोती की जा रही है साथ ही दूसरे प्रदेशो से मजदूर ला कर रात 8 बजे तक कार्य कराया जा रहा है स्थानीय मजदूरों को इसलिए दूर किया जा रहा है कि कार्य में अनियमितता करने पर भी कोई जान नही पाए। पूरे मामले को जिला प्रशासन एवं माननीय केंद्रीय मंत्री के पास रखी जाएगी। मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद आलोक निरंजन साहू जगदीश सड़ंगी पीतांबर होता रोशन टेटे आश्रिता कुल्लू संजय इंदवार लखन इंदवार पीटर डुंगडुंग संजय केरकेट्टा प्रदीप नायक आचार्य स्वामी अवधूत रामु खड़िया मौजूद थे ।

# भाजपा नेता श्रद्धानन्द ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा और पाकरडांड सांसद प्रतिनिधि दीप नारायण दास ने पाकरडांड प्रखंड केशलपुर पंचायत के पालेडीह ग्राम और गारिया ग्राम में, सिकरियाडांड पंचायत के डीपा टोली ग्राम में, सिमडेगा प्रखंड पीथरा पंचायत के जमुना खोईर ग्राम में, जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री जी 15 नवंबर को खुंटी में स्थित उलिहातु ग्राम में आने को लेकर लोगों से मुलाकात किए एवं बैठक आहूत करके लोगों को खुंटी चलने के लिए प्रेरित किए। श्री बेसरा ने लोगों से कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आगमन भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती पर हो रहा है, बता दें कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पिछले साल भाई नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाने की घोषणा की थी। और यह सौभाग्य की बात है कि ठीक एक साल के बाद प्रधानमंत्री स्वयं बिरसा मुंडा जयंती पर जन्मस्थली खुंटी के उलिहातु ग्राम में पंहुच कर उन्हें श्रद्धांजलि देने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री होंगें। प्रखंड सांसद प्रतिनिधि दीप नारायण दास जी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने जनजातीय समुदाय के लिए बहुतेरे कामों में से एक प्रमुख कार्य जनजाति महिला को देश के सर्वोच्च पद पर बैठा कर देश के जनजाति समुदाय को सम्मान देने का कार्य किया है। इसलिए खास कर भाजपा कार्यकर्ता एवं जनजातीय समुदाय के लोग अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर प्रधानमंत्री जी के संबोधन को सुनने के लिए खुंटी पहुंचे। मौके पर मुकेश राय कोटवार, जनमजय राय कोटवार, हमेश रावत, भोला दास, कृष्णा दास , जगदीश साहु, मोहन मांझी, बजरू मांझी, इत्यादि उपस्थित थे।

# वन अधिकार को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रदान संस्था द्वारा वन अधिकार अधिनियम के तहत गांव स्तर पर वन अधिकार समिति बनाने को लेकर सभी पंचायत सचिव और जन सेवक को एक दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि वन अधिकार समिति बनाने के लिऐ ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम सभा कराना आवश्यक है। तथा ग्राम सभा की जानकारी मुखिया और पंचायत सचिव देगे। साथ ही कहा की सम्बन्धित ग्राम के वन क्षेत्र की जानकारी के लिए खतियान द्वारा खाता प्लाट, दप्राप्त करना है। जिसे ग्राम सभा में पारित दावा को ग्राम सभा में लाया जाएगा उसके बाद उससे ग्राम सभा से अनुमोदन करा कर भेजा जाएगा। एफआर सी का गठन करना है। वन पट्टा के दावा करने वाले का आवेदन लें। तथा प्रशिक्षक सोनू खान और ओम प्रकाश द्वारा वन अधिकार अधिनियम और दावा प्रस्तुत करने के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ राकेश कुमार तिवारी, त्रिवेणी भगत, सूर्या भगत, अधीश खाखा, रिजवान अहमद, अजय कुमार वर्मा, सुजीत उरांव सहित अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नव चयनित उम्मीदवार रुचि के साथ कार्य करें और दायित्व का निर्वहन करें : बीडीओ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत हेसवे नवाटोली और चुरकु महुवाटोली में बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद का चयन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा चयन किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों केंद्र में एक से अधिक उम्मीदवारों के द्वारा सहायिका पद के लिये आवेदन देने के कारण शैक्षणिक योग्य के आधार पर हेसवे नवाटोली केंद्र के लिये राजकुमारी का और चुरकु महुवाटोली केंद्र के लिये मनोनीत बाखला का सहायिका पद में सर्वसम्मति से चयन किया गया। वही नव चयनित उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र देते हुए बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ ने कहा कि रुचि के साथ कार्य करें और दायित्व का निर्वहन कीजिये। मौके पर मुखिया, महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, एएनएम नौमी खाखा के अलावे अंकित कुमारी, नीलम भगत, मनीषा उराँव, गुड़िया कुमारी, लक्ष्मी उराँव, सुनीता कुमारी, फुलमन्ती कुमारी, लक्ष्मी कुमारी सहित अन्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# गैराज का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने की चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित निजी गैराज का ताला तोड़ कर रात में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये का समान किया चोरी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि कोर्ट रोड रहमत नगर लोहरदगा निवासी स्व.बशीरूद्दीन खान का पुत्र तसलीम खान का बक्सीडीपा में अपना निजी गैराज है। जहाँ वह छोटी बड़ी खराब गाड़ियों को बनाने का काम करता है। प्रत्येक दिन की भांति गुरुवार को भी वह दिन भर काम कर अपना सभी समान को गैराज में रख ताला बन्द कर घर चला गया। जब तसलीम खान शुक्रवार सुबह काम करने दुकान आया और देखा कि गैराज का ताला टूटा हुआ है। गैराज में रखा हुआ लगभग 150 किलो कबाड़ी का समान तथा उसके अलावे 3 पीस टरबो, 4 पीस ब्रेकशू, गियर बॉक्स, 2 पीस फाइबिल, 2 पीस प्रेशर प्लेट, स्टेयरिंग मोटर सेट, 2 पीस क्लच प्लेट, चक्का हब और वाटर पम्प सहित गाड़ी में लगने वाला अन्य कीमती लाखों का सामान को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। पूर्व में भी बक्सीडीपा में स्थित अन्य गैराज से इस तरह का घटना घटित हो चुका है। वही थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताते हुए कहा की तसलीम खान द्वारा लिखित आवेदन देते हुए बताया गया है की उसका निजी गैराज में चोरी हो गया है। वही अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस अग्रतर करवाई में जुट गई है।

# लोहरदगा बार के इतिहास में पहली बार वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया जाएगा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को झारखंड बार कौन्सिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्ण की गरिमामय उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम लोहरदगा बार परिसर में आयोजित की जाएगी जिसमें जिले के सभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया जाएगा प्रमाणपत्र और पहचान पत्र सभी अधिवक्ताओं में वितरण किया जाना है जिले के सभी अधिवक्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा के अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी, महासचिव लाल दीपक साहदेव, सचिव प्रशासनिक लाल धर्मेन्द्र देव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, कार्यकारिणी सदस्य राधे कृष्ण शर्मा ने मिलकर होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की।

## मानसिक कल्याण और शारीरिक फिटनेस के विकास में सहायता है खेल : विधायक भूषण बाड़ा

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संत मेरिज प्लस टू स्कूल सामटोली में तीन दिवसीय रांची जैसयूट स्कूल पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का विधायक भूषण बाड़ा ने किया भव्य उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** संत मेरिज प्लस टू स्कूल सामटोली में तीन दिवसीय रांची जैसयूट स्कूल पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ उदघाटन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा व विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं खिलाड़ियों को शपथ दिलाते हुए किया। मौके पर नागपुर कर कोरा.. नामक नागपुरी गीत पर संत मेरीज स्कूल के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच संत मेरीज सामटोली बनाम संत इग्नासियुस गुमला के बीच खेला गया। जिसमें संत मेरीज की टीम 4-0 से जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से कुल 29 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता का समापन 13 नवंबर को होगा। मौके पर विधायक ने कहा कि शिक्षा मानव समाज के विकास और प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे समाज में विवेक, ज्ञान, समझ और समर्पण की भावना को विकसित करती है। शिक्षा मानवीय सम्पदा को वृद्धि देती है और सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि खेल एक छात्र के विकास और विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे मानसिक कल्याण और शारीरिक फिटनेस के विकास में सहायता करते हैं। एक छात्र खेल और खेलों में भागीदारी के माध्यम से विभिन्न प्रकार के व्यक्तित्व-बढ़ाने वाले कौशल, अनुभव और आत्मविश्वास विकसित करता है। उन्होंने कहा कि आंतरिक शांति के लिए खेल जरूरी है। खेल शरीर को अच्छे आकार में रखने में मदद मिलती है। खेलकूद तनाव कम करता है। उच्च शिक्षा के लिए खेल खेल मदद करता है। मौके पर फा फेडरीक कुजूर, फा एफ्रेम बा-, फा एमानुएल बरला, फा इलियास कुल्लू, फा टीएम बागे, फा राजेश सांडिल्य, फा ब्रूनो टोप्पो, फा लिबिन केरकेट्टा, डीकन सुरेश तिर्की, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, विधायक प्रतिनिधि सह पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन,पूर्व सिमडेगा वार्ड पार्षद शशि गुड़िया डा.इम्तियाज हुसैन, नीला नाग, समीर कुल्लू आदि उपस्थित थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में दीपावली पर विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों, शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। दीपावली यानी प्रकाश का पर्व। दीपावली अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दीवाली हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार है। इस महापर्व को मनाने के पीछे प्रमुख मान्यता भगवान राम के वनवास से अयोध्या आगमन की प्रसन्नता प्रकट करना है। बुराई चाहे रावण जैसा बलवान और बुद्धिवान क्यों न हो उसका एक दिन अंत होकर ही रहता है। दीवाली में हम कई तरह की तैयारी करते हैं घर-बाहर की साफ सफाई, तरह-तरह के पकवान बनाना, रंग-बिरंगे दिए जलाना, रंगोली बनाना, तोरण बनाना इत्यादि। बच्चों को दीवाली के महत्व, इतिहास तथा तरीके से अवगत करवाने तथा हमारे गौरवशाली इतिहास को याद रखने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के मध्य उनके स्तर के अनुरूप विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। कक्षा एलकेजी व यूकेजी के विद्यार्थियों के मध्य कैंडल व दिये बनाने तथा कक्षा प्रथम व द्वितीय में रंगोली व तोरण बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें कक्षा एलकेजी में अहान उरांव, आकर्ष पंकज, जयेश कुमार, दिव्यांश उरांव, अलिशबा अहमद, अक्षत यादव, अंश रंजन व अभिजीत पाठक, कक्षा यूकेजी में काव्य मुखियार, सादिक अख्तर, अपूर्व राज,एलिका अंबर, ईशान्वी राज, खुशी साहू, मोहम्मद अर्श, सैयद अलमाज़, अन्वी रानी, हार्दिक उरांव, आर्यन भगत, नमीरा साजिद, कक्षा प्रथम में आरोही वर्मा, दिव्याशं मेहता, प्रयाग उरांव, प्रयाशं वर्मा, याशिका कुमारी, आयुष भगत, काव्या बंका, अनुश्री लकड़ा, कक्षा द्वितीय में पल्लवी कुमारी, नव्या तरुषि, आयुष शर्मा, प्रिंस कुमार, हेमांगी नाग, कोमल कुमारी, अनन्या कुमारी, आर्याश अवि, हर्षित राज, माही उराँव, अनम अक्सा,आरुष चौधरी, मिहिका पन्ना, जिविषा बोचिवाल, प्रनीत भगत, वैदिप उराँव, शिवांश मेहता, अभिराज, विशेष राज, रीत कुमार व अभिराज स्पर्श ने प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में अश्विन पत्रों, देवकी कुमारी, संगीता मित्तल, रजनी प्रसाद व सोमिता दास व श्वेता कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।कक्षा आठवीं में पल्लवी व समूह ने प्रथम, सुलोचना व समूह तथा जयप्रकाश व समूह ने द्वितीय तथा अबू रेयान ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कक्षा नौवीं में रिया व समूह ने प्रथम, कोमल व समूह ने द्वितीय तथा तृषा व समूह ने तृतीय स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में खुशबू कुमारी, रितु कुमारी, रागिनी कुमारी, व नूपुर कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई तथा प्रमीत कुमार, कैलाश प्रसाद, पूनम सिंह व सभी विषय शिक्षकों ने कार्यक्रम में सहयोग दिया।

## चलते चलते एक नजर

### नई तकनीक से युक्त शानवी ब्यूटी पार्लर का खुलना गर्व की बात : प्रथम महापौर



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रजक परिवार द्वारा शानवी ब्यूटी पार्लर, जय भवानी संघ चौक के समीप।उद्घाटन करते हुए कहा कि अब हमारे शहर में भी अच्छे-अच्छे पार्लर खुलने लगे हैं। जहां बड़े शहरों के तर्ज पर नई तकनीकी के साथ लड़कियों के लिए सुरक्षित सजावट की सुविधाएं उपलब्ध है। जिससे स्किन रिएक्शन से बचा जा सकता है। इसी कड़ी में इस पार्लर का खुलना अच्छी पहल है। लगन के समय में सारे पार्लर व्यस्त रहते हैं। शादी के लिए मेरी बहनों, बच्चियों को सजने में काफी दिक्कत होता है। ऐसे पार्लर खुलने से यह कमियां दूर होगी। इस अवसर पर संस्था की मालकिन पिंकी कुमारी रजक, शिव कुमार मिश्रा, मेयर प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, समाचार वर्षा के मुख्य संपादक कुंदन वर्मा एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सिदो- कान्हू पार्क में नि:शुल्क योग प्रशिक्षण 13 नवंबर से




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के सिदो- कान्हू पार्क में निऱ्शुल्क योग प्रशिक्षण 13 नवंबर से मिलेगा। इस संबंध में झारपार्कस रांची (वन विभाग, झारखंड) के सीइओ के स्तर से सूचना दी गई है। झारपार्कस अंतर्गत इस पार्क में नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने तथा प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित कर जीवन की पद्धति के विकास के लिए निऱ्शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर 13 नवंबर से शुरू होगा। इसका समय हर दिन सुबह 6ऱ्30 से 7ऱ्30 बजे तक रहेगा। मंगलवार को पार्क में साप्ताहिक बंद नहीं होगा। योग के लिए प्रशिक्षक की व्यवस्था झारपार्कस प्रबंधन के स्तर से की गई है। झारपार्कस प्रबंधन ने यह भी कहा है कि फिलहाल योग प्रशिक्षण का समय एक माह (13 दिसम्बर तक) के लिए ही तय किया गया है। अभी जो लोग योग सीखने को सुबह में पार्क आएंगे, उन्हें अपने साथ दरी, मैट या चादर वगैरह स्वयं लाना होगा। सुबह में पार्क घुमने आने वाले लोगों को योग सीखने को पार्क में उपलब्ध रजिस्टर में अपना पंजीकरण भी कराना होगा।

## आखिर कब तक प्रथम मेयर मेंटेन करेंगी?

### महात्मा गांधी मार्ग चौड़ीकरण हो व रोड से हटे ताड़ का पेड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : ऐसा कम देखा जाता है कि पद से हटने के बाद भी अपने क्षेत्र को सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित रखने के लिए एक जनप्रतिनिधि अपने निजी खर्च से पैरेलर निगम चला रही हो। यह कार्य और कोई नहीं बल्कि हमारे मेदनीनगर शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर निभा रही हैं। आज शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहे चर्चित चाहे गांधी उद्यान का रखरखाव हो या फिर मरीन ड्राइव का रखरखाव, चाहे रोड डिवाइडर में लगे पौधों की देखरेख हो या मेयर के निजी खर्च से लगे ओवर ब्रिज एवं डिवाइडर पर तिरंगा लाइट, चाहे मेयर द्वारा लगाया गया जगह-जगह सीमेंटेड बेंच का मेंटेनेंस हो या फिर चौक चौराहा में लगा वर्टिकल गार्डन का मेंटेनेंस, चाहे शहर के विभिन्न जगहों में लगे ठंडे पानी का मशीन का रखरखाव हो या फिर मोहल्ले में बच्चों को खेलने के लिए लगे मल्टीप्ले स्टेशन की देखरेख। इन सभी चीजों के लिए प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा चार-चार माली,दो इलेक्ट्रीशियन, पानी टैंकर के साथ पौधों में पानी पटाने हेतु ड्राइवर लेबर एवं दो-दो सुपरवाइजर निगम क्षेत्र के खूबसूरती को बनाए रखने के लिए प्रतिदिन सुबह 7 बजे निकल जाते हैं और शाम 5 बजे तक कार्यरत रहते हैं।

तभी गर्मियों में भी शहर हरा भरा नजर आता रहा।।प्रथम महापौर ने




दुख जाहिर करते हुए कहा कि मैं।अभी किसी पद पर ना होते हुए भी यथासंभव निगम क्षेत्र को सजाने सवारने एवं कई प्रमुख योजनाओं पर निगम का ध्यान आकृष्ट करने का कार्य नित्य करती हूं।

साथ में जहां-जहां शहर के कुछ लोगों द्वारा एक सुनियोजित ढंग से चीजों को तोड़ी जाती है उसको त्वरित अपनी टीम द्वारा ठीक कराने का भी काम करती हूं। लेकिन यह कब तक ? यह शहर मेदनी नगर शहर वासियों का है। मैं तो मात्र माध्यम रही। मेंटेन हम सबों को मिलकर करना है। जिसमें प्रशासन की भी उतनी ही सहभागिता होनी चाहिए। तभी शहर शुव्यवस्थित एवं सुसज्जित रहेगा। लगातार इन दिनों डिवाइड का लाइट एवं प्लांट तोड़े जाने पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने दुख व्यक्त की और कहा कि प्रशासन यथाशीघ्र महात्मा गांधी मार्ग का चौड़ीकरण जिसका एस्टीमेट बना हुआ है तत्काल करे एवं रोड के बीच में ताड़ पेड़ को कटवाए अन्यथा बड़ी घटना होगी।

### प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे पर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झारखंड दौरे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर 10 आईपीएस, 35 डीएसपी, बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड की टीम सहित 2000 जवानों की तैनाती की जाएगी। सुरक्षा के साथ दूसरे इंतजामों में कोई कमी न रह जाए इसके लिए अधिकारी लगातार खूंटी में कैंप किए हुए हैं। एसपीजी की टीम शनिवार को रांची एयरपोर्ट पहुंची और वहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के बाद खूंटी के लिए रवाना हो गई। इस संबंध में डीआईजी अनूप बिलथरे ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री 15 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस के दिन झारखंड के खूंटी में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## रांची के बाजारों में 100 से 150 रुपये में बिक रहे दीये

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची का बाजार मिट्टी के दीये से सज गया है। जिला स्कूल, मेन रोड, कचहरी, चर्च रोड, धुर्वा, हिनू सहित अन्य चौक चौराहों और गली में भी बाजार लगे है। लोग सुबह से ही खरीदारी करते दिख रहे हैं। राजधानी में जगह जगह मिट्टी के दिये बिक रहे है, जो 100 से लेकर 150 रुपये सैकड़ा मिल रहा है। करंज तेल 150 रुपये प्रति लीटर बिक रही है।

इसके साथ मिट्टी के खिलौने 10 रुपये प्रति पीस की दर से बिक रहे हैं जबकि हाथी घोड़ा बकरी भैंस शेर तोता समेत अन्य खिलौनों की 50 से 80 रुपये प्रति पीस बिक्री है। बाजार में दीये, खिलौने समेत अन्य चीजों की दर साइज के अनुसार



अलग अलग है।

इस बार जिला स्कूल में पटाखों की बिक्री हो रही है। ऐसे राजधानी के अन्य हिस्सों में भी पटाखों की बिक्री देखी जा रही है। पिछले साल तक राजधानी के मोरहाबादी मैदान में पटाखों की बिक्री होती थी लेकिन इस बार जिला प्रशासन की ओर से पटाखों की बिक्री के लिए जिला स्कूल में स्थान दिया गया। यहां अलग-अलग फुलझड़ियां मिल रही है, जिनकी कीमत 50 से 200 रुपये तक है। सेवन स्टार 550 रुपये, बीड़ी बम 50 रुपये पैकेटअनार, अनार 350, खिरनी 300, थ्री स्टार 250, मिनी बुलेट 450 से 500 प्रति पैकेट, हाइड्रो बम 600 रुपये में मिल रहा है।

दुकानदार उमेश कुंभकार ने कहा कि पहले मिट्टी के खिलौनों का अच्छा कारोबार होता था। गांव के साथ शहर में भी इनकी खूब बिक्री होती थी। बच्चे माता-पिता से जिद कर इन खिलौनों को खरीदते थे लेकिन अब बच्चों में मिट्टी के खिलौनों को लेकर कोई रुचि नहीं है। वह मोबाइल और प्लास्टिक के खिलौनों में व्यस्त हो गए हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले अविनाश देव, दिवाली की बधाई दी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शनिवार को राजधानी रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने राज्य के यशश्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें मिट्टी से बने दिया भेंट करते हुए दिवाली की बधाई दिया।

मुख्यमंत्री से मिलने के पश्चात अविनाश देव ने कहा की मुख्यमंत्री जी मिट्टी के दीये से बेहद प्रसन्न हुए और उन्होंने कहा की दिए सहित मिट्टी के अनेक कार्यों में संलग्न सभी लोगों के बेहतरी के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि हम सभी को भी यह प्रयास करना चाहिए की दिवाली सहित अनेक पर्वों में आस पास के कारीगरों द्वारा निर्मित वस्तु



खरीदे ताकि उनके घर भी खुशियों से भर सके। बता दें कि पलामू के धरतीपुत्र व मिट्टी के लाल अविनाश देव पूरे राज्य में मिट्टी का महक पहुंचा रहे हैं। दीपावली के इस पावन अवसर पर चाइनीज समानों का बहिष्कार करते हुए वे मिट्टी के दिए का प्रयोग करने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। साथ की कुंभकारों को भी उनके द्वारा प्रोत्साहन किया जाता रहा है। कुंभकारों की दयनीय स्थिति को लेकर वे हमेशा चिंतित भी रहते हैं। इनकी गंभीर दयनीय स्थिति की जानकारी वे सरकार को भी देते रहे हैं।

झारखंड सरकार को चाहिए कि राज्य में जितना जल्द हो मिट्टी कला आयोग कर गठन कर कुंभकारों की दयनीय स्थिति को सुधार करे।

## 135 वीं जंयती पर याद किए गए मौलाना अबुल कलाम आजाद

### * समारोह में शिक्षकों व पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** ओरमांझी के लाल बहादुर शास्त्री चौक में शनिवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद तालिमी मिशन ओरमांझी के तत्वाधान में देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, स्वत्रंत भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री,भारत रत्न से सम्मानित मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135 वीं जयंती सह राष्ट्रीय शिक्षा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी उपस्थित हुए। समारोह का उद्घाटन अतिथियों को गुलदस्ता देकर व मौलाना अबुल कलाम आजाद के चित्र पर



माल्यार्पण कर किया गया। समारोह में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष में क्षेत्र के प्रबुद्ध शिक्षकों व पत्रकारों को मेमन्टो व गुलदस्ता लेकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक राजेश कश्यप ने कहा कि गंगा जमुना तहजीब को बचाकर रखने के लिए सभी को आगे आना होगा। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने देश की आजादी में अपना अहम योगदान दिया जिसको बुलाया नहीं जा सकता है। समारोह की अध्यक्षता उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने किया।जबकी कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष तौहिद आलम ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार,अंचल अधिकारी विनीत शिवम गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा कुमारी,पूर्व उप प्रमुख मुन्तजिर अहमद रजा,शिक्षाविद शैलेंद्र मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य अमीर हम्ज़ा अंसारी, रीना मुंडा ,मास्टर अमालुद्दीन अंसारी, गोविंद लाल गुप्ता, माउंट कार्मेल स्कूल के निदेशक फादर मैथ्यू , समारोह के अध्यक्ष तोहिद आलम, संयोजक विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी, पूर्व उप मुखिया आफताब आलम, मिनहाज अख्तर अंसारी,मकबूल अंसारी ,मास्टर खुर्शीद अनवर,सतीश बड़ाईक, फिरोज अहमद,सज्जाद हैदर,रसीद अंसारी, सुधा देवी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

### दीपावली पर जरूरतमंदों के बीच दीये का किया वितरण

**रांची :** दीपावली पर समाजसेवी रूना शुक्ला ने शनिवार को रांची के कई जरूरतमंदों के बीच दीया, तेल, रूई, माचिस और मिठाई का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने नामकुम, चुटिया, कडरू, लोवाडीह आदि के लगभग 100 जरूरतमंद लोगों के बीच दीपावली की समाग्री बांटी। समाजसेवी रूना शुक्ला ने कहा कि दीपावली पर हर किसी की कुटिया रौशन हो इसके लिए यह प्रयास किया गया है। दीपावली खुशियां बांटने वाला त्योहार है। रांची के ग्रामीण क्षेत्रों में कई जरूरतमंद लोगों तक प्रत्येक वर्ष दीपावली की समाग्री पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। इसी कड़ी में शनिवार को लोगों तक दीया, रूई, माचिस, तेल और मिठाई का वितरण किया गया। यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। मौके पर अनुराग बैनर्जी, बालक मुंडा, रशेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 93 रन से हराया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : पाकिस्तान टीम की वर्ल्ड कप 2023 से हार के साथ विदाई हुई. टूर्नामेंट के 44वें मुकाबले में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 93 रन से हराया. यह पाकिस्तान की 9 मैच में 5वीं हार है. वर्ल्ड कप के 48 साल के इतिहास की बात करें, पहली बार पाकिस्तान ने एक सीजन में 5 मुकाबले गंवाए. इस तरह से कप्तान बाबर आजम ने शर्मनाक रिकॉर्ड बना दिया है. इससे पहले 1983 और 1999 में पाकिस्तान को सबसे अधिक 4-4 मैच में हार मिली थी. इंग्लैंड ने बेन स्टोक्स, जो रूट और जॉनी बेयरस्टो के अर्धशतक के दम पहले खेलते हुए 9 विकेट पर 337 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. जवाब में पाकिस्तान की टीम 43.3 ओवर में 244 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. अंतिम ओवरों में जरूर हारिस रऊफ और मोहम्मद वसीम ने चौके-छक्के जड़े. दोनों ने 10वें विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की. टीम की ओर से




सलमान आगा ने सबसे अधिक 51 रन बनाए.पाकिस्तान की टीम शुरुआत से ही लड़खड़ा गई. पहले ओवर में ओपनर बैटर अब्दुल्लाह शफीक बिना खाता खोले डेविड विली की गेंद पर आउट हुए. इसके बाद विली ने फखर जमां को भी एक रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया. 10 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने टीम को संभालने की कोशिश की.

लेकिन बाबर 38 तो रिजवान 36 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद टीम लड़खड़ा गई.इससे पहले इंग्लैंड की ओर से बने स्टोक्स (84), जॉनी बेयरस्टो (59 ) और जो रूट (60 रन) ने अर्धशतक लगाए. पाकिस्तान की तरफ से तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने 64 रन देकर 3 जबकि शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद वसीम ने 2-2 विकेट लिए. इंग्लैंड का स्कोर 40 ओवर के बाद 2 विकेट पर 240 रन था. उसने अंतिम 10 ओवर में 97 रन बनाए. रऊफ ने रिवर्स स्विंग लेती गेंद पर स्टोक्स को बोल्ड करके उन्हें शतक नहीं बनाने दिया. हालांकि रऊफ वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे अधिक रन देने वाले गेंदबाज बने. उन्होंने वर्ल्ड कप 2023 में 533 रन लुटाए.

## जहरीली शराब पीने से 19 की मौत, 7 गिरफ्तार



**एजेंसी**

**चंडीगढ :** हरियाणा में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है. जिनमें एक कांग्रेस नेता और जननायक जनता पार्टी नेता के बेटे भी शामिल हैं. इस मामले में जहरीली शराब पीने से मौतें यमुनानगर और पड़ोसी अंबाला जिले के मंडेबरी, पंजेटो का माजरा, फूसगढ़ और सारन गांवों में हुई हैं. जिसके बाद गुस्साए ग्रामीण शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.बता दें कि जहरीली शराब पीने से हुई मौतों को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है. विपक्षी दलों ने मौतों पर मनोहर लाल खट्टर सरकार की आलोचना की है. विपक्ष ने हरियाणा सरकार पर पहले की इसी तरह की घटनाओं से सबक लेने में विफल रहने का आरोप लगाया है.जहरीली शराब पीने से मरने वालों में 70 वर्षीय बुजुर्ग भी शामिल हैं. उनके बेटे रविंदर ने कहा,कल रात मेरे पिता की जहरीली शराब पीने से मौत हो गई. वह शराब के आदी थे, लेकिन आमतौर पर बहुत कम शराब पीते थे. वह अपने दोस्तों के साथ शराब पीते थे, जिनकी पहले जहरीली शराब पीने से मौत हो गई थी.पुलिस ने अब तक सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और अन्य को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है. हालाँकि, ग्रामीण अपनी जान के डर से इन शराब कारोबारियों के खिलाफ खुलकर बोलने से डरते हैं. एक ग्रामीण ने कहा,मुझे डर है अगर हमने आवाज उठाई तो हमारी जान खतरे में पड़ सकती है। अंबाला पुलिस ने एक बंद फैक्ट्री में बनी नकली शराब की 200 पेटियां जब्त कीं और गिरफ्तार संदिग्धों को यमुनानगर में आपूर्ति की गई.पुलिस ने 14 खाली ड्रम और अवैध शराब बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री भी जब्त की.पुलिस आरोपी के निर्माण समयरेखा और सहयोगियों की जांच कर रही है.मामले की जांच के लिए यमुनानगर पुलिस ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है.

## भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य रांची रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पेशरार एवं सेरेंगदाग थाना क्षेत्रान्तर्गत कई नक्सली घटनाएँ, गोलीकांड, अगजनी, अवैध लेवी वसूली एवं चोरी के कई मामलों में वांक्षित फरार भाकपा (माओवादी) के रिजनल कमांडर रविन्द्र गंझू के दस्ता का सदस्य आकाश नगेसिया उर्फ समेश्वर नगेसिया ओनेगढ़ा, टोला ईचवाटांड़, थाना पेशरार, जिला लोहरदगा को 09 नवंबर 2023 को पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारिस बिन जमॉ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी, पेशरार थाना के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। विशेष छापामारी टीम के द्वारा थाना प्रभारी, पेशरार थाना के नेतृत्व में आदेशानुसार अग्रीम कार्रवाई करते हुए राँची रेलवे स्टेशन के पास पहुँचकर भा क पा (माओवादी) नक्सली संगठन रविन्द्र गंझू के दस्ता का सदस्य आकाश नगेसिया को धर दबोचा गया। तत्पश्चात नाम पता एवं नक्सली की पहचान उपरांत साथ गये सशस्त्र बल के समक्ष विधिवत



गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार भा कपा (माओवादी) नक्सली संगठन के सदस्य आकाश नगेसिया के द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया है कि इनके एवं दस्ता के अन्य सदस्यों के द्वारा सेरेंगदाग थाना क्षेत्रान्तर्गत पुन्दाग बड़का नदी में पुल निर्माण कार्य करा रहे ठिकेदार के द्वारा लेवी का पैसा नहीं देने के कारण रविन्द्र गंझू के आदेश पर 26.03.2023 को निर्माण कार्य में लगे दो ट्रैक्टर को गाड़ी से ही डीजल निकालकर छिड़क दिया गया एवं आग के हवाले कर दिया गया था। पुनः सेरेंगदाग थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मन्हेपाट से जुड़नी तक सड़क निर्माण कार्य करा रहे मुंशी की हत्या करने की नियत से - 22.05.2023 को सेरेंगदाग थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चंडी के पास घात लगाकर गोली फायरिंग किया गया। पेशरार थाना क्षेत्रान्तर्गत 11.12.2022 को जवाखाड़ से अपने सहयोगियों के साथ मिलकर स्वाराज ट्रैक्टर को रोटावेटर सहित घर के बाहर से रात्रि में चोरी कर लिया गया था।

**गिरफ्तार व्यक्ति का नाम पता :** भाक पा (माओवादी) के रिजनल कमांडर रविन्द्र गंझू के दस्ता का सदस्य आकाश नगेसिया उर्फ समेश्वर नगेसिया गिरफ्तार।

**छापामारी दल :** पु अ नि, मो अख्तर अली, थाना प्रभारी, पेशरार थाना, सअ नि0, रामदेव कु राय, पेशरार थाना, आरक्षी / 572 रूपेश कु सिंह, पेशरार थाना, आरसी/76 राजेश उराव, पेशरार थाना, आरक्षी / 522 आत्मा प्रकाश उराँव, पेशरार थाना आदि शामिल थे।